धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, रविवार
20.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

epaper.khabarmantra.net

मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 127 | 12

SURJABASHA

हृदयाघात से दिग्गज अदाकारा तबस्सुम का निधन

## न्यूज डायरी

### 105वीं जयंती पर याद की गयीं इंदिरा गांधी



नयी दिल्ली। पूर्व पीएम मंत्री इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती पर देश ने उन्हें श्रद्धा से याद किया। सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शक्ति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। पीएम मोदी ने भी पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। साथ ही राष्ट्र के लिए रानी लक्ष्मीबाई के योगदान पर उनकी जयंती पर याद किया।

### एलओसी पर घुसपैठ की करते एक घुसपैठिया ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान लगातार आतंकियों की घुसपैठ कराने की फिराक में लगा हुआ है। इसी बीच जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी है। सेना की ओर से बिछायी सुरंगों वाले क्षेत्र में घुसने की कोशिश की और इस दौरान वह मारा गया।

### गैर भाजपा सरकारों से केंद्र का रवैया गलत : बृंदा

रांची। माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात ने कहा कि गैर भाजपा शासित प्रदेश में केंद्र सरकार अलग-अलग रवैये अपना रही है। यह देश और संविधान के लिए घातक है। स्थिति ऐसी है कि अब मंत्रियों को हटाने का आदेश तक राज्यपाल दे रहे हैं। वह शनिवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

### आदित्यपुर में धंसी जमीन दो महिलाओं की मौत

सरायकेला। आदित्यपुर थाना क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के पास विद्युत नगर रेल लाइन किनारे मिट्टी धंसने से मलबे में दब कर दो महिलाओं की मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतकों की पहचान विद्युत नगर निवासी मंजू सवैया और टुनटुन के रूप में की गयी।

### शीतकालीन सत्र 7 से पुरानी संसद भवन में

नयी दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होकर 29 तक चलेगा। इस दौरान 17 बैठकें होंगी। शीतकालीन सत्र पुराने संसद भवन में ही हो रहा है।

### राज्य में बढ़ी कनकनी पलामू सबसे सर्द रहा

रांची। झारखंड में पछुआ हवा ने ठंड बढ़ा दी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में पलामू सबसे ठंडा। वहां का तापमान 09.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं रांची का अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य से कम रहा।

### धनबाद में लगातार दूसरे दिन भी भू-धंसान

धनबाद। कोयलांचल में भू-धंसान की घटना लगातार सामने आ रही है। शनिवार को झरिया में भू-धंसान के कारण जमीन एक फुट नीचे धंस गयी। शुक्रवार को ही निरसा में भू-धंसान हुआ था।

# दिसंबर 2019 के पूर्व बने भवन होंगे नियमित

## सीएम ने दी सहमति, लोगों से मांगे जायेंगे सुझाव और फीडबैक

### अनधिकृत निर्माण के नियमितीकरण योजना 2022 का प्रारूप तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड में 31 दिसंबर, 2019 से पहले निर्मित भवन नियमित होंगे। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के शहरी क्षेत्र में किये गये अनधिकृत आवासीय निर्माण को कुछ शुल्क के साथ नियमित करने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग के द्वारा इसके लिए अनधिकृत आवासीय निर्माण को नियमितीकरण करने के लिए योजना -2022 का प्रारूप तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने योजना को दी सहमति दे दी है।

**लोगों को लाभ देने की प्रक्रिया शुरू :** शहरी क्षेत्र में किये गये अनधिकृत / विचलित निर्माण को नियमितीकरण शुल्क के माध्यम से नियमितीकरण के लिए झारखंड अधिनियम, 2011 अधिसूचित किया गया था। हालांकि बहुतायत संख्या में लोग इस अवसर का लाभ नहीं उठा सके।

पुनः राज्य सरकार द्वारा अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने के लिए योजना, 2019 अधिसूचित किया गया। विभिन्न निकायों / प्राधिकारों तथा विभिन्न संगठनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह योजना भी विभिन्न कारणों से आम जनता को रियायत पहुंचाने में विशेष कारगर नहीं हो सकी।

### एक माह तक लोग सुझाव दे सकेंगे

इस योजना को और अधिक प्रभावी और सरल बनाने के लिए लोगों से अगले एक महीने तक सुझाव और फीडबैक भी मांगे जायेंगे। लोगों की जरूरतों को देखते हुए उपरोक्त यह आवश्यक लगा कि एक बार फिर अनधिकृत निर्माण को संरचनात्मक स्थिरता एवं नियोजन मापदंड के दायरे में रखकर नियमित करने की कार्रवाई की जाये। उपरोक्त परिपेक्ष्य में झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 590 (1) एवं सह पठित धारा-434 के तहत दी गयी शक्ति का उपयोग करते हुए राज्य सरकार अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने की योजना प्रतिपादित कर रही है। योजना के तहत 31 दिसंबर, 2019 के पूर्व से निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का नियमितीकरण हो सकेगा।

### नियमितीकरण शुल्क इस प्रकार होगा

आवासीय और गैर आवासीय भवनों के लिए अलग-अलग शुल्क का निर्धारण किया गया है। नगर पंचायत स्थित आवासीय भवन के लिए 50 रुपये प्रति वर्गमीटर एवं गैर-आवासीय के लिए 75 रुपये प्रति वर्गमीटर, म्युनिसिपल काउंसिल (नगर पालिका परिषद) स्थित आवासीय भवन के लिए 75 रुपये प्रति वर्गमीटर एवं गैर-आवासीय भवन के लिए 100 रुपये प्रति वर्गमीटर तथा नगर निगम/विकास प्राधिकरण/आईएडीए/एनएसी/नगर पालिका क्षेत्र स्थित आवासीय भवन के लिए 100 रुपये प्रति वर्गमीटर एवं गैर-आवासीय के लिए 150 रुपये प्रति वर्गमीटर की राशि देय होगी।

### नियमितीकरण के लिए निर्धारित सीमा

भवन की ऊंचाई 15 मीटर तक हो सकती है, लेकिन संरचना केवल ग्राउंड +3 मंजिला (जी+3) की होनी चाहिए। 500 वर्गमीटर तक प्लॉट क्षेत्र (प्लिंथ क्षेत्र 100% तक) और 500 वर्गमीटर से अधिक का प्लाट क्षेत्र, जिसका प्लिंथ क्षेत्र 75% या 500 वर्गमीटर, जो भी कम हो, होना चाहिए।

## आठ जिलों के बालू घाट नीलाम, फिर भी संकट जारी

# कई घाटों से अब तक बालू उठाव शुरू नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्य में बालू की किल्लत अभी भी जारी है। राज्य के रियल एस्टेट सेक्टर और इससे जुड़े व्यवसायियों को अब भी पश्चिम बंगाल और ओडिशा से बालू आपूर्ति करनी पड़ रही है पर इसमें भी कई तरह की समस्याएं है। वहीं, एनजीटी की रोक हटने के बाद से अब तक राज्य में मात्र 21 बालू घाटों में ही बालू उठाव की अनुमति दी गयी है। जिन जिलों में बालू उठाव की अनुमति दी गयी है, उनमें से कुछ जिलों में बालू उठाव नहीं हो पा रहा है। इसमें गुमला और खूंटी जिला प्रमुख है, जहां एक भी खनन क्षेत्र से बीते एक माह में बालू उठाव नहीं किया गया है। बालू संवेदकों की मानें तो स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण गुमला और खूंटी से बालू उठाव संभव नहीं हो पा रहा है, जबकि राज्य सरकार की ओर अनुमति मिल गयी है। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण राज्य सरकार को भी राजस्व का नुकसान है।

**रांची के एक भी घाट से अभी उठाव की अनुमति नहीं :** राजधानी रांची में एक भी बालू घाट में बालू उठाव की अनुमति नहीं दी गयी। इसका असर निर्माण कार्य में देखने को भी मिल रहा है। सरकार की ओर से अब तक चतरा, सरायकेला-खरसावां, कोडरमा, दुमका, देवघर, हजारीबाग, खूंटी व गुमला जिले के बालू घाट नीलाम किये गये है। वहीं, इन जिलों को छोडकर शेष जिलों में अब तक बालू घाट का टेंडर नहीं किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

# नहीं रहे पूर्व मंत्री डॉ सबा अहमद

### सीएम ने जताया शोक राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। टुंडी के पूर्व विधायक और एकीकृत बिहार सरकार में मंत्री रहे झारखंड के दिग्गज राजनेता डॉ सबा अहमद का निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के एक अस्पताल में 19 नवंबर को सुबह करीब 5 बजे अंतिम सांस ली। सीएम हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक जताया और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की घोषणा की। सीएम ने ट्वीट कर कहा कि टुंडी के पूर्व विधायक और बिहार सरकार में मंत्री रहे आदरणीय डॉ सबा अहमद साहब जी के निधन की दुःखद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। डॉ अहमद टुंडी विधानसभा से तीन बार विधायक रहे। एकीकृत बिहार में वह लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी सरकार में मंत्री रहे। बिहार में उन्होंने उच्च शिक्षा और कारा मंत्री का दायित्व संभाला था। डॉ अहमद झारखंड विधानसभा के उपाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने अपने राजनीति की शुरूआत झामुमो से की थी। इसके बाद राजद और फिर झाविमो में शामिल हुए। कोरोना के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गयी थी। बाद में उनकी सेहत लगातार गिरती चली गयी। उन्हें इलाज के लिए दिल्ली के फोर्टिज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके पिता डॉ आइ अहमद गिरिडीह से कांग्रेस के सांसद रह चुके थे। सबा अहमद ने तीन बार टुंडी विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। टुंडी जैसी सीट से वो आरजेडी के टिकट पर भी चुनाव जीते थे।

## चक्रधरपुर के दो रेल चालकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

### सरायकेला में हाबड़ा-मुंबई मेल की चपेट में आ गये, जांच के आदेश

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर राजखरसावां रेलवे स्टेशन के इस्ट यार्ड में शुक्रवार की देर रात हावड़ा मेल की चपेट में आने से चक्रधरपुर के दो रेल चालकों की मौत हो गयी। घटना पर चक्रधरपुर रेल मंडल में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी के लोको पायलट दिलीप कुमार सहाना (53) व सहायक लोको पायलट मोहम्मद अफसर आलम (36) शुक्रवार रात राजखरसावां रेलवे स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ी को चेक कर रहे थे। इसी दौरान बगल लाइन से तेज रफ्तार से गुजर रही ट्रेन संख्या 12810 अप हावड़ा मुंबई मेल एक्सप्रेस की चपेट में आ गये। दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। रेलवे हादसे की जांच के आदेश दिये हैं। अधिकारी के अनुसार जल्द ही पता लगा लिया जायेगा कि बगल की पटरी से एक्सप्रेस ट्रेन के गुजरने की सूचना काम में लगे कर्मियों को समय पर क्यों नहीं मिल पायी या फिर किस स्तर पर लापरवाही हुई।

(शेष पेज 11 पर)

## नक्सलियों की मांद से मिला 120 केन बम

रांची। डीजीपी नीरज सिन्हा के निर्देश पर नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे हैं। इस अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता भी मिल रही है। शनिवार को सुरक्षा बलों ने एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर मिश्रा उर्फ सागर की मांद को ध्वस्त कर दिया है। सुरक्षाबलों ने कुल 120 केन बम समेत कई विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। हाल के दिनों में सुरक्षाबल बूढ़ा पहाड़ समेत आसपास के इलाकों में लगातार छापेमारी कर रहे हैं। हाल के दिनों में सुरक्षाबलों ने बूढ़ा पहाड़ से कई विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। 17 नवंबर को सुरक्षाबलों ने थलिया जंगल क्षेत्र से 15 किलो के तीन कुकर बम बरामद किये थे। इसके अलावा 10 बैटरी समेत अन्य सामान बरामद किये थे।

# सीएम सारथी योजना लागू, 2263 करोड़ होंगे खर्च

## संकल्प जारी, 2 लाख युवाओं को मिलेगी रोजगार के लिए निःशुल्क ट्रेनिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड में मुख्यमंत्री सारथी योजना लागू हो गयी है। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग ने इस संबंध में संकल्प जारी कर दिया है। सीएम सारथी योजना से अगले तीन वित्तीय वर्ष में पूरे राज्य में दो लाख युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें पहले वित्त वर्ष 2023-24 में 661.20, दूसरे वित्त वर्ष 764.40 करोड़ व तीसरे वित्त वर्ष 838.12 करोड़ रुपये राशि खर्च की जायेगी। तीन सालों में ट्रेनिंग इत्यादि कार्य में 2263.72 करोड़ से अधिक की राशि खर्च होगी। ट्रेनिंग वर्तमान में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम एसजेकेवीआई, डीडीयूकेके, एक्सेल, बिरासा केंद्र व प्रत्येक प्रखंड में एक प्रशिक्षण केंद्र के लिए 500 प्रशिक्षण लक्ष्य का निर्धारण किया गया है। सीएम सारथी योजना के तहत पांच योजनाएं चलेगी,जिसके संफल संचालन का जिम्मा झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी को दिया गया है।

**क्या है सीएम सारथी योजना का लक्ष्य :** इस योजना के जरिये राज्य के युवाओं को रोजगार वृद्धि के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। स्किल गैप को दूर करने के लिए ट्रेनिंग दिया जायेगा, रोजगार भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना का लाभ सभी एसटी, एससी, निःशक्त व आर्थिक रूप से कमजोर इडब्लूएस एवं अन्य कोटि को मिलेगा। इसके तहत सक्षम कोशल विकास योजना से 18-35 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं में गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। रांची, धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग और बोकारो के लिए प्रशिक्षण केंद्र का आकार न्यूनतम 10 हजार वर्ग फुट तथा शेष जिलों के लिए यह न्यूनतम 5000 वर्ग फुट का होगा। नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के तहत ट्रेनिंग दी जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

परिवार कल्याण दिवस

प्रत्येक माह की 21 तारीख को
हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
में परिवार नियोजन की सेवाएं

अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्ष्य समूह-

- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ

- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय
लिखो तरक्की का नया अध्याय

परिवार नियोजन की विधियाँ

स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी

अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर आई.यू.सी.डी 375, आई.यू.सी.डी 380 A, कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की सेवाएं

104 | 108 24x7 एम्बुलेंस सेवा

अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र या जिला अस्पताल से सम्पर्क करें।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग,
झारखण्ड सरकार

PRNO 282796 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 22-23

## बंधु तिर्की समेत छह आरोपियों को एमपी-एमएलए कोर्ट ने किया बरी

**रांची।** नए विधानसभा भवन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था। इसके खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। इस मामले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत 6 आरोपी बरी हो गए हैं। रांची एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट ने सभी आरोपियों को साक्ष्य और गवाह के अभाव में बरी कर दिया है।

जिस जगह पर आज विधानसभा का भव्य इमारत खड़ा है। उस जगह पर हल जोतकर विरोध किया गया था। उस दौरान हल्की झड़प भी हुई थी। जिसको लेकर नगड़ी थाना में बंधु तिर्की, समाजसेवी वासवी किड़ो, राहुल उरांव, मनोज उरांव, विमल महली, कृष्ण उरांव के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, RANCHI**
**(BRANCH-DISTRICT SOCIAL WELFARE)**

**VERY SHORT NOTICE INVITING OF EOI**

**Subject :- Invitation of Expression of Interest for running of rehabilitation centers Halfway Homes under DDRS (Deendayal Disabled Rehabilitation Scheme).**

District Administration, Ranchi invites Special EOIs from reputed agencies/ NGOs/ VO's for running rehabilitation centers for mentally treated patients (Halfway Homes) in Ranchi District.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | EOI No | |
| 2 | Name of Work | Running Rehabilitation Center (Halfway Homes/ Long Stay Homes) for treated mental patients in Ranchi District. |
| 3 | Last Date of Submission of EOI | 29.11.2022 (11:00 AM) |
| 4 | Date of Opening of EOI | 29.11. 2022 (12:00 PM) |
| 5 | Place of Submission/for getting Required Information | District Social Welfare Office, Ranchi Collectorate Block B, 1st Floor Room No. 113. |
| 6 | Place of Opening of EOI | Office of Deputy Development Commissioner, Ranchi Vikash Bhawan, Ranchi M: E: |

Complete EOI Document is available on official website of district www.ranchi.nic.in

District Administration, Ranchi reserves the right to have negotiation with any or all, accept or reject any or all the EOI Proposals and annul this process at any time without assigning any reason whatsoever be.

DSWO, Ranchi | Deputy Development Commissioner Ranchi | Deputy Commissioner Ranchi

PR 282766 District (22-23)_D


## मांगें पूरी नहीं होने पर शिक्षा व्यवस्था ठप करने की धमकी दी

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सीएम आवास घेरा, किया एलान

# वार्ता और मांगें पूरी नहीं होने पर 17 दिसंबर से अनिश्चितकालीन अनशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर चार सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदेश के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। संघ ने एलान किया कि वार्ता और मांगें पूरी नहीं हुईं तो 17 दिसंबर से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन किया जाएगा। सरकार की वादा खिलाफी, हिटलरशाही और अफसरों के प्रतिदिन विभागीय शोषण के खिलाफ शिक्षकों ने जमकर हमला बोला। खुलेआम चुनौती दी कि सरकार हमारी जायज मांगों पर गंभीर नहीं हुई तो आने वाले दिनों में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था ठप करा देंगे।

सीएम आवास घेराव से पहले शिक्षकों ने मोरहाबादी मैदान से रैली निकाली। कचहरी, राजभवन होते हुए सीएम आवास की ओर बढ़े। उन्हें राजभवन के पास रोक दिया गया। वहां शिक्षकों ने सभा की। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र चौबे ने कहा कि सरकार शिक्षकों के साथ भेदभाव नहीं करे।



**क्या हैं मुख्य मांगें**

अन्य राज्य कर्मियों की तर्ज पर शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ दिया जाए। छठे वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर करते हुए एन्ट्री पे स्केल का लाभ दिया जाए। अंतर जिला स्थानांतरण नियमावली को सरल और सुगम बनाया जाए और लिपिकीय और गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को पूर्णरूपेण से मुक्त किया जाए।

**सरकार द्वारा भेदभाव करने की प्रवृत्ति शिक्षकों में निराशा :** प्रदेश महासचिव राममूर्ति ठाकुर ने कहा कि सेवा शर्तों में सरकार द्वारा भेदभाव की प्रवृत्ति शिक्षकों में निराशा है। शिक्षकों से सभी विभागों का काम लिया जाता है, लेकिन जब एमएसीपी देने की बारी आती है तो शिक्षकों को अलग रखा जाता है। जब छठे वेतनमान की वेतन विसंगति दूर करनी हो, तब शिक्षकों को छोड़कर अन्य को इसका लाभ दे दिया जाता है। सभी राज्यकर्मियों का पदस्थापन सुविधा देखकर होता है, लेकिन शिक्षकों को गृह जिला में भेजने में रोक टोक हो जाता है। शिक्षकों से इतना अधिक लिपिकीय कार्य लिया जाता है कि मूल कार्य बाधित हो रहा है।

प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से अलग किये बिना क्वालिटी एजुकेशन की बात बेमानी है। हम अपनी क्षमता का 100 प्रतिशत बच्चों को देना चाहते है, लेकिन एमडीएम का हिसाब, बीएलओ कार्य, विभागीय पत्रों का जवाब समेत अन्य गैर शैक्षणिक कार्य में अधिकांश समय लग जाता है। संघ का मानना है कि सरकार जब तक शिक्षकों को दोहनमुक्त वातावरण नहीं देती, गुणात्मक शिक्षा की बात करना बेमानी है।

संघ के पूर्व अध्यक्ष सह सलाहकार परिषद के सदस्य उत्तील यादव ने कहा कि शिक्षकों को बड़े उपाधियों से नवाजा जाता है। राज्य की गठबंधन सरकार मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने में विफल रही है। सरकार का यह रवैया नहीं चलेगा। समय आने पर संघ द्वारा इसका माकूल जबाव दिया जायेगा।

**बन्ना गुप्ता पहुंचे एक हफ्ते में सीएम से वार्ता**

कार्यक्रम के दौरान ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता घेराव स्थल में आए। पांच सदस्यों प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे, महासचिव राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, सुनील ठाकुर, सुधीर दुबे को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए गए। हालांकि मुख्यमंत्री के अस्वस्थ होने के कारण मुलाकात नहीं हो सकी। मंत्री की पहल पर एक सप्ताह में वार्ता होगी। संघ ने स्पष्ट किया कि वार्ता और मांगें पूरी नहीं हुईं तो 17 दिसंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर पूरे प्रदेश के शिक्षक बैठेंगे। मौके पर मुकेश कुमार, धीरज, सुनील, सुनील भगत, अस्दुल्लाह, अनुप केशरी, संतोष, सजेश लाल, राकेश, अजय ज्ञानी, बाल्मीकि, हरेकृष्ण चौधारी, रमेश प्रसाद, दीपक दत्ता, अनिल, उपेन्द्र कुमार, अनिल सिंह, अनिल प्रसाद, संजय, अनिल खलखों, अजय सिंह, प्रभात, अवधेश साहु, गणेश, अजय साहु, सलीम सहाय, कृष्णा शर्मा, रामचन्द्र खेरवार, सुरंजन, मणि उरांव, संभु शरण शर्मा, प्रेम, संजय आदि थे।

## बच्चू यादव की ओर से ईडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल

**रांची।** पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से शनिवार को ईडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल किया गया। वहीं मामले में शनिवार को बच्चू यादव की पेशी भी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हुई। डिस्चार्ज पिटिशन में कहा गया कि उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है इसलिए उन्हें इस केस से मुक्त किया जाए। कोर्ट ने बच्चू यादव के डिस्चार्ज पिटिशन पर सुनवाई की तिथि 3 दिसंबर निर्धारित की। सुनवाई के दौरान बच्चू यादव ने कोर्ट से आग्रह किया कि मां की खराब तबीयत के मद्देनजर उसे साहिबगंज ट्रांसफर कर दिया जाए। इस आग्रह पर कोर्ट की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई। बीते शुक्रवार को बच्चू यादव की जमानत अर्जी ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी थी। इस दौरान पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश की भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। उन दोनों की भी अब अगली पेशी 3 दिसंबर को होगी।

बता दें कि बच्चू यादव को ईडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। ईडी की ओर से बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हो चुकी है। ईडी की टीम ने पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को 4 अगस्त को गिरफ्तार किया था।


**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**

—: आम सूचना :—

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास के लाभुक जिन्होंने आवेदन किया है उनके आवास का आवंटन दिनांक 21.11.2022 को पूर्वाह्न 11:00 बजे नगर पंचायत कोडरमा के सभागार कक्ष में किया जाना है। इस आवंटन प्रक्रिया में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। एवं साथ ही बैंक में जमा किए चलान एवं एक पहचान पत्र की कॉपी अपने पास रखेगें। आपके अनुपस्थित होने पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत कोडरमा

PR 282816 Urban Development(22-23).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सिमडेगा, झारखण्ड, पिन–835223**
email id-eercdsimdega-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2022–23**

अनुभवी कोटेशन दाता से नीचे वर्णित कार्यों के लिए दिनांक – 28.11.2022 को 03:00 बजे अपराह्न तक कोटेशन की माँग की जाती है। कोटेशन निम्न कार्यालय में जमा किया जा सकता है, उसी दिन संबंधित कार्यालय में 03:30 बजे अपराह्न में कोटेशन खोला जायेगा।
(क) मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।
(ख) अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची।
(ग) कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।

| क्र0 | कार्य का नाम | लम्बाई | कार्य समाप्ति की अवधि | उद्धृत दर/राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत बीरू (NH-143 पर) तमरा–शिकरियाटॉड–रामरेखाधाम (कोचेडेगा– रामरेखाधाम पथ पर) का पथ (कुल लंबाई 22.351 कि.मी.) हेतु (1) भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव तैयार करना एवं उसका जांच कार्य। (2) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव तैयार करना एवं उसका जांच कार्य। (3) सरकारी भूमि हस्तान्तरण एवं वृक्ष पातन प्रस्ताव तैयार करना एवं उसका जांच कार्य। | 22.351 कि0मी0 | 1.5 माह | |

नोट :– नियम एवं शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR 282800 (Road) 22-23 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची**

नीलामी सूचना

पत्रांक............ आर०टी०ए. रांची दिनांक..............

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिवहन विभाग के पत्रांक 140, राँची दिनांक 02.02.2021 के द्वारा विभिन्न यातायात थानाओं में जप्त ऑटो की नीलामी का आदेश प्राप्त हुआ है, उक्त अलोक में यातायात थाना गोंदा में जप्त ऑटो रिक्शा का यातायात थाना गोंदा परिसर में स्थित निम्नांकित जप्त ऑटो रिक्शा की नीलामी "जो है जहाँ है" के आधार पर दिनांक 02.12.2022, दिन शुक्रवार को 03:00 बजे अप० सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची झारखण्ड के द्वारा की जाएगी।

| क्रमांक सं० | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार | ऋण दाता कंम्पनियों के नाम | वर्तमान यांत्रिक स्थिति के आधार पर वाहन का अनुमानित न्यूनतम सुरक्षित मूल्य(रूपये में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01AE-9616 | 3 Wheeler (Passenger) | -- | 11600.00 | |
| 2 | JH01AV -6730 | 3 Wheeler (Passenger) | JH.Gramin Bank ,Bariatu,Ranchi | 11800.00 | |
| 3 | JH01AU-3436 | 3 Wheeler (Passenger) | UCO Bank ,Bariatu,Br Ranchi | 11750.00 | |
| 4 | JH01P-2722 | 3 Wheeler(Passenger) | -- | 10500.00 | |
| 5 | JH01AU-5320 | 3 Wheeler(Passenger) | Jh Gramin Bank Laigutwa Br. Ranchi | 11300.00 | |
| 6 | JH01CJ-2778 | 3 Wheeler(Passenger) | -- | 11200.00 | |
| 7 | JH01BC-8181 | 3 Wheeler(Passenger) | United Bank Of India,Hatia,Ranchi | 11200.00 | |
| 8 | JH01AW-0165 | 3 Wheeler(Passenger) | Jh.Gramin Bank, Lalgutwa Br.Ranchi | 13000.00 | |
| 9 | JH01U-2093 | 3 Wheeler(Passenger) | Bank of India,Nagri. Ranchi | 10000.00 | |
| 10 | JH01U6684 | 3 Wheeler(Passenger) | | 11250.00 | |
| 11 | JH01AS-0866 | 3 Wheeler(Passenger) | Bank of India,Ratu.Br. Ranchi | 11350.00 | |
| 12 | JH01AN-8057 | 3 Wheeler(Passenger) | Bank of India,Oramanjhi.Br.Ranchi | 11400.00 | |
| 13 | JH01CY-7539 | 3 Wheeler(Passenger) | -- | 11900.00 | |
| 14 | JH01AB5773 | 3 Wheeler(Passenger) | -- | 11200.00 | |
| 15 | JH01D-5835 | 3 Wheeler(Passenger) | -- | 11250.00 | |
| 16 | JH01BA-2038 | 3 Wheeler(Passenger) | Jh.Gramin Bank, Pundag Br.Ranchi | 11300.00 | |
| 17 | JH01Q6440 | 3 Wheeler(Passenger) | | 10500.00 | |
| 18 | JH01BB-9311 | 3 Wheeler(Passenger) | Jh.Gramin Bank, Piska More Br.Ranchi | 11200.00 | |
| 19 | JH01AN-5396 | 3 Wheeler(Passenger) | M&M Fin Ser. Ltd Ranchi | 10000.00 | |
| 20 | JH01BL-0266 | 3 Wheeler(Passenger) | Mahindra Fin. Ranchi | 11200.00 | |

नीलामी के आवश्यक शर्त निम्न प्रकार है :–
1. नीलामी का आधार' वाहन जो है जहाँ है' होगा भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा, उसी स्थिति में देय होगा। उसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकेगा।
2. प्रत्येक ऑटो रिक्शा वाहन के लिए रूपये 1000/–(एक हजार) मात्र का भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो राज्य परिवहन आयुक्त राँची, झारखण्ड के पदनाम से देय होगा। दिनांक 01.12.2022 तक कार्यालय अवधि में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, राँची ,चौथा तल्ला, रूम नं०–402, समाहरणालय, ब्लॉक–बी, राँची में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये नीलामी को स्थगित/संशोधित या रद्द कर सकते है। इसके लिए किसी प्रकार की अपील नहीं की जा सकती है।

नोट:– नीलामी के अन्य आवश्यक शर्त सूचना के वैबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द०छो०प्रा०परि० प्राधिकार, राँची

PR 282807 Transport(22-23).D


## देश का संविधान और कानून को बचाना जरूरी: वृंदा करात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीपीआइएम पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा कि गैर भाजपा शासित प्रदेश में केंद्र सरकार अलग अलग रवैये अपना रही है। स्थिति ऐसी है कि राज्यपाल अब मंत्रियों को हटाने का आदेश दे रहे हैं। ये संविधान में निहित नहीं है। देश में संविधान और कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। वे शनिवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रही थीं। वृंदा करात ने कहा कि विपक्षी पार्टी के नाम पर भाजपा राज्यों के विकास कार्यों को बाधित कर रही है। ऐसे में जरूरी है कि विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर इस पर मुखर हो।



**बैठक बुलाकर निर्णय लिया जाये :** श्रीमति करात ने कहा कि झारखंड में भी स्थिति गंभीर है। ऐसे में जो पार्टियां भाजपा की नीतियों को समर्थन नहीं देती है, वो एकजुट हों। मुख्यमंत्री को भी ऐसी बैठकों का आयोजन करना चाहिये। जिसमें विपक्षी दलों को एक पटल पर लाया जाये। ऐसी बैठकों में सिर्फ अपने बचाव पर नहीं बल्कि प्रदेश के हित में भी निर्णय लिया जाना चाहिये। केंद्र की भाजपा सरकार को भी ऐसी नीतियों पर जवाब देना चाहिये।

## स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद सहियाओं का प्रदर्शन समाप्त

# ₹18 हजार प्रति माह मानदेय और स्थायीकरण पर अड़ी हैं सहिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश सहिया संघ के बैनर तले चल रहा धरना तीसरे दिन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। बीते दो दिनों से सहिया मोरहाबादी मैदान में खुले आसमान के नीचे 18 हजार रुपये प्रति माह मानदेय करने और स्थायीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही थीं।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारी सहिया स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मानदेय में बढ़ोतरी का मामला केंद्र और राज्य से जुड़ा हुआ है। सीएम हेमंत सोरेन भी सहिया के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि बीच का रास्ता निकालने को लेकर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से सहियाओं के लिए कई बार बात हुई है।



मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द विभाग के अपर मुख्य सचिव, सहिया के प्रतिनिधि, बगोदर विधायक बिनोद सिंह, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मिलकर बैठक करेंगे। उनकी समस्याओं का हल करने का प्रयास करेंगे।

मौके पर बगोदर के पूर्व विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि सहियाओं की मांग जायज है। वे इनकी मांगों का समर्थन करते हैं।

## ज्यूडिशियल एकेडमी में सेमिनार का आयोजन

# अदालतों को बनना होगा चाइल्ड फ्रेंडली : न्यायाधीश अपरेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धुर्वा स्थित ज्यूडिशियल एकेडमी में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें यौन अपराध से बच्चों की हिफाजत और कानूनी प्रावधानों के तहत आरोपियों को सजा दिलाने के उद्देश्य से पोस्को अधिनियम की जानकारी दी गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस अपरेश सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सजग होकर काम करने का निर्देश दिया ताकि पोक्सो अधिनियम बेहतर तरीके से लागू हो सके। इस अधिनियम से बच्चों को इंसाफ मिल सके।



**अपराध में बच्चों का बढ़ना चिंता का विषय :** जस्टिस अपरेश सिंह ने कहा कि बच्चे अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं जो चिंता का विषय है। जिलों में काउंसलर की नियुक्ति की जरूरत पर भी बल दिया। अपरेश सिंह ने चतरा के कोर्ट को मॉडल कोर्ट बताया। उन्होंने कहा अदालतों को चाइल्ड फ्रेंडली होने की भी जरूरत है ताकि बगैर हिचक के पीड़ित बच्चे अपनी बात को रख सकें।

## सीएम हेमंत सोरेन को मिला विधानसभा स्थापना दिवस समारोह का आमंत्रण पत्र



**रांची।** झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीएम हाउस में मुलाकात की। सचिव ने मुख्यमंत्री को 22 नवंबर को आयोजित विधानसभा स्थापना दिवस समारोह और 23 नवंबर को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## सबा अहमद के निधन पर राजद नेताओं ने जताया शोक, कहा- बड़ी राजनीतिक क्षति

रांची। टुंडी के पूर्व विधायक सबा अहमद के निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है। राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि उनका निधन राजनीतिक क्षति है। वहीं राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि संयुक्त बिहार के समय हमारी पार्टी में मंत्री थे। एक सच्चे और मिलनसार प्रवृत्ति के धनी का चला जाना समाज के लिए बड़ी क्षति है। राजद के पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, लक्ष्मण यादव, डॉ मुतुर्जा खान, घनश्याम चौधरी, अजय चंद्रवंशी, हरदेव साहू, पिंकी यादव सहित अन्य नेताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–26/2022–23 (PR 282222 District (22-23)_D के सहपठित ज्ञापांक 1650 दिनांक 11.11.2022 द्वारा निकाले गये निविदा के क्रम संख्या– 3 एवं 5 की योजना को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 282803 District(22-23)D



**Office of the Deputy Commissioner-cum District Magistrate, Ramgarh**
(District Planning)

**CORRIGENDUM**

Tender Notice No : 05/2022 Date:14-11-2022

Vide this office Letter no. 411 dated 14-11-2022 the publication of the tender for the **"Supply and installation of 250 KVA, 3 phase, silent Genset machine."** (Advertisement PR No – 282292) The following changes are being made as per the requirment. Pointer of change is given below:-

1. Note in The point number 5 mentioned in Information and details of bid i.e."Companies registered under Jharkhand MSME for said work will be exempted for EMD." being changed to "Companies registered under MSME for said work will be exempted for EMD." hereafter.

Rest will be same.

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
रामगढ़।

PR 282826 District(22-23)D


## गठबंधन सरकार ने दोहरी नीति अपनायी

# वर्तमान सरकार द्वारा झारखंडी जनता का राजनीतिक शिकार किया जा रहा : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वर्तमान सरकार झारखंडी जनता का राजनीतिक शिकार कर रही है। इन्होंने झारखंड आंदोलन को लटकाने और भटकाने का काम किया और अब खतियान तथा आरक्षण जैसे गंभीर एवं संवेदनशील विषय को भी लटका दिया है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान कही। सीएम ने स्थानीय नीति तथा आरक्षण के विषय पर अलग-अलग बयान दिए और जब इनके राजनीतिक अस्तित्व पर संकट आया, तो इन्होंने अपने बयानों से यू टर्न ले लिया और अब ये अपनी राजनीतिक शहादत का मौका ढूंढ रहे, ताकि उसका सहारा लेकर अपनी नाकामियों को छिपा सकें।



पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति तथा आरक्षण के विषय पर हम शुरू से मुखर रहे हैं। पिछड़ा आरक्षण के विषय पर हम सुप्रीम कोर्ट भी गए, लेकिन सरकार से सुप्रीम कोर्ट का अभी अवमानना करते हुए नगर निकाय चुनाव में भी पिछड़ों की हकमारी की। आज अपने राज्य में कानून का राज नहीं, बल्कि अपराधियों का राज है। भ्रष्टाचार चरम पर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती देने के बजाए वैधानिक कार्यवाही का सामना करना चाहिए।

बैठक में रामचंद्र सहिस, डॉ. लंबोदर महतो, रोशनलाल चौधरी, राजेंद्र मेहता, हसन अंसारी, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, डॉ. देवशरण भगत, माधव चंद्र महतो, गोपीनाथ सिंह, अजय सिंह, सतीश कुमार, मनोज चंद्रा एवं हरेलाल महतो, वर्षा गाड़ी सहित केंद्रीय समिति के सभी सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, प्रमुख आदि थे।

# माओवादियों द्वारा मारे गये जेएमएम नेता और पूर्व नक्सली के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

**पलामू डीसी को दोनों मृतक व्यक्तियों के परिजनों को एक-एक लाख रूपये मुआवजा देने का निर्देश**

## गृह विभाग ने जारी किया आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** माओवादियों द्वारा मारे गये जेएमएम नेता और पूर्व नक्सली के परिजनों को गृह विभाग ने मुआवजा देने का आदेश दिया है। पलामू जिले में 19 अक्टूबर 2014 को पूर्व नक्सली विश्वनाथ सिंह और 23 नवंबर 2019 को जेएमएम नेता मोहन गुप्ता की भाकपा माओवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद सरकार के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने पलामू डीसी को दोनों मृतक व्यक्तियों के परिजनों को एक-एक लाख रूपया मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

# कांटाटोली फ्लाइओवर : नयी ट्रैफिक व्यवस्था लागू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांटाटोली फ्लाइओवर निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने ट्रैफिक गतिविधियों में बदलाव कर दिया है। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से अब सुजाता चौक से सिरम टोली- बहु बाजार चौक होते हुए कांटाटोली चौक की ओर जाने वाले वाहनों को अब बहुबाजार के पास डायवर्ट किया जायेगा।



बता दें कि जिला प्रशासन ने नयी ट्रैफिक व्यवस्था शनिवार यानी 19 नवंबर से ही लागू की है। सभी वाहनों को कर्बला चौक जाने वाले रास्ते से मोड़ा जा रहा है। वाहनों का परिचालन संत पॉल स्कूल के सामने से बसर टोली होते हुए बिशप स्कूल के रास्ते कांटा टोली पहुंचाया जा रहा है। उधर कचहरी से कांटाटोली होते हुए सुजाता चौक आने वाले वाहनों को पूर्व के मार्ग से ही आने की अनुमति दी गयी है। ई-रिक्शा और सवारी ऑटो पूर्व की तरह बहु बाजार से कर्बला चौक होते हुए न्यूक्लियस मॉल के निकट से गुजरते हुए सर्कुलर रोड होकर कचहरी तक पहुंचेंगे।

## रांची की सभी धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं को किया गया आमंत्रित

# हरमू मैदान में सात दिवसीय श्री राम कथा 15 जनवरी से : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के हरमू मैदान में 15-21 जनवरी 2023 तक श्री राम कथा सेवा समिति रांची के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी सांसद संजय सेठ ने शनिवार को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा में श्री राजन जी महाराज श्री राम कथा का व्यासपीठ से अपनी मधुर वाणी में श्रोताओं को अमृत पान करायेंगे। कथा वाचक राजन जी महाराज सात दिनों तक राज्य के सभी धर्म



प्रेमियों को श्री राम कथा का आनंद प्राप्त होगा। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग कथा में लिया जाएगा।

बताया कि जल्द ही कथा के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को लेकर अबतक 100 से भी ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं। श्री सेठ ने बताया कि 15 जनवरी से 21 जनवरी तक चलने वाले कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से 6:00 तक रहेगा।श्री रामकथा आयोजन के लिए 50,000 स्क्वायर फीट का कथा स्थल में वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनाया जाएगा। जिसमें 5000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। पंडाल के अंदर जहां जमीन पर गद्दे चादर की उपलब्धता होगी। वहीं वृद्ध बुजुर्गों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था होगी। समिति द्वारा पंडाल के बाहर पेयजल की व्यवस्था, चरण पादुका रखने की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था तथा प्रतिदिन प्रसाद वितरण की व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेगा। इस क्रम में सांसद श्री सेठ ने कहा कि कथा स्थल में आने वाले श्रद्धालुओं के चरण पादुका की सेवा में वे स्वयं अपनी सेवा उपलब्ध कराएंगे।

मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर नेमी चंद्र अग्रवाल, किशोर मंत्री, शैलेश अग्रवाल, रोहित पोद्दार, प्रवीण मोदी, मुकेश अग्रवाल, गुड्डू गोयनका, लड्डू अग्रवाल, कमल सिंघानिया, प्रवीण छाबड़ा, विनय अग्रवाल काफी संख्या में लोग लगे हुए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित लोगों में मनीष साहू, प्रकाश धेलिया, श्रवण अग्रवाल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, बसंत गौतम , मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, सुरेश चंद अग्रवाल, संजय सर्राफ, उमेश कंदर, शशांक भारद्वाज, नेमीचंद अग्रवाल आदि शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### अंजुमन प्लाजा में आशीर्वाद डेंटल क्लीनिक खुला



**रांची।** राजधानी रांची के अंजुमन प्लाजा मार्केट में शनिवार को आशीर्वाद डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन इमारत शरिया के मुफ़्ती अबू दाऊद ने किया। क्लीनिक के डॉक्टर आदिल हुसैन ने बताया कि दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के इलाज किये जाएंगे। आधुनिक तरीके से आरसीटी, टीथ क्राउन, टीथ ब्रिज, डेंटचर, एक्सरे, फिलिंग, स्केलिंग व ऑर्थो ट्रीटमेंट किये जाते हैं। डॉ आदिल ने बताया कि उनके क्लीनिक में प्रति माह एक दिवसीय नि :शुल्क चेकअप कैंप लगाया जायेगा। मौके पर सैयद नेहाल अहमद, एजाज गद्दी, हाजी फिरोज जिलानी, नदीम इकबाल, इमरान हसन बाबू, अतीकुर्रहमान, जमील अख्तर, अफसर आलम, मोहम्मद इस्लाम, रवि कुमार, ए अली, मो अरबाज, मो जफर, मो मंजूर, मो शाहबाज, मो अनस, जबीउल्लाह, नदीम खान, शम्श कमर लड्डन, शाबान अंसारी, ओमप्रकाश बोरा, मो सलीम, कारी इम्तियाज आदि थे।

### रामदुलार बने रांची जिला फ्लावर संघ के अध्यक्ष




**रांची।** रांची जिला फ्लावर एसोसिएशन गठन शनिवार को किया गया। नयी कमेटी में सर्वसम्मति से रामदुलार को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष निशांत कुमार (बबलू सैनी) को चुना गया। इनके अलावा मनोज मालाकार को सचिव, सुदेश मालाकार को उपसचिव, विनोद भगत को कोषाध्यक्ष और पंकज मालाकार उप कोषाध्यक्ष एवं विश्वजीत मंडल का चुना गया है। सभी अधिकारियों का चयन कार्यकारिणी के 25 सदस्यों ने मिलकर किया है। इससे पूर्व आयोजित बैठक में फूल व्यवसायियों ने कहा कि फूल व्यापारियों को एकजुट रहने की जरूरत है। बैठक में राजा वर्मा और माखन दास समेत जिले के सभी फूल के थोक और खुदरा व्यापारी उपस्थित थे।

### प्रोफेशनल कांग्रेस ने मनायी इंदिरा गांधी जयंती



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर शनिवार को झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने चुटिया स्थित इन्दिरा गांधी चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आदित्य विक्रम जायसवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी को नमन करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इंदिरा गांधी को नारी शक्ति व नारी नेतृत्व के रूप में जानती है। कार्यक्रम में कृष्णा सहाय, अध्यक्ष संजीव महतो, अनिल सिंह, गोपाल पांडे, आसिफ जियाउल, मनोज राम, राजेश नायक, अरुण सिंह, मनोज गुप्ता, संदीप बैठा, संदीप सुवर्णो, विजय तिरथी, गोपी अग्रवाल, रामजी शर्मा, विजय बड़क, अरविंद मुंडा, सुजीत मुंडा, गणेश घोष आदि मौजूद रहे।

### डॉ शेरान की जोड़ी का सामना मो मिमशाद से



**रांची।** जीईएल चर्च काम्प्लेक्स में मौलाना आजाद कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मैच में डॉ शेरान अली और परवेज आलम की जोड़ी का समाना मो . मिमशाद खान और मो शरफुद्दीन की जोड़ी से होगा। आज रविवार सुबह सात बजे से फाइनल मुकाबला होगा। यह जानकारी मॉर्निंग ग्रुप मीडिया प्रभारी नेहाल अहमद ने दी।

# झारखंड पार्टी में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण, निकाय चुनाव में प्रत्याशी उतारेगी पार्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यालय हरमू में शनिवार को महिला नेत्री सदस्यता समारोह सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार, प्रधान महासचिव अशोक भगत, वरिष्ठ नेत्री वायलेट कच्छप, खूंटी, लोहरदगा, गुमला की सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं के राजनीतिक परिवेश, सामाजिक मुद्दे, घरेलू समस्या से संबंधित विचारों पर खुल कर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने अपनी परेशानी पार्टी नेतृत्व के सामने रखी।

**महिलाओं को आगे बढ़ाएगी झारखंड पार्टी** : झारखंड पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि आज हर पार्टी में महिलाओं के साथ भेदभाव का भाव है। कार्यकर्ता हो या नेता, उन्हें न तो सही मंच मिलता है और न ही उन्हें खुलकर जीने की आजादी है। ऐसे में झारखंड पार्टी अपनी पार्टी में 50 प्रतिशत महिलाओं को जगह देने का संकल्प लिया है। महिलाओं को आजीविका के साधन के साथ -साथ राजनीति में भी मुखर होकर बोलने की स्वतंत्रता होगी। झारखण्ड पार्टी की सोच बड़ी है। इसी सोच को लेकर झारखंड पार्टी एक बार फिर से राज्य में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में तत्पर है।

प्रधान महासचिव अशोक भगत ने कहा कि झारखंड पार्टी आने वाले निकाय चुनाव में अपने प्रत्याशी को मैदान में उतारेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी महिलाओं को सुदृढ़ करना चाहती है। भगत ने कहा कि बाल-बच्चे को शिक्षित करना है तो महिलाओं को राजनीति में आना होगा। राज्य की खुशहाली राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव से ही संभव हो सकता है।

समारोह में उमेश कुमार पाण्डेय, राजकुमार कच्छप, जिला अध्यक्ष रांची पवन तिग्गा, जिला अध्यक्ष लोहरदगा संजय राम, ब्रजकुमार राम, प्रेम सहाय, पुष्पा लिंडा, कीर्ति सिंह, जहाना परवीन, रेशमा रानी, सुधा भगत समेत कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### कुबेर सिंह बनाये गये पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता

झापा के केंद्रीय कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष की उपस्थिति में कुबेर सिंह को केंद्रीय प्रवक्ता, अंशु लकड़ा को केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य तथा रांची जिला का महिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वायलेट कच्छप को केंद्रीय सचिव सह प्रभारी महिला मोर्चा मनोनीत किया गया है। सशीन उराँव, मैना उरांव (लोहरदगा) को केंद्रीय समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। नसीम मिरदाहा को लोहरदगा अल्पसंख्यक मोर्चा बनाया गया है।

### कांग्रेस ने इंदिरा गांधी एवं सीताराम केशरी की जयंती मनायी

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी एवं स्व. सीताराम केशरी की जयंती मनाई। कांग्रेसजनों ने दोनों की चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जंयती सभा में वक्ताओं ने कहा कि पूरी दुनिया श्रीमती गांधी को नारी शक्ति व नारी नेतृत्व के रूप में जानती है। सर्वधर्म, समभाव और धर्मनिरपेक्षता की जड़ों को मजबूत करने वाली नेत्री ने सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में कांग्रेस के योगदान को देश की जनता के सामने अनुकरणीय बना दिया था। वक्ताओं ने कहा कि स्व. श्रीमती गांधी का चार मूल मंत्र दूर दृष्टि, पक्का इरादा, कड़ी मेहनत, अनुशासन आज भी उतने ही प्रासांगिक है। कार्यक्रम में जय प्रकाश गुप्ता, अरूण श्रीवास्तव, राकेश सिन्हा, ईश्वर आनंद, विनय सिन्हा दीपू, नेली नाथन, केदार पासवान, भानू प्रताप बड़ाईक, सुरेन राम, सलीम खान, जगदीश साहु, नरेन्द्र लाल गोपी, छोटू सिंह, विकास सिंह, विनय भारती बल्कू, प्रो राजीव नारायण प्रसाद, सुबोध गुप्ता, कृष्णा राम, जगरनाथ साहु, फिरोज रिज्वी मुन्ना, सेविजयर खेस्स, राजीव प्रकाश चौधरी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, आनंद जालान, रोहन जायसवाल आदि थे।

# महिला सब इंस्पेक्टर संध्या हत्या मामले में चार आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** तुपुदाना थाना क्षेत्र के हुलहुंडू के पास बीते 20 जुलाई की सुबह 3 बजे वाहन चेकिंग के दौरान पशु लदा पिकअप वैन एसआई संध्या टोपनो को कुचल दिया था। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई थी। इस मामले में रांची पुलिस ने चार आरोपियों पर चार्जशीट दायर किया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि पशु तस्करों ने अपने वाहन को रोकने वालों को कुचलने की बात पहले से तय कर ली थी। जब महिला सब इंस्पेक्टर ने तुपुदाना के हुलहुंडू के पास वाहन चेकिंग के दौरान मवेशी लदे पिकअप वैन को रूकने का इशारा किया तो तस्करों ने जान-बूझकर पिकअप से कुचल दिया।

**इनके ऊपर चार्जशीट किया गया दायर :** महिला सब इंस्पेक्टर हत्या मामले में रांची पुलिस ने जिन 4 लोगों के ऊपर 4 सीट दायर किया है उसमें पशु तस्कर निजार खान, मो. साजिद, मो. शाहीद और तौहीद शामिल हैं। इस मामले में ओड़िशा के एक पशु तस्कर को भी एफआईआर में आरोपी बनाया गया है। एफआईआर में यह लिखा गया है कि ओड़िशा से ही मवेशी पिकअप वैन में भरकर रांची लाये जा रहे थे, इसका खुलासा गिरफ्तार चारों आरोपियों ने भी किया है।



### क्या है मामला

जिले के तुपुदाना थाना क्षेत्र के हुलहुंडू के पास बीते 20 जुलाई की सुबह तीन बजे वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप वैन एसआई संध्या टोपनो को कुचल दिया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि पशु से लदा एक पिकअप वैन उनके इलाके से निकलेगा। पशु से भरे वाहन को तस्कर सिमडेगा से लेकर निकला है। सिमडेगा पुलिस ने पीछा किया पर वो भाग निकलने में कामयाब रहे। इसके बाद गुमला और खूंटी पुलिस को भी चकमा देते हुए रांची पहुंचा। उस दौरान सब इंस्पेक्टर संध्या ही रात्रि ड्यूटी में तैनात थीं। उन्होंने जानकारी मिलते ही वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया लेकिन इसी दौरान पशु तस्करों ने उनके ऊपर ही गाड़ी को चढ़ा दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# रिम्स में पेइंग वार्ड के लिए 50 स्पेशलिस्ट डॉक्टर जल्द

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में पेइंग वार्ड के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की बहाली की जा रही है। दिसबंर से पेइंग वार्ड में 50 स्पेशलिस्ट डॉक्टर होंगे, जो कॉल करते ही मरीजों के पास हाजिर होंगे। इससे मरीजों का तत्काल इलाज हो सकेगा।

**हर रूम में है फाइव स्टार फैसिलिटी** : रिम्स के सुपर स्पेशियलिटी कैंपस में 100 बेड का पेइंग वार्ड बनाया गया है, जहां हर कमरे में बेहतर फैसिलिटी उपलब्ध कराई गई है। रूम में बेड, एसी, टीवी, फ्रीज, सोफा और गीजर भी हैं। इन सुविधाओं के लिए एक दिन का चार्ज एक हजार रुपये तय है। हर फ्लोर पर 24 घंटे डॉक्टर और नर्स की एक टीम रहेगी, जो जरूरत पड़ने पर मरीज की मानिटरिंग और इलाज भी करेंगे।

**क्रिटिकल मरीजों को भी मिलेगी सुविधा** : हॉस्पिटल में पहले केवल स्टेबल मरीजों को ही पेइंग वार्ड दिया जाता था। वहीं क्रिटिकल मरीजों को वार्ड में रखा जाता था। अब डॉक्टरों के आने के बाद उम्मीद है कि क्रिटिकल मरीजों को भी पेइंग वार्ड की सुविधा मिलेगी। चूंकि हर फ्लोर पर डॉक्टरों की टीम रहेगी, जहां 24 घंटे मॉनिटरिंग की सुविधा होगी।

**इनडोर पर कम होगा वर्क लोड :** जेनरल वार्ड में मरीजों को बेड भी नहीं मिल पाता है। मरीजों को पेइंग वार्ड लेने का ऑप्शन मिलेगा तो वार्ड पर भी कुछ लोड कम होगा।

### जीवन को सुंदर-सुलभ बनाने में कानूनी ज्ञान अहम : राजेश कुमार

**रांची।** वाईएमसीए के तत्वावधान में शनिवार को एक दिवसीय मुफ्त कानूनी सहायता संगोष्ठी की गयी। वाईएमसीए के महासचिव चोन्हास कुजूर ने वाईएमसीए के कार्यों और गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानूनी जानकारी ना होने के कारण युवा शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। वाईएमसीए के अध्यक्ष स्वरूप सिंह जी ने कहा कि समाज के निजी जीवन को सुलभ बनाने के लिए कानून की जानकारी अहम भूमिका निभाती है। विशेष अतिथि भावना कुमार ने कहा कि हमारे देश में सभी लोगों को कानूनी सलाह व सहायता लेने की आजादी है। उन्होंने झारखंड राज्य विधि आयोग तथा जिला विधिक आयोग सेवा प्राधिकरण के बारे में भी बताया।

# कांके प्रखंड कांग्रेस ने पार्षद के चुनाव को लेकर बनायी रणनीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांके रोड शहरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड कांग्रेस की मजबूती और आगामी रांची नगर निगम चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को जिताने पर चर्चा की गई। बैठक में मौजूद पूर्व महापौर सह कांग्रेस नेता अजय नाथ शहदेव ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा और कांग्रेस के समर्पित उम्मीदवार को जिताने की पूरी कोशिश की जाएगी।



महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अख्तर अली ने कहा कि कांके रोड रांची की शान है। इसके अगल-बगल में स्थित आदिवासी मोहल्ला, अल्पसंख्यक मोहल्ला, दलित मोहल्ला आज भी विकास से कोसों दूर है। यहां का पार्षद या विधायक सांसद कभी इनके विकास पर ध्यान नहीं दिया। इस स्थिति में हर एक कांग्रेसी को मजबूती के साथ एकजुट होकर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को पार्षद चुनाव जिताना होगा ताकि भेदभाव रहित विकास हो सके।

अनिल उरांव ने कहा कि कांके रोड प्रखंड के अंतर्गत आने वाले एक नंबर दो नंबर वार्ड से इस बार कांग्रेस के महिला उम्मीदवार संगीता कच्छप और सुमित्रा उरांव को चुनाव में उतार कर जीताना है और वार्ड को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। निरंजन पासवान ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हर बूथ से 10 पुरुष और 5 महिलाओं को जोड़ना है। कार्यक्रम में अर्चना मिर्धा, फहीम खान, वेद प्रकाश, आनंद जालान, संगीता तिर्की, सूरज मुंडा, कृष्णा उरांव थे।

# संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा...

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** किसी भी तरह की समस्या से ग्रस्त हैं तो बस सच्चे व पवित्र मन से प्रभु हनुमान का ध्यान करें। यकीन मानिये आपके सारे कष्ट दूर हो जायेंगे। कहा भी गया है - संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा...। अगर निरंतर किसी परेशानी से गुजर रहे हैं, तो आज से ही हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दें, विश्वास करें अति शीघ्र आपके सारे कष्टों का निवारण हो जाएगा। श्री बालाजी धाम बर्णपुर के श्री संतोष भाई ने अखंड सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ के सातवें दिन अपने प्रवजन में कही।

शनिवार को उन्होंने हनुमान चालीसा की इस चौपाई का भावार्थ समझाते हुए कहा कि सच्चे हृदय से हनुमान चालीसा पढ़ने से हमें किसी प्रकार का भय नहीं सता सकता। कहा कि हनुमान चालीसा में कोई मंत्र नहीं है, इसकी चौपाइयों में ही लोगों की समस्याओं का समाधान है। अगर आप रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, तो आपको स्वतः नयी उर्जा की अनुभूति होगी । डर लगने पर इंसान हनुमान चालीस पढ़कर निडर हो जाता है। शास्त्रों के अनुसार अगर आप किसी रोग का निदान चाहते हैं, तो आपको हनुमान चालीसा की चौपाई का पाठ करना चाहिए। इसके पाठ से नकरात्मक शक्तियां दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। जो इंसान हनुमान चालीसा का पाठ नियमित करता है, उसके परम धाम जाने का मार्ग प्रशस्त होने के साथ साथ सरल हो जाता है।



श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम रांची शाखा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में जारी अखंड सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ के सातवे दिन संतोष भाई के सानिध्य में पंडित दिलीप शास्त्री और बनारस से आए पंडितों रमेश त्रिपाठी, पवन मिश्रा, सुजीत झा, उमाशंकर पांडेय और विष्णु शर्मा ने बालाजी के दरबार में विधिविधान के साथ देवी देवताओं का आह्वाण कर आरती उतारी और पाठ किया।

इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी बिनोद पांडेय ने बताया कि आज सुबह का सवामनी मनोज अग्रवाल, राजकुमार मित्तल, विमल अग्रवाल, संतोष भैया,तरुण गोयल व सुदेश केडिया के सौजन्य से रहा। जबकि सुबह का भंडारा सुरेश अग्रवाल, कमल मोर और ओ पी तुलस्यान की ओर से रहा। शाम का भंडारा आनंद जैन, अरविंद मंगल, अरविंद अग्रवाल, जेपी सिंघानिया, आलोक अग्रवाल के सौजन्य से रहा। सुबह की आरती मनोज - शिखा अग्रवाल तथा अरविंद - सुमन मंगल परिवार की ओर से तथा शाम की आरती पवन - संगीता अग्रवाल तथा वेद प्रकाश - उषा अग्रवाल की ओर से रहा। शनिवार के सुंदरकांड का पाठ श्रीमती रेखा पारीक ( चिड़ावा, राजस्थान) के द्वारा किया गया। इस सुंदरकांड पाठ के जजमान ललित -बेला केजरीवाल रहे।

# निर्मला कन्वेंट में क्राफ्ट एंड साइंस प्रदर्शनी का आयोजन, दिखा हवाई अड्डा का प्रारूप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू रांची में क्राफ्ट एंड साइंस एग्जीबिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एग्जीबिशन में विद्यार्थियों ने प्रतिभा को कलाकृति के माध्यम से व्यक्त किया। इसमें वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर प्यूरीफाइंग, हाइड्रोलिक ब्रिज, ऊर्जा के लिए सोलर सिस्टम का अधिकाधिक उपयोग, डार्क हाउस के माध्यम से ग्रहों एवं नक्षत्रों की स्थिति एवं कार्य, रांची के व्यस्ततम क्षेत्र को जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था, हवाई अड्डा का प्रारूप इत्यादि का प्रदर्शन सह डेमोंस्ट्रेशन किया।



मौके पर मुख्य अतिथि अजय राय ने ज्ञान को भाषा के बंधन से मुक्त कर ज्ञान प्रसार करने को कहा एवं बच्चों से कहा कि वे अपने पाठ्यक्रम को दैनिक जीवन के घटनाओं से जोड़कर अध्यन करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को तनाव मुक्त वातावरण देने का प्रयास करें।

विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कहा छात्रों को चाहिए कि एक निश्चित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए खुद को समर्पित कर दें।

प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय के बच्चों को प्रतिभा की प्रस्तुती के लिए उन्हें मौका दिया जाना चाहिए।

प्रदर्शनी के बाद साइंस एग्जीबिशन में आर्यन एवं ग्रुप को प्रथम स्थान, माइक्रोस्कोप मॉडल के लिए शिखा कुमारी तथा उनके ग्रुप को द्वितीय एवं हाई वोल्टेज जनरेटर के नवीनतम मॉडल के लिए अमन मुंडा एंड ग्रुप को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। आर्ट एंड क्राफ्ट में प्री नर्सरी एवं केजी क्लास के द्वारा बेहतर प्रदर्शन में विद्यार्थी सराहना के पात्र रहे।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : डॉ अजीत

## आरयू मास कॉम के समन्वयक डॉ डीके सहाय को वीसी ने दी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के समन्वयक डॉ डीके सहाय की सेवानिवृति के बाद रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने भावभीनी विदाई दी। डॉ सहाय रांची विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक रहे हैं। यह विदाई कार्यक्रम मास कॉम के सभागार में आयोजित किया गया। डॉ. सहाय ने मास कॉम विभाग में दस वर्षों तक समन्वयक के रूप में अपना सफल कार्यकाल पूरा किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ सिन्हा ने डॉ. सहाय को शॉल ओढा कर सम्मानित किया और कहा कि शिक्षक तो कभी सेवानिवृत होता ही नहीं। डॉ सहाय के विद्वता की हम और हमारा विश्वविद्यालय सदैव सेवा लेते रहेगा। कुलपति ने डॉ. सहाय एवं उनकी पत्नी अलका रानी को सदैव स्वस्थ्य और रचनात्मक रहने की शुभकामनायें दी।

**शिक्षाविद् के लिये रिटायरमेंट शब्द सही है ही नहीं :** मास कॉम के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा ने कहा कि शिक्षाविद् के लिये रिटायरमेंट शब्द सही है ही नहीं। आस्ट्रेलिया जैसे देशों में शिक्षक आजीवन पढाते हैं। उन्होंने डॉ सहाय को निश्छता और जिम्मेवारी से अपने पूरे कार्यकाल को पूरा करने के लिये बधाईयां दीं और कहा कि हमें आप के साथ की सदैव आवश्यकता होगी। डॉ सहाय ने कहा कि मैं रांची विश्वविद्यालय का ही छात्र रहा हूं और यह मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे अपने विश?वविद्यालय में ही अध्यापन का अवसर भी मिला। उन्होंने भावुक होते हुये कहा कि मेरे लिये 51 वर्षो तक रांची विश्वविद्यालय में सेवा देना जीवन का सबसे सुखद अनुभव रहा और मैं पिछले दस वर्षों से मास कॉम विभाग में हूं और



यहां के सभी शिक्षकों कर्मियों से मिले सहयोग को कभी भुला नहीं पाउंगा। इस अवसर पर कुलसचिव डा एमसी मेहता, मास कॉम के उपनिदेशक डॉ वीसी महतो, डीन डॉ गौरी शंकर झा, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, मास कॉम विभाग के शिक्षक संतोष उरांव, संकर्षण परिपूर्णन, मनोज कुमार शर्मा, डॉ. आरती शर्मा, असीम बेरा विभागीय कर्मियों पीएस तिवारी, सुशील रंजन, डहरू टोप्पो समेत सभी सत्रों के छात्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रमका संचालन संकर्षण परिपूर्णन ने और धन्यवाद ज्ञापन संतोष उरांव ने किया।

## इक्फाई विवि में 11 वां एनजे यास्स्वी स्मृति समारोह आयोजित

**रांची।** इक्फाई समूह के संस्थापक स्वर्गीय एन जे यास्स्वी के सम्मान में एक स्मारक समारोह इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड परिसर में आयोजित किया गया। राम कृष्ण मिशन आश्रम रांची के स्वामी अंतरानंद इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे और उन्होंने दृढ़ संकल्प के माध्यम से लक्ष्यों तक पहुंचना पर स्मारक व्याख्यान दिया। इससे पहले, विश्वविद्यालय के कई छात्रों और संकाय सदस्यों ने रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान किया। दृढ़ संकल्प के माध्यम से लक्ष्यों तक पहुंचना विषय पर छात्रों के बीच वाद-विवाद का आयोजन किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए स्वामी अंतरानन्द ने कहा कि अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, आपको एक दृढ़ संकल्प और ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। एक व्यक्ति तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि वह आसपास के समाज से निकटता से जुड़ा न हो और दूसरों के लिए सेवा की भावना पैदा न करे। अपने दैनिक जीवन में मूल्यों का प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों को मान्यता पुरस्कार दिए गए। प्रो ओआरएस राव ने कहा कि स्वर्गीय एन जे यास्स्वी मूल्यों के व्यक्ति थे और उन्होंने योग्यता और नैतिकता की नींव पर इक्फाई संस्थानों के समूह का निर्माण किया। उन्हीं आदर्शों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय अपने छात्रों को मूल्यों के साथ सफल पेशेवरों के रूप में तैयार करने के हमारे मिशन पर केंद्रित है। प्रो राव ने छात्रों को अपने विचारों, शब्दों और कार्यों को देखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### आरक्षण रोस्टर को किया रहा है दरकिनार : लकड़ा

**रांची।** निर्वाचन आयोग द्वारा रांची नगर निगम चुनाव में अधिसूचना जारी होते ही विभिन्न सामाजिक संगठन एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा विरोध दर्ज किया गया। रांची में अनुसूचित जनजाति पद के लिए आरक्षित था लेकिन अबकी चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए अधिसूचित किया गया। किन कारणों से एवं किस अधिकारी के आदेश पर हुआ यह भी संशय का विषय बना हुआ है। इसके अलावा अन्य 9 स्थानों के निगम चुनाव में भी इस तरह का त्रुटि आरक्षण व्यवस्था में किया गया है। नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा कुछ अधिकारी मनमानी तरीके से कार्य करते हैं, जिससे लोग प्रतिनिधित्व के प्रतिनिधि का कार्य प्रभावित होता है। विभिन्न राजनीतिक दल द्वारा चुनाव की तैयारी को लेकर कहीं न कहीं पद को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## रांची का मेयर पद एसटी आरक्षित करना असंवैधानिक : मुंडा सभा

### आदिवासियों के हक और अधिकार के साथ छेड़छाड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुंडा सभा रांची के कार्यकारिणी सदस्यों तथा मुंडा सभा युवा समिति के सदस्यों की बैठक शनिवार को डिबडीह में हुई। डॉ. रॉयल डांग की अध्यक्षता में 13.11.2022 को आयोजित जमान जरू मिलन समारोह की समीक्षा की गयी। रांची के मेयर पद के आरक्षण पर चर्चा की गई। बैठक में पिछले 13 नवंबर को आयोजित मिलन समारोह पर चर्चा के क्रम में उन सारी व्यवस्था और खामियों पर गौर किया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि संपन्न कार्यक्रम में जो कमियां रह गयी हैं आने वाले वर्ष के कार्यक्रम में उन तमाम बिंदुओं पर गौर करते हुए और भी बेहतर तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रांची के मेयर पद के आरक्षण पर चर्चा की गई कि निर्वाचन आयोग द्वारा रांची के मेयर पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करना असंवैधानिक है, क्योंकि पूरा रांची शहर आदिवासियों की जमीन पर बसा है यहां पर आदिवासियों का सामाजिक सांस्कृतिक तथा राजनीतिक गतिविधि आराम से ही चलता आ रहा है। दूसरी ओर यह क्षेत्र सरकार की ओर से शेड्यूल क्षेत्र घोषित किया गया ऐसी परिस्थिति में रांची को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करना आदिवासियों के हक और अधिकार पर छेड़छाड़ करना के समान है आदिवासियों को कुचलने के समान है तथा आदिवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के समान है। अतः रांची के मेयर पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने का मुंडा सभा रांची घोर विरोध करती है। मुंड़ा सभा रांची इसके लिए सड़कों पर भी उतरने के लिए तैयार है। बैठक में महासचिव बिल्कन डांग, सुभाष कोनगाड़ी अधिवक्ता फिलिप सोय, एलीना होरो, सोसन समद, रेव. जोन कंडुलना, प्रभु सहाय सांगा, विनीत केरकेटा, अंकित डांग, मनीष मुंडा, आसियान सुरीन इब्राहिम सोरेन, कुशल क्रिकेट, अमित पूर्ति, सैमसंग बरला, मून सन टोपनो, अमृत समद, नीलेश होरो आदि मौजूद थे।

## डीएसपीएमयू में स्त्री शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के मुख्य सभागार में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती स्त्री शक्ति दिवस के रूप में मनाया गय। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची की महापौर, राष्ट्रीय मंत्री भाजपा डॉ आशा लकड़ा, डॉ यशोधरा राठौड़, डॉ रीना नंद, डॉ पीयूष बाला, दिशा दित्या ने संयुक्त रूप से रानी लक्ष्मीबाई, सरस्वती माता, स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर किया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास की छात्रा निकी सिंह, अमीषा संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर आशा लकड़ा ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। पिश्मी सभ्यता को त्याग कर आज महिलाओं को अपनी भारतीय संस्कृति को अपनाने की आवश्यकता है। आज पाश्त्य संस्कृति भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं, इससे भी हमें सीखने की आवश्यकता है, जिस प्रकार रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी राष्ट्रीय भूमि की रक्षा के लिए अपने बच्चे को पीठ में बांधकर अंग्रेजों से डटकर लोहा लिया और आखरी सांस तक लड़ती रही। सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी, बूढ़े भारत में आई फिर से नई जवानी थी, गुमी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी, दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी। चमक उठी सनसंता वन में वह तलवार पुरानी थी, बुंदे लेहर बोलों की मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी।

राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष रीना नंद ने कहा कि सशक्तिकरण और सरकार द्वारा और वर्तमान में छात्रों को किस प्रकार अपने आप को सशक्त करना है। वहीं, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष पीयूष बाला ने कहा कि महिला स्वयं शक्ति है, वर्तमान परिदृश्य में छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी पढ़नी चाहिए। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में रानी लक्ष्मीबाई का अहम योगदान रहा है। वहीं, हिंदी संकाय की विभागाध्यक्ष यशोधरा राठौर ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई वह भारतीय वीरांगना थीं, जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए रण भूमि में हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उनसे हमे बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। रानी लक्ष्मीबाई ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों को लोहे के चने चबवा दिए, जिस कारण फिरंगियों को भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। आज हमें ऐसे महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलकर उनके मार्ग को जरूरत पड़ने पर अपनाना पड़ेगा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय अभाविप इकाई के द्वारा रानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई की जीवन यात्रा को नाट्य रूपांतरण के माध्यम से वहां की छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया। इसमें मनीषा, श्रुति सांची ग्रुप, पायल, संजना, अक्षिता ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### डीपीएस में इफेक्टिव टीचिंग ऑफ इंग्लिश एंड एनईपी विषय पर वर्कशॉप

**रांची।** रत्ना सागर प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक कक्षाओं में अंग्रेजी पढ़ानेवाले शिक्षकों के लिए इफेक्टिव टीचिंग ऑफ इंग्लिश एंड एनईपी विषयक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में रांची, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, चान्हो और मांडर में स्थित 42 विभिन्न आईसीएसई एवं सीबीएसई विद्यालयों के 130 से अधिक शिक्षकों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। कार्यशाला का आयोजन विवेकानंद प्रेक्षागृह में किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एनईपी में उल्लेखित शिक्षण शिक्षाशास्त्र के अनुसार उनके शिक्षण में लागू करने के लिए आवश्यक अंग्रेजी की प्रभावी शिक्षण विधियों, विचारों और तकनीकों से अवगत कराना था। इस वर्कशॉप के मुख्य वक्ता प्रो. विक्टर एलन जाबेज सुधाकर थे। वह अंग्रेजी में पोस्ट ग्रेजुएट हैं एवं उन्हें 24 साल का शिक्षण अनुभव हैं। यह कार्यशाला अंग्रेजी भाषा शिक्षण के लिए आवश्यक चार मुख्य पहलुओं पर व्यापक रूप से केंद्रित थी, जिसमें लिसनिंग स्किल, रीडिंग स्किल, राइटिंग स्किल और स्पीकिंग स्किल शामिल थे।

## प्रतियोगी परीक्षा में एनआईबीएम के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राजधानी के सर्कुलर रोड स्थित एनआईबीएम में 2022 आईबीपीएस पीओ, क्लर्क एवं स्पेशलिस्ट ऑफिसर के रिजल्ट में संस्थान के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है।

चयनित विद्यार्थियों को संस्थान के निदेशक एमके गुप्ता ने सम्मानित करते हुए बधाई दी। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के सभी शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं। यहां बेहतर लाइब्रेरी है। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है तथा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा कॅरियर काउंसलिंग करायी जाती है। इस वर्ष भी बेहतर रिजल्ट के लिए सभी शिक्षक तथा विद्यार्थी मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए स्नातक, बी टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग, एसएससी, रेलवे की सेपरेट तथा कंबाइंड बेंच 25 तथा 28 नवंबर से विधिवत लाइब्रेरी रीडिंग के साथ सारी व्यवस्था कोविड-19 के तहत जारी है। इच्छुक विद्यार्थी सर्कुलर रोड स्थित सेंटर पर आकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### रांची वीमेंस कॉलेज की छात्राएं सम्मानित

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से शनिवार को महिंद्रा प्राइड क्लासेज के अंतर्गत एंप्लॉयमेंट स्किल ट्रेनिंग प्राप्त छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महिंद्रा प्राइड क्लासेज जो, कि महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप की सीएसआर इनीशिएटिव है उसके अंतर्गत ऐसी छात्राएं जिन्होंने 14 दिनों तक यह 40 घंटे की ट्रेनिंग की है उन्हें पुरस्कृत किया गया।

## किसानों को उत्पादों का लाभ दिलाने का मंच है कमोडिटी एक्सचेंज

### बीएयू में विद्यार्थियों के लिए विनियोगकर्ता जागरुकता कार्यशाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (मुंबई) द्वारा शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए विनियोगकर्ता जागरुकता कार्यशाला का आयोजन रांची कृषि महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में किया गया। एक्सचेंज केंद्रीय वित्त मंत्रालय के संस्था भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के तहत कार्यरत है। एक्सचेंज के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट नीरज शुक्ला ने वर्चुअल कमोडिटी मार्केट की कार्यप्रणाली, इसके लाभ और देश की अर्थव्यवस्था की स्थिरता कायम रखने में इसका योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के अंत में प्रारंभ हुआ कमोडिटी एक्सचेंज के कामकाज और प्रभाव का लगातार विस्तार हो रहा है। यह खाद्यान्न, ऊर्जा, धातु और अन्य रॉ मैटेरियल के क्षेत्र में काम कर रहा है। श्री शुक्ला ने कहा कि कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य नहीं मिलने के कारण किसानों के बच्चे कृषि कार्य से विमुख हो रहे हैं।

कमोडिटी एक्सचेंज किसानों की आत्मनिर्भरता बढ़ाने और उनके उत्पाद का लाभकारी मूल्य दिलाने का उपयोगी प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि परंपरागत फिजिकल मार्केट की तुलना में वर्चुअल मार्केट ज्यादा तरल, प्रतिस्पर्धी, पारदर्शी और प्रभावशील है। एक्सचेंज द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मापदंड के अनुरूप जो उत्पाद होते हैं। वही, वर्चुअल मार्केट में उपलब्ध होते हैं। इसलिए क्रेता को व्यक्तिगत स्तर पर उसकी गुणवत्ता की जांच-परख की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस ऑनलाइन फोरम पर खरीदारों की संख्या बढ़ जाती है, कौन किससे मोलभाव कर रहा है यह पता नहीं चलता तथा विक्रेताओं को अच्छी कीमत मिलने की संभावना बढ़ जाती है। एक्सचेंज के एवीपी ने कमोडिटी मार्केट में खरीद बिक्री की प्रक्रिया जैसे, पंजीकरण, खाता खोलना, केवाईसी अपडेट करना, डिपॉजिट मार्जिन, ट्रेडिंग की शुरूआत, मार्केट टू मार्केट सेटलमेंट, डिलीवरी, आवश्यक सावधानियां आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला का आयोजन बीएयू में चल रही राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना (नाहेप) और विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से किया गया था। नाहेप के प्रधान अन्वेषक डॉ एमएस मलिक, प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ बीके झा और कमोडिटी एक्सचेंज की अधिकारी पूजा सिंह ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

## एक नजर में

### गोस्सनर कॉलेज की टीम पहुंचा सोनाहातू



**रांची।** गोस्सनर कॉलेज रांची के मानव शास्त्र विभाग के छात्रों का एक दल शैक्षणिक भ्रमण के तहत सोनाहातू प्रखंड के चोकाहातू गांव स्थित मेगालिथ साइट को देखने पहुंचा। विद्यार्थियों ने मेगालिथ के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मेगालिथ को 2500 साल पुराना बताया जाता है। शैक्षणिक भ्रमण में कॉलेज डॉ मीना तिर्की, डॉक्टर योताम कुल्लू, डॉ सलमा केरकेप्ता, गाइड पूर्व सरपंच रमेश चंद्रसिंह मुंडा, गोपाल सिंह मानकी, डॉक्टर हाराधन कोइरी और दल के 150 विद्यार्थी शामिल थे ।

### मवि हुन्दुर कांके की अध्यक्ष का निधन



**रांची।** विद्यालय प्रबंधन समिति राकीय उत्क्रमित मवि हुन्दुर, कॉके की अध्यक्ष रीना देवी का शुक्रवार रात लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वो कई तरह की गंभीर बिमारियों से ग्रसित थीं। उनका अंतिम संस्कार हुन्दुर गांव स्थित घाट पर सम्पन्न हुआ। मुखाग्नि उनके पति सोहन उरांव ने दी। उनके निधन पर प्रधानाध्यापक चितरंजन कुमार, मुखिया रंजनी देवी, पंसस गीता देवी, सीआरपी रविन्द्र ठाकुर, उपाध्यक्ष सीमा देवी, शिक्षक नागु उरांव, साकेत स्नातक, योगेन्द्र प्रसाद, सुनीता कुजूर, संयोजिका सविता देवी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### करनी सेना के कार्यकारी अध्यक्ष का इस्तीफा



**रांची।** करणी सेना के कार्यकारी अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा है कि मैं श्याम किशोर सिंह, करनी सेना कार्यकारी अध्यक्ष अपने स्वेच्छा से इस्तिफा राष्ट्रीय अध्यक्ष को दे चुका हूं। करणी सेना को बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस पद पर इतना दिन काम करने का मौका दिया। जय श्री राम।

### संगीतकार सलिल चौधरी का जन्म दिवस मना

रांची। रांची के प्रतिष्ठित संगीत विद्यालय बैतालिक द्वारा यूनियन क्लब लाइब्रेरी के सभागार में प्रतिष्ठित गीतकार और संगीतकार स्वर्गीय सलिल चौधरी जी के 99वां जन्म वार्षिकी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बैतालिक के अध्यक्ष स्वरत चौधरी के स्वागत भाषण से हुआ। राम प्रसाद चटर्जी द्वारा बैतालिक के क्रियाकलापों के बारे में बताया गया एवं सलिल चौधरी के जीवन के विशिष्ठ बातों का उल्लेख किया गया। इस दौरान रंगा रंग कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। इसकी शुरूआत बैतालिक के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत तीन सुपरहिट गानों से हुआ। उन्होंने ओ अलोर पोथो यात्री, धितांग धितांग बोले है संभालो गानो पे अपनी प्रस्तुति दी। पारोमिता चौधरी ने ना मोनो लागे ना गाने से शाम को रंगीन बनाया। रांची के प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट के साथ परोमिता के गानो ओ सजना, तस्वीर तेरी एवम दिल तड़प तड़प न दर्शनों ने शमा बांध रखा। कोलकाता से आए विशिष्ठ गायक देबमाल्या चटर्जी ने सलिल चौधरी जी के दमदार गानों पर दर्शकों को झुमाये रखा।

### संस्कार भारती की संगीत गोष्ठी आयोजित

**रांची।** संस्कार भारती रांची महानगर की ओर से नवंबर माह की मासिक संगीत गोष्ठी का आयोजन संस्कार भारती के सदस्य ललन राय के आवास पर हुई। इस अवसर पर संगीत संयोजक सुशील कुमार मिश्र ,संगीत सह संयोजिका सुजाता मजूमदार, उपाध्यक्ष जेपी सिंह, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार मजूमदार तथा सदस्यों में राम प्रसाद पाठक, जितेंद्र महाराज उपस्थित थे। आमंत्रित श्रोताओं में श्री राय बहादुर चौधरी, दक्ष कुमार, शांति सिंह, उमा रानी, देवव्रत सिंह और केदार राय शामिल हुए।

### पासवा ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** पासवा की ओर से इंदिरा गांधी की जयन्ती पर संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल ऐदलहातू मोरहाबादी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर झारखण्ड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के साथ पासवा महानगर अध्यक्ष व विद्यालय का प्राचार्या डा सुषमा केरकेप्ता, राष्ट्रपति पुरस्कृत एनएसएस स्वयंसेवक फलक फातिमा,पासवा के प्रदेश पदाधिकारी मेंहुल दूबे, साहित्यकार चन्द्रिका ठाकुर, समाजसेवी अमरदीप बाधवा एवं विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भारत रत्न इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण की,दीप प्रज्जवलित किया एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंदिरा जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिया। इंदिरा गांधी का सूत्रवाक्य दूर दृष्टि,पक्का इरादा,कड़ी मेहनत व अनुशासन आज भी प्रासंगिक हैं।

### एक्सआईएसएस के मार्केटिंग मैनेजमेंट का एलुमनी मीट

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस(एक्सआईएसएस) के परिसर में शनिवार को इसी संस्थान के मार्केटिंग मैनेजमेंट के एलुमनी मीट संपर्क-2022 का आयोजन किया गया। मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम और मार्कबज्ज, द मार्केटिंग क्लब द्वारा आयोजित पूर्ववर्ती छात्रों (एलुमनी) के इस कार्यक्रम में 30 से अधिक पूर्व छात्रों ने पुरानी यादों को संजोने और सभी के साथ अपनी जीवन यात्रा साझा किया। डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे, डायरेक्टर एक्सआईएसएस ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपर्क -2022 नामक एलुमनी मीट का विधिवत उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ कुजूर ने समारोह में उपस्थित सभी पूर्ववर्ती छात्रों व अन्य का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती छात्रों ने कारपोरेट इंटरफेस, एलुमनी रिलेशन और छात्रों के लिए मूल्य-आधारित शिक्षा में बेहतरीन योगदान दिया है।

### इंडियन टीम के कैप्टेन पंकज और भूपेंद्र ने करीम रेस्टोरेंट में लजीज व्यंजन चखा



**रांची।** इंडियन इंटरनेशनल क्रिकेट प्लेयर और मुंबई टीम के कप्तान पृथ्वी पंकज सांवरिया, भूपेंद्र कुमार जायसवाल अपनी पूरी टीम के साथ शुक्रवार की रात सैनिक मार्केट परिसर स्थित करीम रेस्टोरेंट में लजीज व्यंजनों का जायका लिया। अपने पसंदीदा व्यंजनों का जायका लेने तथा रेस्टोरेंट मैनेजमेंट की सर्विस की कैप्टेन पृथ्वी पंकज और यशवी भूपेंद्र ने सराहा। बताते चलें कि इससे पहले क्रिकेट की दुनिया के जाने माने खिलाड़ी सुनील गावस्कर और संजय मांरजेरकर ने भी सैनिक मार्केट स्थित करीम रेस्टोरेंट में आकर यहां की बिरयानी व अन्य व्यंजनों का आस्वादन किया था। तब करीम रेस्टोरेंट मैनेजमेंट की ओर से इसके संचालक मोहम्मद जमाल व सरफे आलम ने रेस्टोरेंट परिवार की ओर से स्वागत अभिनंदन किया था। इंडियन इंटरनेशनल क्रिकेट प्लेयर और मुंबई टीम के कप्तान पृथ्वी पंकज सांवरिया भूपेंद्र कुमार जयसवाल का टीम के साथ करीम रेस्टोरेंट पहुंचने पर करीम रेस्टोरेंट के संचालक मोहम्मद जमाल और सरफे आलम ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया । स्वागतकर्ताओं में विनय अगरवाल, टिंकु भगत, राजेश सिंह, मनीष कुमार, मोहम्मद मिनहाज, मोहम्मद उमर, मोहम्मद अनस,मोहम्मद अरबाज आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## भाकिमो कल करेगा डीसी का घेराव

**रातू।** मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा सख्त है। हेमंत हटाओए झारखंड बचाओ के तहत 21 को डीसी कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। इससे पूर्व जनाक्रोश रैली निकाली जायेगी। मोर्चा जिला इकाई की बैठक अध्यक्ष कामेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुयी। इसमें तैयारी की समीक्षा की गयी। मौके पर प्रदेश महामंत्री ललित ओझा, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्षए सुरेंद्र महतो, महामंत्री पशुपति शाहदेव, रामबालक ठाकुर, पंचम महतो, परण महतो, रुपेश महतो, शैलेंद्र महतो, कलिंदर साहू, राजेश सिंह, संजीव तिवारी आदि मौजूद थे।

## नये थाना भवन का उद्घाटन कल

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव थाना के नये थाना भवन का उदघाटन 21 नवम्बर को किया जाएगा। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि रांची के सीनियर एसपी कौशल किशोरएग्रामीण एसपी नौशाद आलमएखलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। विदित हो कि थाना का स्थायी भवन थाना क्षेत्र के खिजुरटोला, ठाकुरगांव में किया गया है। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों समेत ग्रामीणों से उदघाटन समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।

## राहे ओपी में लगा भूमि विवाद समाधान शिविर

**राहे।** राहे अंचल में भूमि विवाद को खत्म करने के लक्ष्य को लेकर शनिवार को राहे ओपी परिसर में शिविर लगाया गया। पहले दिन भूमि विवाद के दो मामले आये। दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद फैसला दिया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक सुदेश महतो ने भूमि विवाद की समस्या को खत्म करने के लिये शिविर लगाने का निर्देश दिये थे। इसी के आलोक में प्रत्येक शनिवार को ओपी परिसर में भूमि विवाद समाधान शिविर लगाया जायेगा। इस सम्बंध में सीओ महेंद्र छोटन उरांव ने कहा कि भूमि विवाद को लेकर प्रत्येक शनिवार को शिविर लगाया जाएगा और विवाद के अनुसार समाधान दिया जाएगा। मौके पर ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान उपस्थित थे।

## तमाड़ में कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती

**तमाड़।** कांग्रेस पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई। उपस्थित कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के फोटो पर माल्यार्पण कर याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी अमर रहे के नारे भी लगाए। इस अवसर पर कांग्रेस के कई नेता उपस्थित हुए।

## नगड़ीः मतदाता पुनरीक्षण कैंप का निरीक्षण

**पिस्कानगड़ी।** जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मकड़ी ने रविवार को नगड़ी प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों में जाकर मतदाता पुनरीक्षण के तहत लगे कैंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ से कार्यों में प्रगति लाने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हो कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का आयोजन दिनांक 09 नवम्बर से 08 दिसम्बर तक किया गया है।इसके तहत सभी मतदान केंद्रों में 18वर्ष से अधिक के सभी व्यक्ति नया नाम जोड़ने एनाम हटाने और किसी भी तरह के सुधार के लिए फॉर्म 6ए7 और 8 अपने अपने बी एल ओ के पास जमा कर सकते है या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से खुद भी भर सकते है। इसके लिए चार विशेष कैंप का भी आयोजन किया गया हैएजिसमें से दो कैंप रविवार और सोमवार को रखा गया है। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी नूतन कुमारी, निर्वाचन सहायक कमलाकांत, प्रखंड पर्यवेक्षक हरी नाथ पांडे उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत

## प्रेमचंद हाई स्कूल का छात्र फीस लाने घर जा रहा था



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एनएच-20 पथ विकास के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में एक 14 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के हुटुप निवासी किशोर महतो का 14 वर्षीय बेटा आकाश कुमार महतो के रूप में हुई है। बताया गया कि आकाश कुमार कक्षा नौ का छात्र था। वह अपने नानी घर रहकर, प्रेमचंद उच्च विद्यालय मेसरा में ही पढाई करता था। वह शनिवार शाम 6.30 बजे के करीब हीरो होंडा स्पलेंडर बाइक जेएच01एआर में सवार हो स्कूल फीस लाने मेसरा से अपने घर हुटुप जा रहा था। जाने के क्रम में वह दुर्घटना का षिकार हो गया। बताया गया कि टोयटा शोरूम विकास के पास एक ट्रक से ओवर टेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गया। वही बाइक सहित सड़क में गिरते हुए ट्रक संख्या एपी16टीबी-8131 चपेट में आ गया। वह हेल्मेट भी नहीं पहना था और ट्रक का पहिया उसके सर पर चढ़ गया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची मेसरा थाना पुलिस शव का मंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं दुर्घटना ग्रस्त दोनो वाहनों को पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है। इधर स्कूल के प्राचार्य यूपी सिंह, जिप सदस्य संजय कुमार, समाजसेवी राधाचरण सिंह, तुलसी महतो, आर्ययन कुमार सहित कई लोगों ने दुख जताया है।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से एक की मौत

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दानाडीह गांव के समीप बुंडू .सोनाहातू सड़क पर अज्ञात वाहन के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गयी है। घटना रात के 8 बजे के आसपास की बतायी जा रही है। हौंडा मोटरसाइकिल होंडा जेएच 01. 4827 सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे व्यक्ति की मौत घटनास्थल में ही हो गया है। मृत व्यक्ति की पहचान उनके पर्स पर मिली आधार कार्ड से हुई । आधार कार्ड केअनुसार चौका थाना क्षेत्र के उरमाल गांव निवासी 39 वर्षीय लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही सोनाहातू पुलिस ने घटनास्थल से शव को कब्जे में लिया है।

# कृषक उवि को मिला 32 जोड़ी बेंच-डेस्क

## लार्सेन एंड टुब्रो प्राइवेट लिमिटेड ने दिखायी उदारता

### प्रबंधन ने जताया आभार, बच्चों में हर्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** रांची के लांसर टुब्रो प्राइवेट लिमिटेड की उदारता से क्षेत्र की जनता, विशेष कर शिक्षा से जुड़े लोग काफी प्रभावित हैं। कंपनी ने सीएसआर मद से शहीद बिशुन महतो की ओर से स्थापित और गुडू के गड़री में संचालित कृषक उच्च विद्यालय में 32 जोड़ी बेंच और डेस्क दिया। इसमें रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर श्री जेडी त्रिपाठी, राहुल कुमार जुडूको, विकास पांडेय, प्रशासक कुणाल, प्लानिंग मैनेजर सुधाकर व तेजा के सेफ्टी मैनेजर की खास भूमिका रही। इसके लिये विद्यालय प्रबंधन ने कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं संसाधन मिलने से बच्चे-बच्चियों के चेहरे खिल उठे। टुब्रो के अधिकारियों ने भविष्य में भी स्कूल के शैक्षणिक विकास में सहयोग का भरोसा दिलाया है। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अशोक कुमार, प्राचार्या सीमा कुमारी, मेलसा स्वेता तिर्की, नलनी रंजन, संजय महतो, कालीराम उरांव, पीतांबर महतो, करमा महतो व सुरेश उरांव आदि मौजूद थे।

## स्कूल में हुई चोरी मामले में दो को जेल

**चान्हो।** चान्हो पुलिस ने एक माह पूर्व 17 अक्तूबर को सिलागाईं स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में हुई चोरी के मामले में आफताब अंसारी व तौसीफ अंसारी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सिलागाईं गांव के ही रहने वाले हैं। इनके पास से स्कूल से चोरी हुआ कंप्यूटर का मॉनिटर भी बरामद किया गया है।

## मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बोकारो।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम.2023 को लेकर आयुक्त.सह.प्रेक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल चन्द्र किशोर उरांव ने क्रमवार 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र एवं 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्रए तेनुघाट के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

# आदिवासी छात्र संघ ने किया कुलपति का घेराव

## अखरा स्थल के अतिक्रमण पर आक्रोश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** आदिवासी छात्र संघ ने शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित अखरा में अतिक्रमण किये जाने के खिलाफ कुलपति डॉ तपन कुमार सांडिल्य का घेराव किया। अध्यक्ष निखिल टोप्पो की अगुआई में प्रदर्शनकारी छात्रों ने यहां बास्केटबॉल कोट बनाये जाने के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान श्री टोप्पो ने कहा कि अखरा का अपना महत्व है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये बनाया गया है, लेकिन हमारी पहचान को मिटाने की साजिश हो रही है। संघ इसे बर्दास्त नहीं करेगा। उन्होंने अखरा के बीच में पूरे विधि विधान से गाड़े गये झंडे को उखाड़ फेंकने वालों पर सीधी कारवाई की चेतावनी दी।

### कार्यक्रम में थे शामिल

मोनू लकड़ा, अभिषेक मिंज, शमी अहमद, अमित टोप्पो, कनक केरकेट्टा, दीपा कच्छप, कलश टोप्पो, कोमल चोरिया, सुमन मंडल, प्रिया तिर्की, ग्रेस तिग्गा, मनीष छत्री, नवीन थापा, आयुष तिर्की, अनीश सांगा, किशोर टोप्पो, अभिषेक खलखो, सागर उरांव, एडविन तिग्गा, राहुल मुंडा, आलोक मुंडा, अभिषेक, अंकित, सचिन उरांव, दीपक, विशाल, अभिलाषा, सूरज मुंडा, प्रदीप कुजुर, अर्चना, मानकी, अजय लकड़ा, आयुष विवेक तिर्की, मंथन रुंडा, हर्ष, डब्लू व प्रेरणा कच्छप आदि।

### कुलपति ने लिया पूरे मामले का जायजा

श्री सांडिल्य ने छात्रों के गुस्से को देखते हुये अखरा स्थल का जायजा लिया और इसे संस्कृति का अटूट हिस्सा बताते हुये तत्काल झंडा लगवाया। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर बास्केटबॉल कोट को यहां से हटा लिये जाने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया।

## एक नजर में

### अनियमित विद्युत आपूर्ति से परेशान हैं अनगड़ा के उपभोक्ता

**अनगड़ा ।** प्रखंड के विधुत्त उपभोक्ता अनियमित विधुत्त आपूर्ति को लेकर प्रखंड के विधुत्त उपभोक्ता काफी परेशान हैं। जहा दिन मे घन्टो बिजली आपूर्ति ठप रहती हीं है वही शाम में जिस वक्त छात्र छात्राओं का पढ़ने का समय रहता है शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक बिजली गुल रहती है । प्रति दिन का बिजली विभाग का यह दिनचार्या बन गया है जिसके चलते आम उपभोक्ताओं के साथ साथ जन प्रतिनिघियों का बिजली विद्युत विभाग के अधिकारियों के प्रति काफी आक्रोष व्याप्त है। पूर्व विधायक रामकुमार पहान सहित प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम, डॉ रिझु नायक, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुन्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा, भाजपा नेता सिकन्दर अन्सारी, पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, उमेश बड़ाईक इत्यादि ने अनगड़ा में तत्काल विधुत्त आपूर्ति की व्यवस्था को ठीक करने की संबंधित अधिकारियों से मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि तत्काल विद्ययुत आपूर्ति में सुधार नही किया गया तो जोरदार आन्दोलन किया जाएगा।

### उप प्रमुख ने किया कंबल वितरण



**पिस्कानगड़ी।** उप प्रमुख अफसाना प्रवीण ने रविवार को नगड़ी प्रखंड के .देवरी पंचायत में घर घर जाकर गरीब, असहाय वृद्ध एवं वृद्धाओ के बीच ठंड से बचने के लिए भिन्न-भिन्न वार्डों में कंबल का वितरण किया। इस दौरान श्रीमती प्रवीण ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी गरीब असहाय बूढ़े बुजुर्गों को ठंड के कारण दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले चरण में दिनांक 21नवम्बर दिन सोमवार से ग्राम वसीला तथा शुगदा में भी गरीब असहाय बूढ़े बुजुर्गों को कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य रुकसाना खातून, ललन अंसारी, एकरामुल अंसारी, तौसीफ अंसारी, सद्दाम अंसारी उर्फ टीपू सहित कई लोग शामिल थे।

# सोनाहातू कस्तूरबा को मिला राष्ट्रीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार




खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा शनिवार को रांची जिले की कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार दिया गया। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने विद्यालय के वार्डन सरोजिनी टोप्पो ओर छात्रा आरती कुमारी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर शिक्षा विभाग के राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंहए सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सचिव संजय कुमारएराज्य परियोजना निर्देशक किरण कुमार पासी आदि उपस्थित थे। विद्यालय को ओवरऑल श्रेणी में पुरस्कार मिले हैं। देशभर के कुल 39 स्कूलों को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार मिला। पुरस्कार के रूप में 60 हजार प्राप्त हुये। झारखंड सरकार ने 26 स्कूलों की अनुशंसा भेजी थी एइसमें तीन स्कूल का चयन हुआ था। देशभर के 8॰23 लाख स्कूलों ने यह पुरस्कार के लिए ऑनलाइन निबंधन कराया था। इसमें 39 स्कूलों का चयन अंतिम रूप में हुआ। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार में स्कूल में पानीए शौचालयए साबुन से हाथ धोना ए और रखरखावए व्यवहार परिवर्तन एक्षमता निर्माण आदि में उत्कृष्ट स्थान रखने के लिये स्कूल का किया गया।

### स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार मिलना गौरव की बात

स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार मिलना प्रखंड के लिए गौरव की बात है। विद्यालय के नाम और एक कीर्तिमान जुड़ गया है ।इसके पूर्व विद्यालय में अलग-अलग मिसाल पेश करते आया है ।इस विद्यालय से बबीता कुमारी और सविता कुमारी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक सहित खेलो इंडिया में दर्जनों पदक जीतकर राज्य क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी है ।सविता कुमारी राष्ट्रीय बाल साहस पुरस्कार में एक लाख रुपये जीती थी। इसकी प्रशंसा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किये थे और सविता कुमारी से बात कर बधाई दी थी। विद्यालय को स्वच्छ भारत विद्यालय पुरस्कार मिलने पर विद्यालय प्रबंधन और सभी छात्राओं को विधायक सुदेश महतो ने शुभकामनाएं दी है। जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडाए पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुंडा एपूर्व जिला परिषद के उपाध्यक्ष चितरंजन महतो आदि ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

## कोविड टीकाकरण कैंप का उद्घाटन

**कतरास।** शनिवार को राजस्थानी धर्मशाला कतरास में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा एवं लायंस क्लब ऑफ धनबाद कोलफील्ड्स के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क कोविड 19 टीकाकरण शिविर का उदघाटन दिप प्रज्वलित कर जागो सामाजिक संस्था के प्रमुख राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव जी ने किया। इस मौके पर उन्होंने मारवाड़ी महिला समिति की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुवे कहा कि महिला समिति हमेशा सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती है। उन्होंने लायंस क्लब के कार्यों की भी प्रशंसा करते हुवे धन्यवाद दिया। इस मौके पर चौधरी मेडिको के चेयर पर्सन अशोक चौधरी, समाजसेवी संतोष जलान, समाजसेवी दीपक तुलस्यान, महिला समिति की अध्यक्ष प्रियंका चौधरी, कोषाध्यक्ष रितु अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### शॉल और श्रीफल देकर महाप्रबंधक ने सलाहकार समिति सदस्य का स्वागत किया




**खलारी।** कोयलांचल के आम्रपाली .चंद्रगुप्त एरिया के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने शनिवार को सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह का स्वागत किया। बचरा स्थित मंगलम गेस्ट हाउस में श्रमिक संगठनों की संयुक्त बैठक में महाप्रबंधक ने उन्हें शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया ।इस मौके पर कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बड़े व्यक्तित्व के रूप में जाने जाने वाले महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह को कंपनी ने क्यों बड़े एरिया की जिम्मेवारी दी है यह इनसे मिलकर पता चला है ।उन्होनें कहा कि जेसीएससी को छोड़कर पहली बार वे यहां इस बैठक का हिस्सा बने हैं इसका श्रेय महाप्रबंधक को है ।यह साबित करता है कि वे किस प्रकार व्यवस्था में शामिल हर एक को साथ लेकर चलने में भरोसा रखते हैं ।इस अवसर पर एरिया के सभी अधिकारी भी मौजूद थे।

# बिजली विभाग की लापरवाही से उपभोक्ताओं को परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** बिजली विभाग की नासमझी व लापरवाही भरा निर्णय से क्षेत्र के आम जनता व छात्र परेशान। बिजली विभाग लोड सेडीग के नाम पर शाम 4.00 से 7.30 बजे तक व सुबह 6.00 से 9.00 के बीच विद्युत आपूर्ति रोक दी जाती है ।शाम में विद्युत आपूर्ति रोके जाने से छात्रों को खासकर छोटे.छोटे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है । विद्यालय के कई प्रधानाध्यापकों ने यह बात बताया कि पढ़ाई बाधित होने की बात बात विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में भी सामने आई है । साथ ही सुबह में विद्युत आपूर्ति रोके जाने से आम आदमी को भी ठंडे पानी से उपयोग कर तैयार होना पड़ता है ।वर्तमान में अक्सर लोग बोरिंग के पानी पर निर्भर है जहां से बगैर बिजली की पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकती है । ग्रामीणों ने बताया कि सुधार नहीं होने पर स्थानीय विधायक तथा उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की जाएगी या आंदोलन किया जाएगा । क्षेत्र के आम लोगों में काफी रोष भी है ।

# प्रखंड प्रमुखों की बैठक में लिये कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा की अध्यक्षता में प्रमुख संघ बनाने को लेकर शनीवार को एक आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें खलारीएटंडवाएबुडमूए चान्हो के प्रमुख उपस्थित हुए। बैठक का संचालन बुढ़मू प्रखंड प्रमुख सतनारायण मुंडा ने किया। इस बैठक में विस्तार पूर्वक कई अहम बातें की गई एवं नए सिरे से प्रमुख संघ बनाकर प्रमुख संगठन को पूरे झारखंड लेवल पर मजबूत करने पर बल दिया। सर्वसम्मति से आगामी बैठक 27 नवंबर को रातू चट्टी में रखी गई जहां पर रांची जिला प्रमुख संघ कमेटी का विस्तार किया जाएगा और विस्तार करने के बाद पूरे झारखंड के 24 जिलों में प्रमुख संघ जल्द से जल्द बनाया जाएगा। बैठक में सभी प्रमुखों ने यह निर्णय लिया की प्रखंड लेवल पर अफसरों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी एवं अवैध खनन जोरदार तरीके से प्रखंड प्रमुख द्वारा रोक लगाया जाएगा। इस मौके पर खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गाएटंडवा प्रमुख रीना कुमारी, बुडमू प्रमुख सतनारायण मुंडा, चान्हो होलिका देवीए आनंद कुमारए सचिन पासवानए राहुल कुमार, अजय महतो आदि मौजूद थे।

### भारत जोड़ो यात्रा को लेकर विधायक ने की बैठक



**चान्हो।** प्रखंड स्थित विधायक कार्यालय प्रांगण में शनिवार को भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांचो प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ता के साथ बैठक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी उपस्थित हुए। जिन्होंने आए तमाम पार्टी कार्यकर्ता को सम्बोधित करते हुए कहा। हमे एक जुट और भेद भाव भुलकर पार्टी के लिए काम करना होगा। सबको ईमानदारी से अपना कार्य के अनुरूप योगदान देना है तभी जाकर हम हमारे माननीय नेता राहुल गांधी को सम्मान दे सकते हैंए जिन्होंने भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम निकाल कर बिपक्षी की नीव हिलादी है। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक ने किया साथ ही पूर्व मंत्री ने चान्हो के नवनिर्वाचित पूर्वी सुजीत शाही व पश्चिमी मंडल अध्यक्ष जीवन मिंज एवं अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल लतीफ अंसारीए युवा प्रखंड अध्यक्ष इरशाद खानए सहित मंच मोर्चा कमेटी का गठन किया। जिन्हे विधायक ने पुष्प माला पहना कर सम्मानित किया। मौके पर पांचो प्रखंड के प्रखंड अध्यक्षए विधायक प्रतिनिधिए कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लॉक डाउन से बंद पड़ा राप्राविरोगो फिर खुलेगा

## बीईईओ के पहल पर गांव वालों ने लिया संज्ञान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालू पंचायत अन्तर्गत बंद पड़े राजकीय प्राथमिक विद्यालय रोगो को एक बार फिर से खोलने का प्रयास बेड़ो प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी के पहल पर शुरू की गयी। वर्ष 2020 के मार्च महीने से लगी लॉक डाउन के बाद विद्यालय फिर से नहीं खुल पाई थी। यहां पढ़ने वाले बच्चों के पलायन होने से विद्यालय बंद हो गया था वहीं यहां पदस्थापित शिक्षक राजेश्वर प्रजापति का बच्चों के अभाव में दूसरे विद्यालय में प्रति नियोजित कर दिया गया था। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मुखिया विरेंद्र भगतए वार्ड सदस्य बबलू लोहरा तथा गांव के ग्राम प्रधान सुरगा मुंडा से मिलकर स्कूल को खोलने का प्रस्ताव रखा। इसी संदर्भ में शनिवार को ग्राम प्रधान सुरगा मुंडा की अध्यक्षता में गांव के अखरा में आम सभा आयोजित की गई। आम सभा के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय को खोलने की प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। रोगो गांव के बच्चे जो उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जेजे टोली में नामांकित हैं उनका नामांकन अब वापस राजकीय प्राथमिक विद्यालय रोगो में किया जाएगा। आम सभा की लिखित कार्रवाई के आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने विद्यालय खोलने के संदर्भ में अग्रेतर कार्रवाई करने का भरोसा भरोसा दिलाया। वहीं इस पहल को लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताई और कहा कि अब विद्यालय को बंद होने नहीं दिया जाएगा।

### आमसभा में लिया गया निर्णय

आमसभा के दौरान सीआरपी विकास कुमार गुप्ताए मुखिया विरेंद्र भगतए वार्ड सदस्य बबलू लोहरा तथा गांव के गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखी। अभिभावकों ने कहा कि अब गांव का स्कूल को छोड़कर यहां के बच्चे अन्यत्र पलायन नहीं करेंगे। अभिभावकों ने निर्णय का स्वागत किया।

## समय संवाद

फीफा वर्ल्ड कप 2022

महीने भर चलने वाले इस टूर्नामेंट में मेजबान कतर सहित कुल 32 देश अंतिम दौर में खेलेंगे। कुल 64 मैच खेले जाएंगे। अंतिम दस इसमें जगह पाने के लिए खुल 211 देशों के मजे क्वालीफाईंग दौर के मैच खेले गए थे। अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी 32 सर्वश्रेष्ठ टीमें चार चार टीमों के आठ समूहों में लीग मैच खेलेंगी। प्रत्येक समूह से 2-2 टीमें राउंड 16 (प्री क्वार्टरफाइनल)जगह पक्की करेंगी। प्री क्वार्टरफाइनल मैच जीतने वाली आठ टीमें क्वार्टर फाइनल और क्वार्टरफाइनल जीतने वाली चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। सेमीफाइनल मैच जीतने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच 18 दिसम्बर को फाइनल मैच खेला जाएगा।

# 36 मैचों से अजेय अर्जेंटीना है प्रबल दावेदार



अभय कुमार सिंह

**आज से होगी फीफा विश्व कप की शुरूवात 36 मैचों से अजेय अर्जेंटीना की टीम है प्रबल दावेदार**

**क्या मेसी अपने अंतिम विश्व में करेंगे चमत्कार**

फुटबॉल विश्व कप का आगाज आज से कतर में हो जायेगा। फुटबॉल विश्व कप के इस 22वें एडिशन में दुनिया की 32 टीमें अपनी किस्मत आजमाती हुई नजर आएंगी। इन टीमों को 8 ग्रुप में बांटा गया है। यानी एक ग्रुप में 4 टीमें होंगी। इस विश्व कप में सबकी नजरें अर्जेंटीना की टीम स्टार फुटबॉलर व कप्तान लियोनल मेसी पर होगी। अर्जेंटीना की टीम पिछले तीन साल व 36 मुकाबलों से अजेय है जिसके कारण इस टीम को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। लियोनल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना की टीम ने वॉर्मअप मैच के जरिए अपनी तैयारी का नमूना पेश किया है। अर्जेंटीना ने वॉर्मअप मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 5-0 से रौंदकर अन्य टीमों को



चेतावनी देने की कोशिश की है कि आने वाले मुकाबलों में उससे पार पाना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। अर्जेंटीना की टीम एक मैच और जीतकर इटली के सबसे ज्यादा मैच जीतने के रिकॉर्ड को तोड़ देगी।

**ग्रुप सी में हैअर्जेंटीना**

अर्जेंटीना को सऊदी अरब, मैक्सिको और पोलैंड के साथ इस ग्रुप में रखा गया है। लियोनल मेसी एंड कंपनी फीफा विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत 22 नवंबर को सऊदी अरब के खिलाफ करेगी। अर्जेंटीना को अपने दूसरे मैच में 26 नवंबर को मैक्सिको भिड़ना है जबकि 30 नवंबर को यह टीम पोलैंड से टकराएगी।

**जबरदस्त लय में हैं कप्तान मेसी**

अनुभवी फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह पिछले 5 मैचों में 10 गोल दाग चुके हैं। उन्होंने अपने इंटरनेशनल गोल की संख्या 91 पर पहुंचा दी है। अर्जेंटीना की 26 सदस्यीय टीम में 9 डिफेंडर और 7 फॉरवर्ड शामिल हैं। इस टीम में कोपा अमेरिका कप जीतने वाले 21 खिलाड़ी शामिल हैं। अर्जेंटीना ने 1978 और 1986 में विश्व कप खिताब अपने नाम किया था। यह टीम 1990 और 2014 में उप विजेता रही थी।

**2014 के फाइनल में जर्मनी से मिली थी हार**

लियोनल मेसी के करियर का यह पांचवां विश्व कप है। माना जा रहा है कि मेसी का संभवतः यह आखिरी विश्व कप हो सकता है। ऐसे में वह इस विश्व कप को यादगार बनाना चाहेंगे। 35 वर्षीय लियोनल मेसी 4 विश्व कप के 17 मैचों में कुल 6 गोल दाग चुके हैं। मेसी की अगुआई में अर्जेंटीना की टीम साल 2014 के विश्व कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी जहां उसे जर्मनी से हार मिली थी। मारिओ गोत्जे के एक गोल ने मेसी के साथ-साथ अर्जेंटीना के सपने को चकनाचूर कर दिया था।

मेसी 2006 से विश्व कप में लगातार हिस्सा ले रहे हैं। अजेंटीना अगर यह विश्व कप जीतती है तो मेसी का नाम फुटबॉल के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा। मेसी ने विश्व कप को छोड़कर सारे इंटरनेशनल ट्रॉफी अपने नाम किये है।

(लेखक ब्यूरो चीफ, खबर मन्त्र हजारीबाग हैं। )

# निर्णय का प्रतिफल

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**जीवन** में निर्णय महत्वपूर्ण है। आप कैसा निर्णय लेते हैं किसके साथ चलने का निर्णय लेते हैं। महाभारत हो या रामायण राम हो या कृष्ण और राम दोनों के जीवन में निर्णय की क्षमता का महत्व और निर्णय का असर साफ दिखता है और हम उससे अपनी समझ पैदा कर सकते हैं। महाभारत के पूरे प्रकरण में भीष्म के त्याग और वीरता की कोई तुलना नहीं थी लेकिन उनका एक गलत निर्णय से पूरी जिंदगी उनका जितना अपमान हुआ उसे समझा जा सकता है। जीवन में दुर्योधन के द्वारा अपमान और युद्ध में मन से अर्जुन के साथ रहने का आरोप भी उन्हें सहना पड़ा। शर शैय्या पर अंतहीन वेदना जो शारीरिक और मानसिक दोनों तौर पर वह सहना पड़ा। आतुर भाव से भगवान कृष्ण से पूछना पड़ा आखिर इस पीड़ा का कारण क्या है?

जीवन नीति से बंधा है। प्रश्न यह है कि जीवन में आप किसका साथ देते हैं। भीष्म दुर्योधन के साथ खड़ें रहे जबकि वो गलत था। अगर हम गलत के साथ खड़ें होते हैं चाहे वह जो भी हो तब हम इससे बुरी तरह प्रभावित होते हैं जैसा भीष्म ने झेला। महाभारत की लड़ाई में कृष्ण से सहयोग मांगने दुर्योधन और अर्जुन पहुंचे। पहले दुर्योधन पहुंचा था लेकिन अहंकारवश सोये हुए कृष्ण के सर की ओर खड़ा हो गया। देर से पहुंचे अर्जुन पैर की ओर खड़ें थे। जब कृष्ण उठे तब उनकी नजर अर्जुन पर पड़ी और उन्होंने कहा कि अर्जुन हमारे पास बड़ी सेना है और मैं उससे अलग अकेला हूं। तुम दोनों में कोई एक ही चुन सकते हो। इस स्थिति में अर्जुन को निर्णय लेना था। अर्जुन को जरा सा भी संशय नहीं हुआ और उसने कहा भगवान आप हमारी ओर से युद्ध करें। दुर्योधन को आश्चर्य हुआ कि द्धारिका का इतनी बड़ी सेना को छोड़कर अर्जुन ने कृष्ण को मांग लिया। चलो अच्छा हुआ अब सेना मुझे मिल गया। लेकिन युद्ध के मैदान में चूंकि अर्जुन ने सही निर्णय लिया था उसका परिणाम वह विजेता बना। मोह ग्रस्त अर्जुन को अज्ञान से निकालकर जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने युद्ध के लिये तैयार वह अर्जुन के एक मात्र सही निर्णय के कारण ही संभव हो सक। जबकि भीष्म अपने जीवन काल में कई बार निर्णय के स्तर पर चूकते रहे और कष्ट पाने के साथ ही यश भी खोया। महाभारत का पूरा युद्ध कृष्ण के निर्णय से ही होता रहा जो शस्त्र न उठाने के प्रण के साथ अर्जुन के साथ आये थे। वे सारथी बने थे लेकिन जब युद्ध के क्रम में दुर्योधन ने भीष्म को धिक्कारा कि आप अर्जुन से प्रेम करते हैं आप लड़ाई पूरी योजना से नहीं लड़ रहें है जबकि आप सेनापति है। मेरा मित्र कर्ण शिविर में बैठा है अगर आप नहीं लड़ सकते तो पद छोड़ दें। उसके बाद भीष्म ने जिस प्रकार युद्ध किया उससे पांडव सेना का बड़ा विनाश हुआ। अब कृष्ण के कहने के बाद भी अर्जुन भीष्म से युद्ध करने के स्थिति में नहीं थे उन्हें भीष्म का प्रेम बांध जा रहा था। तब कृष्ण ने निर्णय लिया कि वे सुदर्शन धारण कर युद्ध करेंगे। इसके बाद अर्जुन को अहसास हुआ कि भगवान हमारे लिये अपना प्रण तोड़ रहें हैं और अपने सहज भाव से लड़ाई की। कृष्ण अगर यह निर्णय नहीं लेते तब युद्ध की दिशा ही बदल जाती। हमारा जीवन एक गलग निर्णय से प्रभावित हो जाता है। (ब्रम्हा विद्यालय आश्रम छोटका ,राजपुर, बक्सर, बिहार)

# कनाडा में सभी को अवसर



**कनाडा** के सशस्त्र बलों (सीएएफ) ने घोषणा की कि स्थायी निवासियों को अब सेवाओं में भर्ती की अनुमति दी जाएगी, क्योंकि सेना जवानों की कमी का सामना कर रही है। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। कनाडा में स्थायी निवासियों में बड़ी संख्या में भारतीय शामिल है और सीएएफ के फैसले से उनके लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। ह्यसीटीवी न्यूज' की खबर के अनुसार, ह्यरॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' (आरसीएमपी) के ह्यह्यपुरानी भर्ती प्रक्रिया'' में बदलाव लाने की घोषणा करने के पांच साल बाद ये घोषणा की गई। इस कदम से कनाडा में 10 साल से रह रहे स्थायी निवासियों को आवेदन करने की अनुमति होगी। नोवा स्कोशिया के ह्यरॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट' के अनुसार, इससे पहले स्थायी निवासी केवल ह्यस्किलड मिलिट्री फॉरेन एप्लिकेंट' (एसएमएस) कार्यक्रम के तहत आवेदन दे सकते थे। अब सेना में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को कनाडा का नागरिक होना चाहिए जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक (या 16, बशर्ते कि उनके पास माता-पिता की सहमति हो) हो और एक अधिकारी पद पर भर्ती के वास्ते आवेदन देने के लिए उनके पास ग्रेड 10 या ग्रेड 12 की शिक्षा की डिग्री होनी चाहिए। यह नियम स्थायी निवासियों पर भी लागू होंगे। सीएएफ ने सितंबर में हजारों पद रिक्त होने को लेकर चिंता जाहिर की थी। इनमें से आधे पदों पर भी भर्ती करने के लिए उसे इस साल हर महीने 5,900 सदस्यों को नियुक्त करना होगा

# हरि की नगरी हरिद्वार

कौशल

**गंगा** की नगरी हरिद्वार की महिमा बहुत निराली है। यहां पूजा और कर्मकांड से जुड़ा तमाम समान तो मिलता ही है, भगवान भी मिल जाते हैं। अब यह आपकी मर्जी कि भगवान को ध्यान लगाकर पाएं या अध्यात्म में डूब जाएं। यहां भगवान मंदिर में भी मिलते हैं, गंगास्नान से भी और सूर्य को अर्घ्य देते समय भी। हरिद्वार में मूर्तियों का बाजार यहां के सबसे पुराने मोती बाजार और हर की पैड़ी से सटे बड़ा बाजार में फैला है। पत्थरों की विशाल मूर्तियों के इस बाजार में पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखण्ड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मूर्ति खरीदार रोजाना मिल जाएंगे। ये वे लोग हैं जो शहर-गांव के मंदिरों में प्रतिष्ठित करने के लिए मूर्तियां लेने यहां आते हैं। नए मंदिरों के साथ-साथ पुराने मंदिरों में खंडित प्रतिमाओं की जगह नई मूर्तियां भी हरिद्वार से ले जाकर लगाई जाती हैं। दुकानों पर शिव दरबार, राम दरबार आदि बड़ी मूर्तियां भी उपलब्ध हैं। छोटे-बड़े नंदी भी मिल जाते हैं, देवी दुर्गा और उनकी सवारी सिंह भी। मंदिरों के मुख्यद्वार के दोनों ओर सजाने



के लिए गजराज भी यहां उपलब्ध हैं। विश्वकर्मा, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, महालक्ष्मी, पार्वती, कुबेर, कार्तिकेय, गणेश आदि तमाम देवी-देवता सुंदर प्रतिमाओं के रूप में सहज मिल जाते हैं। हरिद्वार में मूर्तियों का बाजार काफी समृद्ध है।

धर्मनगरी में भगवान की सभी मूर्तियां पीतल में भी मिलती हैं। तांबे और पीतल के तमाम पूजा बर्तनों से बाजार अटा पड़ा है। इनका उपयोग घरों के पूजास्थल पर होता है। भगवान के सभी स्वरूपों के वस्त्र भी यहां सहज मिल जाते हैं। कृष्ण की पीतल से बनी मूर्ति भी मिलेगी और लड्डू गोपाल भी। शालिग्राम तथा नर्मदेश्वर आदि भी भिन्न-भिन्न आकार में उपलब्ध हैं। बाजार में मूर्तियों और किसी भी प्रकार की पूजा-यज्ञ से जुड़ी तमाम सामग्री हर की पैड़ी क्षेत्र में मिल जाएगी। इस दृष्टि से हरिद्वार का मूर्ति बाजार उत्तर भारत का समृद्ध बाजार माना जाता है। एक और विशेषता इस नगरी की यह है कि यहां दर्जनों भवनों के प्रवेश द्वार अथवा बाहरी शिखर पर देव प्रतिमाएं विद्यमान हैं।

# एकाग्रता की प्रार्थना में ही संपूर्णता

डॉ. मधुसूदन शर्मा

**सत्य** और अहिंसा की भांति प्रार्थना भी महात्मा गांधी के जीवन का अभिन्न अंग थी।

सिख धर्म में अरदास सिख पूजा का अनिवार्य हिस्सा है। यह परमशक्ति से एक विनम्र प्रार्थना होती है।

पश्चिम में योग ज्ञान की अलख जगाने वाले योगी परमहंस योगानंद कहते हैं- हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति के दो तरीके हैं। एक है ऐहिक। उदाहरण के लिए, जब हमारा स्वास्थ्य खराब हो तो हम उपचार के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं।

लेकिन एक समय पर मानवीय सहायता निष्प्रभावी हो जाती। तब हम ईश्वर की शक्ति की ओर मुड़ते हैं। ऐहिक शक्ति सीमित होती है। हम समर्पण की भावना से श्रद्धा, भक्ति पूर्वक पूर्ण हृदय से प्रार्थना करें।

एक बार देवर्षि नारदजी ने भगवान से पूछा, देवेश्वर! आप कहां निवास करते हैं? इस पर भगवान ने कहा, नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न वै। मभ्दक्ता यत्र गायंति तत्र तिष्ठामि नारद। अर्थात हे नारद! मैं न तो वैकुंठ में ही रहता हूं और न योगियों के हृदय में ही रहता हूं। मैं तो वहीं रहता हूं, जहां प्रेमाकुल होकर मेरे भक्त मेरे नाम का कीर्तन किया करते हैं। मैं सर्वदा लोगों के अन्तःकरण में विद्यमान रहता हूं।ह्ल

परमहंस योगानन्द कहते हैं, प्रार्थना का पहला नियम है कि ईश्वर से केवल उचित इच्छाओं की ही पूर्ति की प्रार्थना करें । दूसरा नियम यह है कि उनकी पूर्ति की मांग ईश्वर का पुत्र होने के नाते से करें : मैं आपका पुत्र हूं।

आपको अपने हृदय में एक महान आनंद उमड़ता अनुभव होगा। आप परमेश्वर से प्रार्थना कीजिए कि प्रभु मेरी यह आवश्यकता है, मैं इसके लिए मेहनत करने के लिए तैयार हूं।

# झारखंड को चाहिए परिपक्व और सशक्त इच्छाशक्ति वाली सरकार



योगेन्द्र प्रताप सिंह

**झारखंड को परिपक्व इच्छाशक्ति वाली नेतृत्व की दरकार**

**पटरी से बेपटरी होता झारखंड में विकास कार्य**

**राजनीतिक अस्थिरता ने रोकी झारखंड की नैसर्गिक विकास की रफ्तार**

**15 नवम्बर,** 2000 को बिहार से पृथक होकर अस्तित्व में आया नवजात झारखंड अब पूरी तरह बालिग हो गया है। विडम्बना यह है कि जिन सवालों और दुश्वारियों को लेकर इस राज्य का जन्म हुआ, वह सवाल आज भी यथावत हैं। तिलका मांझी और सिधु-कान्हू के रक्त से सिंचित बिरसा के सपनों का झारखंड आज भी अधूरा है। राजनीतिक अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार के घुन के कारण यह राज्य कभी निरंतर विकास की अपनी नैसर्गिक गति नहीं पकड़ पाया, इसकी कसक हर झारखंडी जनमानस के दिल में है।

अटल बिहारी वाजपेयी छोटे राज्यों के पक्षधर रहे थे। उनका मानना था कि राज्यों का आकार छोटे होने से उन पर प्रशासनिक नियंत्रण, शासन-प्रशासन की पहुंच और विकास का सही खाका खींचने में सहूलियत होती है। 02 अगस्त 2000 को इससे संबंधित बिल संसद में पारित हुआ और उसी साल धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के पावन अवसर पर 15 नवम्बर को झारखंड देश के 28वें राज्य के रूप में देश के मानचित्र पर आया। वर्ष 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी चुनावी सभाओं को संबोधित करने झारखंड आए हुए थे। इस दौरान वाजपेयी ने दो टूक कहा था कि आप मेरी सरकार बनवाएं, मैं आपको अलग राज्य का तोहफा दूंगा। देश में 1999 - 2000 के दौरान तीन नए राज्यों के गठन की मंजूरी दी गई। जब झारखंड की होगी तब इस राज्य के साथ ही गठित दो हमउम्र राज्यों की भी होगी ही। सवाल अहम है कि झारखंड बाकी दोनों राज्यों से पीछे क्यों रह गया? बिहार के विभाजन के बाद 15 नवंबर, 2000 को गठित खनिज संपदा से भरा-पूरा राज्य झारखंड अपने साथ बने दो अन्य राज्यों के मुकाबले कहीं ज्यादा संपन्न था। यहां छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के मुकाबले प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता थी। काफी खदानें, खनिज और उद्योग थे। लेकिन इसके बावजूद ये दोनों राज्य आज सकल घरेलू उत्पाद और मानव विकास सूचकांकों के मामले में झारखंड से कहीं आगे हैं। राजनैतिक अस्थिरता, परिवारवाद, नेताओं का भारी भ्रष्टाचार ने इस राज्य का बंटाधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं। कौन भूल सकता है कि जब अलग राज्य बना तो यहां के लोग मांदर की थाप पर महीनों थिरकते रहे थे। लोगों के भोलेपन व निश्छलता का लाभ कतिपय राजनीतिक दलों ने भरपूर उठाया है।

अब सवाल तो स्वाभाविक है कि जिस राज्य में देश की कुल खनिज संपदा का 40 फीसदी हिस्सा हो, जर्मनी के बाद सबसे ज्यादा खनिज जिस राज्य में हो, जो भूभाग देश में कोयले की राजधानी का दर्जा रखता हो, जो राज्य बॉक्साइट, माइका, मैंगनीज और लौह अयस्क का खनन केंद्र हो, जहां भारत के दो सबसे बड़े स्टील संयंत्र हों, उस राज्य की 42.16 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर करती हो तो इसे विडम्बना नहीं तो क्या समझा जाए। झारखंड आज भी गरीबी और कुपोषण की मार झेल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सभी में राज्य की स्थिति चिंताजनक हो चली है।

बेशक राजनीतिक अस्थिरता झारखंड की नियति रही है। कई मौकों पर साबित हुआ है कि क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक महत्वकांक्षा देशहित और राज्यहित से कहीं बड़ी होती है। परंतु यह भी सोलह आना सच है कि जब-जब राज्य में भाजपा की सरकार बनी, राज्य विकास की पटरी पर फरार्टे भरता दिखा परंतु जैसे ही भाजपा की सरकार हटी पुनः राज्य की स्थिति बदतर होती चली गई। राज्य गठन के साथ ही झारखंड में पहली बार बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में इस राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी।

इसके स्वर्णिम कार्यकाल को लोग आज भी याद करते हैं। अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में भी भाजपा ने बेहतरीन कार्य किया। बाद में राज्य की क्या स्थिति हुई, किसी से छिपी नहीं है। 2014 से 2019 के दौरान भाजपा की स्थायी सरकार ने रघुवर दास के नेतृत्व में राज्य को पटरी पर लाया। ऐतिहासिक विधानसभा निर्माण की सौगात हो, कृषि आशीर्वाद योजना हो, महिलाओं के नाम से 50 लाख तक की निःशुल्क रजिस्ट्री सहित अन्य कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने इस दौरान अंत्योदय के चिंतन को अपने संकल्पों के माध्यम से पूरा करने का काम किया। परंतु जैसे ही कतिपय कारणों से सरकार सत्ता से हटी राज्य फिर उसी भंवर में फंसती चली गई। ऐसा नहीं है कि वर्तमान हेमंत सरकार के पास बहुमत का जादुई आंकड़ा नहीं है। परंतु जब कोई चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार राज्य को, राज्य की संपति को अपनी जागीर समझने लगती है तब ऐसा ही हश्र होता है।

2019 में मिले जनादेश की बदौलत सत्तासीन हेमंत सोरेन चाहते तो एक स्वर्णिम अध्याय लिखकर अपनी अलग छाप छोड़ सकते थे सच को स्वीकारना होगा।

झारखंड ना पक्ष का है और ना ही विपक्ष का, यह हमारा है यही सोच राज्य का कायाकल्प कर सकती है, राज्य की तस्वीर बदल सकती है। राज्य के हर नागरिक को अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी। राज्य को मजबूत राजनैतिक आकांक्षा की जरूरत है।

(लेखक झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी हैं)

# अपना

त्रिपुरारी पांडेय

आंखें जब भी रोई है ,
दिल जब भी टूटा है ,
उम्मीदों का स्वप्न टूटकर ,
जर्रा -जर्रा बिखरा है ,
वजह कोई अपना ही था !
की खिले -खिले से चेहरों पर
,जब भी गम छायी है ,
हंसती -खेलती जिंदगी में ,
जब भी खामोशी आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की विजयपथ के राहों पर ,
जब भी कांटें हमने पायी है ,
बनती -बनती उम्मीदों पर ,
जब भी विघ्नता आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की समंदर की लहरों को
झेलकर भी ,
जब भी कश्तियां किनारों पर
डूबी है ,गुजर रही बसंत जिंदगी में
,जब भी पतझड़ आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की जश्न हो रही महफिल की
,जब भी रंग बदला है ,
मेरे जीवन की हार पर ,
जब भी जश्न कोई मनाया है ,
वजह कोई अपना ही था !
की जब भी बेघर -बेदर होने
पर , कोई मंद -मंद मुस्काया है ,
जब भी हालातों के हाल
देखकर ,कोई छुप -छुप के मौज
उड़ाया है ,
वजह कोई अपना ही था !

**महिलाओं के अधिकार...**



साभार कॉटूनमूवमेंट

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अब चढ़ेगा दुनिया पर फुटबाल विश्व कप का नशा



सत्यनारायण गुप्ता

10 नवंबर को एडिलेड आस्ट्रेलिया में इंग्लैंड से हारने के बाद भारत में क्रिकेट का नशा उतर चुका है। लेकिन अब फुटबॉल का बुखार दुनिया भर के खेल प्रेमियों पर चढ़ने लगा है। भारत भी उससे अछूता नहीं है। कतर में 20 नवंबर से 18 दिसंबर 2022 तक 22 वां फीफा विश्वकप का आयोजित किया जा रहा है। मध्यपूर्व में पहली बार और एशिया में दूसरी बार फुटबॉल विश्व कप का आयोजन हो रहा है। फुटबॉल विश्व कप की शुरूआत 1930 में हुई थी। उरूग्वे में आयोजित इस टूनामेंट में कुल 13 देशों ने भाग लिया था। मेजबान उरूग्वे ने फाइनल में अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर जीता था। 1930 से ही हर चार साल में विश्वकप आयोजित होता रहा है,1942 और 1946 को छोड़कर जब द्वितीय विश्व युद्ध के कारण खेल नहीं हो पाए थे।

अब तक हुए 21 विश्वकप में 900 मैच खेले जा चुके हैं, जिनमें 2538 गोल हुए हैं। विश्वकप का पहला गोल 1930 में आयोजित पहले विश्वकप में फ्रांस के लूसियन लारेंट द्वारा किया गया। अब तक सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं -- ब्राजील के रोनाल्डो 15 गोल, जर्मनी के जर्ड मूलर - 14 गोल और फ्रांस के जस्ट फोंटेन -- 13 गोल। एक ही टूनामेंट में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड भी जस्ट फोंटेन के नाम है। इन्होंने 1958 विश्वकप में कुल 13 गोल किए थे। सबसे अधिक उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड रोजर मिला के नाम है। इन्होने 42 वर्ष की उम्र में गोल किया था। अब तक सर्वाधिक 5 बार ब्राजील ने विश्वकप का खिताब जीता है। इसके अलावा जर्मनी और इटली ने चार चार बार उरूग्वे, अर्जेंटीना और फ्रांस दो दो बार तथा इंग्लैंड और स्पेन एक एक बार खिताब जीत चुके हैं।

2022 के फीफा विश्वकप में जिन खिलाड़ियों से ज्यादा उम्मीदें हैं और जिन पर नजर रहेगी,वे हैं फीफा रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहने वाले अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी, नंबर दो पोलैंड के रोबर्ट लेवानडोवस्की, नंबर तीन पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो । इनके अलावा बेलान डी ओर अवार्ड जीतने वाले फ्रांस के करीन बेंजेमा, इंग्लैंड के हैरीकेन,मिश्र के मोहम्मद सालेह, ब्राजील के नेमार, उरूग्वे के लुईस सुआरेज व बेल्जियम के केविन डी ब्रुइन भी अपने जलवे बिखेरने के लिए तैयार हैं। जहां तक टीमों/देशों का प्रश्न है, ब्राजील, जर्मनी, इटली, फ्रांस, अर्जेंटीना, स्पेन, इंग्लैंड, पुर्तगाल और उरूग्वे खिताब के प्रबल दावेदार हैं।

अब तक फीफा विश्वकप में दक्षिण अमेरिकी और यूरोपीय देशों का बर्चस्व अधिक रहा है। लेकिन यह खेल दुनिया भर में लोकप्रिय है, भारत में भी। जबकि फीफा विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम 104 वें स्थान पर है।

विश्व भर के फुटबॉलप्रेमी जो कतर आना चाहते हैं, उनके लिए कतर सरकार ने हय्या कार्ड जारी किया है। हय्या कार्ड एक प्रकार का आईडी कार्ड होगा। कार्ड धारकों को वीजा नहीं लेना पड़ेगा, स्टेडियम तक जाने के लिए बस और मैट्रो का उपयोग कर सकेंगे और स्टेडियमों में प्रवेश मिल सकेगा। फाइनल मैच लुसेल के नेशनल स्टेडियम में होगा, जिसमें 88000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

मानवाधिकार उल्लंघन तथा फीफा विश्वकप आयोजन स्थलों के निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के शोषण का आरोप झेल रहा देश कतर के लिए फीफा विश्वकप का सफल आयोजन कर अपनी छवि सुधारने का अच्छा अवसर है।

स्पीड न्यूज

## जिला पुलिस प्रशासन आम जनता और प्रशासन के बीच अच्छे समन्वय को स्थापित करेः सुनील

**रजरप्पा।** बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार द्वारा एक संवैधानिक पद में रहते हुए पोचरा के ग्रामीणों को गंदी गंदी गाली देना एक भ्रष्ट पदाधिकारी वाले मानसिकता को दशाता है। ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी के चलते प्रशासन और आम जनता के बीच होने वाले अच्छे बैचारिक संबंध खराब होता है। यही कारण है कि आज आम जनता प्रशासन के सामने जाने में असहज महसूस करती है।

## प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण

**रजरप्पा।** वैष्णवी लेबर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन का सप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हुआ। बताते चले की वैष्णवी लेबर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के श्रमिकों का 10 नवंबर से 16 नवंबर तक कैडर प्रशिक्षण संगठन के प्रखंड कार्यालय में प्रशिक्षण दिया जा रहा था. यह प्रशिक्षण सीसीएल महाप्रबंधक रजरप्पा क्षेत्र के द्वारा दिए गए आरओएम /स्लरी /रिजेक्ट में रोजगार देने के आश्वासन के आलोक में चल रही थी।

## 4 लोग घायल, एक की हालत गंभीर

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सांडी फोरलेन मोड़ के निकट शनिवार को एक हीं दिशा में जा रहे दो मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर में एक हीं मोटरसाइकिल पर सवार सभी चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## स्पोर्ट्स डे पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में शनिवार को सपोर्ट्स डे का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने किया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से पांच तक के प्रतिभागियों के बीच 50 मीटर दौड़, बोरा दौड़, अंधा दौड़, चम्मच दौड़, जलेबी दौड़, जूता दौड़, स्वेटर दौड़, जिगजैक दौड़, बूढ़ा दौड़, बैलून दौड़ समेत विभिन्न स्पर्द्धाओं का आयोजन हुआ।

## स्वच्छता के बल पर संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है : सत्यवंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र दुंदुवा, शिवनगर बीटीटीआई एवं पुराना थाना मुहल्ला में शनिवार को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर हाथ धुलाई व स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि ग्राम पंचायत में सभी परिवार के पास आवश्यकता अनुसार शौचालय का निर्माण किया गया है और शत-प्रतिशत लोग शौचालय में ही शौच करते हैं। उन्होंने बताया कि दोतल्ला पंचायत विगत पांच वर्ष पूर्व ही खुले में शौच से मुक्त हो गया है।

## क्षेत्र में विकास मेरी पहली प्राथमिकताः विधायक

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह स्थित सांडी गांव में मुंडा टोला के अखरा मोड़ से मंडई तक व सर्विसिंग सेंटर से मधु साव के घर तक विधायक मद से लगभग 16 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक ममता देवी द्वारा नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि क्षेत्र में विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए मैने आज दो जगहों पर पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया हूँ। ताकि लोगों को इस पथ में आवागमन की सुविधा मिल सके। इस दौरान उन्होंने संवेदक को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर राजेंद्रनाथ चौधरी, चंद्रशेखर पटवा, लक्ष्मण महतो, सुधा देवी, सुबाला चौधरी, ललिता देवी, रेखा देवी, सीमा देवी, सूदन देवी सहित कई मौजूद थे।

# पत्थर माफिया ने लगायी क्रशर मशीन, ग्रामीणों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** थाना क्षेत्र के भुसाई, साडम और टेपसा गांव के सिमाना पर पत्थर माफिया द्वारा मनमानी तरीके से क्रशर मशीन लगाने का दर्जनों ग्रामीणों ने जम कर विरोध किया। ग्रामीण दर्जनों की संख्या में क्रशर लगाए जाने के स्थान पर पहुंच नारेबाजी भी की और किसी कीमत पर नहीं लगाने देने की बात कही। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा की पत्थर माफिया पहले ही इस क्षेत्र को बर्बाद कर चुके हैं, मगर अब सालों भर खेती और सब्जी फसल होने वाले भूमि को भी बर्बाद करने में लगे हैं। जहां क्रशर मशीन बैठाया जा रहा है वहां से मात्र सौ फीट की दूरी पर टमाटर, धनिया, बैगन के साथ चना, मटर, सरसो की खेती लगी है। अगर क्रशर मशीन चालू हो गया तो उसके डस्ट से पूरा क्षेत्र और खेती बर्बाद हो जायेगा। साथ ही ग्रामीणों ने कहा की पूरा क्षेत्र ईको सेंसिटिव जॉन घोषित है फिर पत्थर माफिया किसके सह पर क्रशर लगा रहे है। क्या उन्हे प्रशासन और सरकार का भी डर नहीं है। अगर पांच दिनों के अंदर क्रशर मशीन को नही हटाया गया तो मामले से सभी जिले के अधिकारियों को अवगत करा करवाई की मांग की जाएगी। विरोध करने वालों में रामराज सिंह, कामेश्वर, सिंह, आनंदी सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, बिलेश सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, संतोष सिंह, आलोक सिंह, बुलबुल सिंह, अभय सिंह, अभय पांडे, विक्रम सिंह, भूषण सिंह, जयजीत सिंह, रोहित सिंह, भावेश सिंह, कुणाल सिंह, ऋषभ सिंह, सुधाकर पांडेय, निधेश सिंह, भोलू सिंह, बंटी सिंह, आंसू सिंह, धर्मेंद्र सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।



पत्थर माफिया का विरोध करते ग्रामीण

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर शनिवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग सॉफ्टवेयर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के दौरान उप विकस आयुक्त ने सर्वप्रथम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रखंडवार जानकारी ली व प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सभी आवेदनों का योजनाबद्ध तरीके से जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने मनरेगा के तहत लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कर नई योजनाओं का चयन करते हुए ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में अदाणी फॉउंडेशन के कार्यों को देख प्रभावित हुई महिलाएं

### विकास और रोजगार के अवसर पैदा करता है खनन उद्योग

खबर मत्र संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव की महिलाओं को एक अनोखा अवसर प्रदान किया। फॉउंडेशन के सहयोग से यहां की 25 महिलाओं ने छत्तीसगढ़ स्थित विभिन्न खनन परियोजनाओं का दौरा किया और वहां कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों को नजदीक से देखा। इन कार्यों को देख महिलाओं का समूह बेहद प्रभावित हुआ और इसे गोंदलपुरा और आसपास के गांव में भी शुरू करने की इच्छा जाहिर की। अपने तीन दिवसीय इस दौरे में महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के परसा और सालही में अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही परियोजना ₹उन्नयन₹ का दौरा किया। इस दौरान महिलाओं ने यहां चल रही गतिविधियों जैसे - मसाला पीसने और पैकेजिंग, डेयरी, जैविक खाद उत्पादन इकाई, सेनेटरी पैड बनाने की इकाई, हरा चारा खेती फार्म, नर्सरी पालना, वर्षा जल संचयन तालाब और स्वस्थ सुविधा केंद्रों और नौनिहाल की सामाजिक पहल आदि को करीब से देखा। छत्तीसगढ़ की स्थानीय महिलाएं इन गतिविधियों में शामिल होकर स्वरोजगार के साथ अच्छी आमदनी कर रही हैं, जिसे देख बड़कागांव की महिलाएं बेहद खुश हुई। इसके अलावा बड़कागांव की महिलाओं ने परसा और साल्ही गांवों में बच्चों की शिक्षा के लिए शिक्षण आश्रय को भी नजदीक से देखा, जहां बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ उनके रहने के भी बेहतर इंतजाम हैं। इससे पहले आयोजित किए गए एक अनुभव सत्र में बड़कागांव की महिलाओं ने वहां के सदस्यों से उनके अब तक के अनुभव को जाना और इस पहल से उनके जीवन में आए बदलावों को भी महसूस किया। सत्र के दौरान, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने महिलाओं के जीवन में आए परिवर्तन और उसके सामाजिक प्रभावों को भी जाना। कार्यक्रम में गोंदलपुरा परियोजना के साइट हेड धर्मेंद्र दुबे और सीएसआर विभाग के प्रबंधक रवि टोप्पो समेत अन्य ने भाग लिया।



मौके पर उपस्थित ग्रामीण

## रोटरी रामगढ़ सिटी का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

**रामगढ़।** थाना चौक में स्थित होटल शिवम इन के सभागार में 18 नवंबर को रोटरी रामगढ़ सिटी का स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ। सर्वप्रथम लक्षिता गोयल द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव ठाकुर एवं उनकी पत्नी पूनम ठाकुर, असिस्टेंट गवर्नर अरविंद गोयल, वर्तमान अध्यक्ष हरीश चौधरी, सचिव अनिल गोयल , निवर्तमान सचिव रूपेश गुप्ता , चार्टर अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया। रोटरी रामगढ़ सिटी के नए अध्यक्ष हरीश चौधरी एवं सचिव अनिल गोयल के नेतृत्व में नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया। निवर्तमान सचिव रूपेश गुप्ता ने बीते कार्यकाल के लिए सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। नए अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा की रोटरी रामगढ़ सिटी समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य करती रहेगी तथा इस सत्र में रोटरी रामगढ़ सिटी के छह नए सदस्यों का सदस्यता ग्रहण कराया गया।

# शिक्षा के मंदिर में गुरु, पुजारी व विद्यार्थी भक्त होते हैं : रत्नेश

### एस्पायर कोचिंग के दो छात्र विशाल व निक्की बने स्टेशन मास्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर के दो छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर अपने माता-पिता, संस्था और पूरे कोयलांचल का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर शनिवार को कोचिंग प्रांगण में समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने दोनो सफल छात्रों को उपहार देकर सम्मानित करते हुए बताया रेलवे द्वारा आयोजित एनटीपीसी की परीक्षा में विद्यार्थियों ने स्टेशन मास्टर के पद पर सफलता अर्जित की है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि स्टीम कॉलोनी पतरातू निवासी जवाहर लाल के पुत्र सह एस्पायर कोचिंग का छात्र विशाल कुमार और केकेसी पोड़ा सयाल निवासी हरिश्चंद्र के पुत्र सह संस्था का छात्र निक्की कुमार का अंतिम रूप से स्टेशन मास्टर के पद पर चयन हुआ है। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। परिश्रम के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि कठिन लगन और परिश्रम से किया गया मेहनत एक न एक दिन जरूर रंग लाती है। विद्यार्थियों की सफलता पर निर्देशक रत्नेश कुमार, शिक्षक नितेश सिंह, प्रमोद वर्मा, राकेश सिंह, अभिषेक मिश्रा, जयंत, शुभम, रोशन सहित विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है।




सफल विद्यार्थी को उपहार देकर सम्मानित करते संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार व अन्य

## एलएनटी कंपनी पर अधूरा कार्य करने का आरोप

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र और मेरु में एलएनटी कंपनी के द्वारा जो पाइपलाइन बिछाया जा रहा है वह कई जगहों पर आधे अधूरे काम करके छोड़ दिया जा रहा है। जिले के कई वार्डों में एलएनटी कंपनी का काम संतोषजनक नहीं है।उदाहरण के तौर पर वार्ड नंबर 19 ओकनी में सुमन कुमार पप्पू के घर से सत्येंद्र उपाध्याय के घर तक मेन रोड को छोड़ दिया गया है। संबंधित पदाधिकारियों से पूछने पर उनका कहना है कि सर्वे में छूट गया है इसलिए वहां काम नहीं हो पाया। नगर पालिका के संबंधित पदाधिकारियों, स्थानीय वार्ड पार्षद एवं एलएनटी कंपनी के कई पदाधिकारियों से बात करने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। बताया जाता है कि करीब 60 वर्षों के वार्ड नंबर १९ में नया पाइपलाइन बिछाया जा रहा है। यह काम अगर छूट गया तो कम से कम १५ से २० घरों में पानी का कनेक्शन नहीं लग पायेगा। बावजूद इसके किसी को भी इस बात की चिंता नहीं है।स्थानीय लोगों में आक्रोश है । उनलोगो ने आग्रह किया है कि समय रहते इस मेन गली में पाइपलाइन को बिछा दिया जाए अन्यथा नगर निगम का जो चुनाव होने वाला है इसमें स्थानीय लोग इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

### हजारीबाग के जरूरतमंद मरीजों की आस बनकर उभरे सदर विधायक मनीष जायसवाल

# कटकमसांडी के जरूरतमंद मरीज को पेट सिटी स्कैन करवाने के लिए किया 25 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमसांडी निवासी स्वर्गीय बंधन राम के पुत्र प्रेम राम ने जब विधायक मनीष जायसवाल के दफ्तर में स्थानीय भाजपा नेताओं और समाजसेवियों के सहयोग से संपर्क साधा तो उनके दर्द से विधायक मनीष जायसवाल पिघल गए।

मरीज प्रेम राम एक गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने के उपरान्त दो बार सर्जरी कराकर लाचार वह निराश हो चुके हैं और ऐसे में जब चिकित्सकों ने एक महंगा चिकित्सीय जांच पेट सीटी स्कैन करवाने का निर्देश दिया तो आथोर्भाव की स्थिति में उनके समक्ष कोई रास्ता नहीं दिखा.१ अंततः उन्होंने क्षेत्र के विधायक मनीष जायसवाल से संपर्क साधा। विधायक मनीष जायसवाल ने तत्काल जरूरतमंद मरीज प्रेम राम के चिकित्सीय जांच पेट सीटी स्कैन के लिए 25 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग निजी स्तर से किया। विधायक मनीष जायसवाल ने भविष्य में भी इलाज में हर संभव सहयोग का आश्वासन उन्हें दिया। विधायक मनीष जायसवाल के आर्थिक सहयोग के बाद जरूरतमंद मरीज का पेट सीटी स्कैन हुआ और इलाज की कार्रवाई आगे बढ़ी। इससे पूर्व विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी के ही रहने वाले गुरु रविदास के सुपुत्र के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद इलाज के लिए 50 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग पहुंचाया था।

कटकमसांडी के ही रहने वाले सरजू सिंह की धर्म पत्नी के इलाज के लिए भी उन्होंने 50 हजार का सहयोग किया था। ऐसे ही अनगिनत उदाहरण है जो विधायक मनीष जायसवाल के मानवीय मूल्यों के प्रति सचेतना और जरूरतमंदों के सहयोग के लिए समर्पण भावना को प्रदर्शित करता है। हजारीबाग जिले के बाहर के जिले के भी मरीजों को उन्होंने लाखों रुपए का सहयोग निजी स्तर से पहुंचा कर ससमय इलाज में संजीवनी का काम किया है। जरूरतमंद मरीज प्रेम राम के सहयोग के लिए विधायक मनीष जायसवाल का कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, भाजपा एससी मोर्चा के नेता अजीत दास, प्रेम राम का सुपुत्र आकाश कुमार दास, श्यामदेव रविदास और लखन कुमार दास सहित अन्य लोगों ने आभार व्यक्त किया और विधायक मनीष जायसवाल के गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति उदारता की भावना की भूरी- भूरी प्रशंसा की एवं ईश्वर से उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की।



चेक प्रदान करते सदर विधायक

एक नजर में

## वन विभाग ने अवैध कोयला लदा ट्रक किया जप्त, मामला दर्ज



जप्त ट्रक

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के गोबिंदपुर जंगल से शुक्रवार की रात करीब दो बजे के आसपास अवैध कोयला लदा बारह चक्का जिसका नंबर जे एच 02/1848 नंबर की ट्रक को चालक सहित वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर पकड़ा। वन विभाग को गुप्त सूचना मिली की गोविंदपुर से सटे चितरामो, हुरलूग के रास्ते अवैध कोयला बड़े वाहनों में लोडकर गोविंदपुर रास्ते ले जाया जा रहा है।जिसको लेकर क्षेत्र पदाधिकारी के द्वारा एक सघन छापेमारी अभियान चला कर पकड़ा गया।इस मामले को लेकर अवैध कोयला लदा ट्रक को जप्त कर वाहन चालक पर मामला दर्ज किया गया है। जप्त ट्रक को बगोदर वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर ले जाकर रखा गया है। घटनास्थल से विशेश्वर महतो और बरतू उरांव को गिरफ्तार किया गया। वहां आरोपी को भारतीय वन अधिनियम एवं झारखंड 1 कोस अभिवहन का विनियमन नियमावली के सुसंगत धाराओं में करवाई कर आरोपी तालेश्वर साव (वाहन स्वामी), चालक प्रदीप सिंह, विशेश्वर महतो, बरतू उरांव चार को अभियुक्त बनाया गया है।जबकि चालक प्रदीप सिंह जंगल का लाभ लेकर भागने में सफल रहा। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का वन अपराध कार्य नहीं होने दिया जाएगा। जो भी पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।छापेमारी टीम में शामिल प्रक्षेत्र के संजीत रविदास(प्रभारी वनपाल) टाटीझरिया, अंशु कुमार( प्रभारी वनपाल सरिया), मो0 असलम अंसारी, देवनारायण दास, बिनोद गंजू, राजा अहमद (प्रभारी वनपाल चतरोचट्टी), विकास महतो, रवि कुमार शामिल थे।

## विधायक ने ग्रामीणों को दिलाया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड क्षेत्र के होरम मे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना विधायक अंबा प्रसाद को दूरभाष के माध्यम से दिया जिसके बाद विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत संज्ञान लिया एवं ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।ट्रांसफार्मर मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी बिजली की समस्या होती है तो सीधे बिना किसी संकोच के बताएं ताकि समस्या को दूर किया जा सके।ट्रांसफार्मर मिल जाने की खुशी में प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मिंटू कुमार,बलदेव महतो, बालेश्वर महतो,सिकंदर महतो, फूलचंद महतो,कारू महतो समेत समस्त ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।

## ओबीसी का 27% आरक्षण लागू कराया जाये : कुशवाहा महासभा



गोष्ठी में शामिल डॉ. आर सी मेहता व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** झारखंड के पंचायत चुनाव में ओबीसी समाज बिना आरक्षण के पंचायत चुनाव होने पर ठका महसूस कर रहा है। अब बिना आरक्षण के नगर निकाय चुनाव का फरमान झारखंड चुनाव आयोग द्वारा जारी कर दिया गया जो न्याय उचित नहीं है झारखंड सरकार से झारखंड कुशवाहा महासभा मांग करती है जब तक झारखंड में 27% आरक्षण लागू नहीं होता है चुनाव को स्थगित किया जाए। स्मरण करने की जरूरत है 27% से 14% ओबीसी का आरक्षण करने पर एक माननीय को सत्ता गवानी पड़ी है यह बातें झारखंड कुशवाहा महासभा के मुख्य केंद्रीय सलाहकार डॉ आरसी मेहता ने मेहता अस्पताल कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित ओबीसी गोष्टी सभा के महा गोष्टी में कहा। मौके पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मेहता ने कहा की झारखंड में एक ही मांग जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी हो। झारखंड सरकार बिहार के तर्ज पर जातिगत जनगणना तत्काल शुरू करें! एवं मध निषेध कानून भी बिहार के तर्ज पर लागू करें क्योंकि नशा पान पिछड़ापन गरीबी बीमारी का मुख्य कारण है। अन्यथा सभी तरह के आरक्षण को समाप्त किया जाए। आज एसी, एसटी,वीकर सेक्शन सवरनों के लिए आरक्षण है और बहुसंख्यक पिछड़ों के लिए आरक्षण नहीं है इस सौतेला व्यवहार का मे घोर निंदा करता हूं गोष्ठी में मुख्य रूप से बसंत मेहता, मुकेश राणा, प्रदीप मेहता, प्रो राजेंद्र जाधव फुल हक, कुलेश्वर साहू, अनिल जाधव, मुकेश चंद्रवंशी, सरजू प्रजापति, प्रमिला कुमारी, रत्नेश कुमार, प्रयाग महतो,सीताराम मेहता,गिरधारी कुशवाहा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता में नदिया हिंदू विद्यालय ने कुल 46 मेडल जीता



लोहरदगा। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्लस 2 नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के खिलाड़ियों का जबरदस्त प्रदर्शन। प्रतियोगिता में कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, कराट, फुटबॉल, एथलेटिक आयोजित हुआ। सभी खेलों में नदिया स्कूल के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल की झड़ी लगा दी। 28 गोल्ड समेत कुल 46 मेडल जीते हैं। कराटे में 3 गोल्ड मेडल, कुश्ती में 5 गोल्ड 6 रजत पदक प्राप्त हुआ है। वहीं एथलेटिक में 14 गोल्ड मेडल, 4 रजत पदक और 2 कांस्य पदक मिला है। इसके अलावा टीम खेल में फुटबॉल, कबड्डी बालक बालिका टीम अपने प्रखंड में चैंपियन बने हैं। हॉकी बालक वर्ग में चैंपियन बना है। वॉलीबॉल में बालिका टीम चैंपियन बनी है । बालक टीम उपविजेता हुआ है । इन सभी खेलों का अच्छे प्रदर्शन के लिए वहां के शारीरिक टीचर आरती कुमारी का कड़ी मेहनत और बच्चों का मेहनत के के बल पर सभी खेलों में जबरदस्त प्रदर्शन किया है नदिया स्कूल के खेल टीचर आरती और प्रिंसिपल अनिता का काफी अथक प्रयास रहा है। इसके अलावा पुष्पा कुमारी, शकुंतला, पुनीत, पूनम, अनिल कुमार आदि का सहयोग रहा है।

### विद्या मंदिर में मना गौरव दिवस

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में जनजातीय गौरव दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया` कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया ।आगत अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कराया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण भगत, जिला राज्य पहाड़ा व्यवस्था का बेल (राजा), विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, शोभा देवी ,वनवासी कल्याण आश्रम के राजेश्वर राव उपस्थित थे ।विद्यालय के भैया ,बहनों द्वारा स्वागत गीत, भाषण ,नागपुरी नृत्य ,समूह गान के आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण भगत ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंग्रेजों के गुलामी से भारत को आजाद कराने के लिए जनजाति समाज में जोश भरा साथ ही साथ समाजिक कुरीतियों और धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ाई लड़े। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या उपस्थित थे ।

### परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को माध्यमिक वार्षिक परीक्षा और इंटरमीडिएट, परीक्षा-2023 के लिए लोहरदगा जिला में परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेक बैठक हुई। बैठक में जिला में माध्यमिक परीक्षा-2023 के लिए 17 केंद्र और इंटरमीडिएट की परीक्षा के परीक्षा के लिए 11 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई और सहमति बनी।बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पुत्र लापता, मां ने दर्ज कराई सन्हा



सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गाँव निवासी स्व भीम लोहरा का पुत्र राजेश लोहरा 9 नवम्बर को लोहरदगा जाने की बात बोल कर सुबह साढ़े बजे घर से निकल जो घर नहीं लौटा। पुत्र के घर नही लौटने पर माँ ने छानबीन करने लगी, लेकिन पता नहीं चला। माँ देवन्ती देवी ने शुक्रवारे को सेन्हा थाना में सनहा दर्ज कराते हुए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### तेली समाज का जल्द होगा चुनाव : कैलाश



लोहरदगा। छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक जिला अध्यक्ष कैलाश साहु की अध्यक्षता में हुई। कैलाश साहु ने वर्तमान कार्यसमिति को भंग करने का घोषणा किया। साथ ही अगली बैठक 11 दिसम्बर को तेली धर्मशाला में समय अपराह्न 1 बजे से बुलाया, जिसमें विचार विमर्श कर नए कार्यसमिति का चुनाव कराने हेतु कोर कमिटि गठन किया जाएगा । जिनके नेतृत्व में चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा । बैठक 11 दिसम्बर को समाज के सभी वरिष्ठ , सभी पदाधिकारी ,युवा एवं महिला मोर्चा के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सामिल होने की अपील की गई है ।

### इमरजेंसी केयर ने लगाया कैंसर शिविर



लोहरदगा। अग्रसेन भवन में इमरजेंसी केयर संस्था के तत्वावधान में निशुल्क कैंसर जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद सुदर्शन भगत और इमरजेंसी केयर के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। जय श्री राम समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन ने सांसद को गीता भेंट कर उनका स्वागत किया। जांच शिविर में जिले के विभिन्न गांव से आए 200 लोगों ने अपना निबंधन कराया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि इमरजेंसी केयर संस्था जिले में मेडिकल और ब्लड डोनेशन कैंप को लेकर लगातार कार्य कर रही है। कैंसर जैसे असाध्य रोग की जांच के लिए कैंसर स्क्रीनिंग वैन की व्यवस्था समाज के लिए एक बेहतर कदम है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी केयर संस्था के हर सामाजिक कार्य पर मैं उनके साथ हूं। संस्था के उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने कहा की अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा यह कार्यक्रम जब से चालू किया गया है, तभी से वह प्रयासरत थे कि लोहरदगा में भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश उनकी माता का स्वर्गवास कैंसर के कारण ही हुआ था। इसलिए उन्हें पता है की इस बीमारी के फैलने से पहले ही सही समय पर जांच हो जाए तो लोगों की जान बच सकती है।

# गुमला में जलापूर्ति पाईप क्षतिग्रस्त

## सर्किट हाउस के पास फटा पाईप लाइन, पानी के लिए तरस रहे हैं लोग

खबर मन्त्र

गुमला। सड़क निर्माण कार्य में लगे संवेदकों की लापरवाही के कारण शहर में अक्सर जलापूर्ति पाईप लाइन क्षतिग्रस्त हो रहा है। जिसे आस-पास के क्षेत्र के लोगों को पानी नहीं मिल पाता है। वहीं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरूस्त करने में पीएचईडी विभाग द्वारा विशेष दिलचस्पी नहीं दिखाये जाने के कारण सैकड़ों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है। जबकि शहर के कई क्षेत्र के लोग पानी के लिए पानी-पानी हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला गुमला शहर के करमटोली जाने वाले मार्ग सर्किट हाउस के पास की है। जहां पाइप लाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी मात्रा में पेयजल बर्बाद हो रहा है। वहीं पीएचडी विभाग के द्वारा फटे पाईप लाइन को ठीक नहीं किया जा रहा है। यह मामला पिछले एक सप्ताह से जारी है। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो क्षेत्र में पानी की समस्या है। जलापूर्ति पाईप के क्षतिग्रस्त होने से मुहल्ले के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। काफी दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता है। पानी बर्बाद होने की सूचना विभाग को देने के बावजूद भी इस पर अब तक कोई पहल नहीं की गई। वहीं पिछले दिनों फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान जलापूर्ति का मेन पाइप लाईन क्षतिग्रस्त हो गया था और शहर में तीन दिनों तक जलापूर्ति बाधित हो गई थी।



# गुमला में भाजपा की जनाक्रोश रैली का समापन 22 को, अर्जुन मुंडा होंगे शामिल

## राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर : अनूपचंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। भाजपा द्वारा राज्य में नीचले स्तर से शीर्ष तक फैले भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की नीति, धर्मांतरण-लव जिहाद, आदिवासी भाई बहनों पर अत्याचार, मुख्यमंत्री के करीबी रहे वरिष्ठ जनों के नित्य प्रतिदिन उजागर हुए काले कारनामे आदि ज्वलंत समस्याओं के खिलाफ 7 नवंबर से 13 नवम्बर तक चले जन आक्रोश रैली 22 नवंबर को संपन्न होगा।

शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भाग लेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर 20 नवंबर को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक उत्कल प्वांईट पालकोट रोड में रखा गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन के राज्य में सतासीन होते ही भ्रष्टाचार का पैमाना पूरे राज्य में बढ़ गया।

उन्होंने कहा कि राज्य के बहु-बेटियों पर अत्याचार बढ़ा और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सरकार के सभी विभागों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता का काम बिना पैंसों का नहीं हो रहा है। राज्य की जनता सरकार के गलत नीतियों से त्राहिमाम कर रही है। इस अवसर पर सत्यनारायण पटेल, संजय साहु, अरविंद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### दामाद ने ससुर को टांगी से मारकर की हत्या

बिशुनपुर। थाना क्षेत्र के केचकी ढांड टोली निवासी 60 वर्षीय फगुआ उरांव को दमाद सीताराम उरांव ने शुक्रवार शाम टांगी से मारकर हत्या कर दी। इसकी सूचना बिशुनपुर पुलिस को शनिवार सुबह 7 :00 बजे मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल गांव पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए आरोपी सीताराम को भी गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार शाम 4 :00 बजे के आसपास फगुआ मेरा आया और हम लोग एक साथ दारु पीने लगे तभी मुझे कहा कि तुम यहां जमीन हड़पने के उद्देश्य घर दामाद बन कर रह रहे हो तो मैंने कहा कि मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं मेरे ससुराल के लोग तो ऐसा कुछ भी नहीं कहते है तो इस बात को लेकर वह जिद करने लगा और कहने लगा कि अगर ऐसा नहीं है तो तुम्हें घर पत्नी को लेकर चले जाना चाहिए। इसी बात को लेकर मुझे गुस्सा आ गया और मैं उसे घर से चले जाने को कहा और वह घर से निकला भी परंतु मुझे गुस्सा बर्दाशत नहीं हो रहा था मैं घर में रखे टांगी लेकर निकला और घर से कुछ दूर पहुंचे फगुआ पर पीछे से वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# रानी लक्ष्मीबाई की जयंती धूमधाम से मनी

## सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा के बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई का किया रूप सज्जा



घाघरा। सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में शनिवार को महान वीरांगना झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। स्वतंत्रता की देवी महारानी लक्ष्मीबाई अमर रहे के नारों से विद्यालय गुंजायमान हो उठा। वहीं कार्यक्रम को समारोह पूर्वक मनाया गया। लक्ष्मीबाई की तस्वीर पर सर्वप्रथम सचिव अंकिता श्री के द्वारा पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसके पश्चात सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यालय के उप- प्राचार्य एलटीएन साहदेव ने विद्यालय के सभी छात्र - छात्राओं के समक्ष लक्ष्मीबाई के संपूर्ण जीवन गाथा पर प्रकाश डाला तथा बच्चों में देशभक्ति की मशाल प्रचलित करने का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में प्रत्येक छात्राओं को झांसी की रानी के समान बनना चाहिए ताकि वे अपने आसपास मंडराते काले बादलों से अपनी आत्म सुरक्षा कर सके। इस मौके पर बच्चों ने एकांकी का मंचन किया। जिसमें 64 बालिकाओं ने लक्ष्मीबाई की आकर्षक वेशभूषा तथा 21 बालकों ने अंग्रेजों की रूप सज्जा में युद्ध करते हुए दिखाया गया। जिसमें लक्ष्मीबाई अमर रहे के नारे बुलंद किए गए। वहीं लक्ष्मीबाई एकांकी प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पर क्लास यूकेजी के रीवा कुमारी, द्वितीय स्थान पर क्लास वन की पलक कुमारी तथा तृतीय स्थान पर क्लास 2 के समृद्धि कुमारी तथा आस्था पाठक रही। प्रतियोगिता के विजेताओं को सचिव के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में 100 मीटर गर्ल्स जूनियर , 200 मीटर रेस जूनियर गर्ल्स एंड जूनियर बॉयज, लोंग जंप सीनियर बॉयज, लोंग जंप सीनियर गर्ल्स आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। कार्यक्रम में कई शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्रा उपस्थित थे।

### रसोइया- संयोजिका के आंदोलन में शामिल हुए जेएनडी संयोजक और सीपीआई नेता



गुमला। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ गुमला के द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के समक्ष चल रहे बेमियादी हड़ताल का समर्थन करते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड बसंत गोप धरना में शामिल हुए। मौके पर नेताओं ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन को जनसमस्याओं का समाधान करने के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि 3 दिन से रसोईया व संयोजिका अपने वाजिब मांग को लेकर दिन रात आंदोलन कर रहे हैं और अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होना तानाशाही रवैया को दशार्ता है । नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने की स्थिति में पार्टी पूरे दलबल के साथ आंदोलन में शामिल होंगे और विभाग का घेराव करने के लिए पार्टी को मजबूर होना पड़ेगा । मौके पर ही जिला शिक्षा अधीक्षक गुमला से दूरभाष पर बात कर रसोईया संयोजिका संघ का प्रस्तावित मांग पर तुरंत कार्रवाई करने की बात भी नेताओं ने कही है।

### मोतियाबिंद जांच व ऑपरेशन 27 को

गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा 27 नवंबर को लायंस आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें इच्छुक व्यक्ति अपना वोटर आईडी कार्ड का फोटो कॉपी ला कर अपना रजिस्ट्रेशन मेन रोड में अशोक जायसवाल के यहां करा सकते हैं। शिविर में रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉक्टर नवल व टीम के द्वारा जांच एवं ऑपरेशन किया जाएगा।

# बालिका वर्ग में कामडारा ने जीता अल्बर्ट एक्का हॉकी टूर्नामेंट

## कार्तिक उरांव कॉलेज की टीम को दिया गया वॉक ओवर



गुमला। संत इग्नासियुस स्ट्रोट्फ हॉकी मैदान में चल रहे परमवीर अल्बर्ट एक्का हॉकी लीग मैच के तैंतीसवें दिन बालिका वर्ग का मैच कमडारा हॉकी टीम बनाम राजावल हॉकी टीम के बीच खेला गया। जिसमें कामडारा की टीम 5-0 से बिजय रही। वहीं बालक वर्ग का मैच कार्तिक उरांव कालेज बनाम चाकडी डीपा डुमरी के बीच होना था। लेकिन डुमरी की टीम ससमय उपस्थित नहीं हुए इसलिए कालेज टीम को वाक ओवर दिया गया। संयोजक नोर्बट कुजूर ने बताया कि अगले सप्ताह से सुपर लीग का मैच प्रारंभ किया जाएगा। सुपर लीग में अंक के आधार पर सेमीफाइनल मुकाबले निर्धारित किया जाएगा। वहीं चार दिसंबर को भव्य आयोजन के साथ फाइनल मुकाबला बालक व बालिका वर्ग का होगा। उन्होंने कहा कि बालक वर्ग व बालिका वर्ग के विजेता व उप विजेता टीम को सम्मानजनक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मौके पर चुमनू उरांव, पीटर तिर्की, संदीप टोप्पो,अभय टोप्पो, रोशन मिंज,नोरबर्ट कुजूर, अल्बर्ट तिग्गा, दुलार साहू,बिबयानी कोंगाड़ी, अनीता होरो उपस्थित थे। रेफरी की भूमिका में तिनतुस हेम्बम सुचित तिर्की ने निभाई।

# लोहरदगा में 23 को भाजपा की जनाक्रोश रैली

## जिला भाजपा अध्यक्ष मनीर उरांव ने कार्यकर्ताओं से रैली में काफी संख्या में आने का किया आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की बैठक जिला कार्यालय में 3 नवंबर को हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार एवं राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर समाहरणालय के समक्ष जन आक्रोश रैली होगा।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ है। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर को मुख्यालय में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर प्रदर्शन के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार के शासन में भ्रष्टाचार एवं राज में बढ़ती अपराधिक गतिविधियां के खिलाफ जन आक्रोश प्रदर्शन करने का आह्वान किया है । ऐसी लूटपाट करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का काम जनता करेगी। मौके पर वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा भाजपा के कार्यकर्ता जन जन तक जन आक्रोश रैली का उद्देश्य बताएं जनता खुद चाहती है कि अब भ्रष्ट सरकार को उखाड़ने के आज किसी भी कार्यालय में बिना भ्रष्टाचार का कोई काम होता नहीं है जिले में अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं भाई का वातावरण व्याप्त है। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में जिस तरह की लूट मची है वह 22 वर्षों में कभी दिखाई नहीं दी है आज हमारे जिले के बालू की लूट जिस तरीके से हुई है आज नदियों में जाने के बाद बालू खोज कर निकालना पड़ रहा है।बैठक में जिला उपाध्यक्ष हर्ष नाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू ,सूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, समेला भगत, मीना बाखला, भारती सिन्हा, अनिल उरांव, मनीष शिखर, , जितेंद्र महतो,नासिर अंसारी , अमित लोहरा, दिलीप लकड़ा, सुदामा प्रसाद ,नवीन कुमार साहू ,मुकेश साहू, विवेक सोनी ,अमरेश भारती आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चैनपुर में मां-बेटे को कार ने रौंदा, दोनों गंभीर



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के डहुडगांव पुल के पास तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से रायडीह थाना क्षेत्र के बहरा पाठ निवासी मां-बेटा 55 वर्षीय कलावती देवी व 13 वर्षीय मुकेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बेहरा पाठ निवासी कलावती देवी व उसका पुत्र मुकेश सिंह अपने रिशतेदार के घर पकरी टोली आए हुए थे। जहां से वापसी के लिए डहुड ड़गांव पुल के पास बैठकर यात्री वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी चैनपुर की ओर से आ रही लाल कलर की टी यू वी कार ओडी 14 एबी 2718 ने दोनों को अपनी चपेट में लेकर रौंदते हुए आगे निकल गई। जिससे महिला समेत बच्चे को गंभीर चोट लगी। इस घटना में महिला का दोनों पैर टूर गया वहीं शरीर के कई हिस्सो में चोट लगी। वहीं बच्चे की हालत भी नाजुक बनी हुई है। घटना के पश्चात उसी वाहन से दोनों घायलो को चैनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उनका प्राथमिक इलाज कर बेहतर ईलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। गुमला अस्पताल से बच्चे को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा वाहन सिखने के दौरान चालक ने मां -बेटे को धक्का मार दिया।

### सिसई : कुंए में गिरने से युवक की मौत



सिसई। सिसई थाना क्षेत्र के छारदा रोड चाला पेट्रोल पंप के पीछे स्थित कुआं से सिसई खेदुवा टोली निवासी 35 वर्षीय अजय उरांव उर्फ चरका का शव सिसई पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मृतक सिसई के ही बस्ती करमटोली में भीखराम उरांव के साथ धान की खेती किया था। उसी धान की कटाई के बाद मिसाई के लिए मृतक भीखराम के घर गया हुआ था। धान मिसाई के बाद भीखराम के घर में ही सो गया। जिसके बाद रात लगभग सात-आठ बजे वापस मृतक खेत की ओर से अपना घर खेदुवा टोली लौट रहा था कि खेत में बने एक कुआं में गिर पड़ा।

### घाघरा में खेत से वृद्ध महिला का शव मिला

घाघरा। घाघरा पुलिस ने चुंदरी पंचायत के महुगांव गांव के एक खेत से एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव शनिवार को बरामद किया है। एसआई अभिषेक कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह दूरभाष पर जानकारी मिली की उक्त स्थल पर एक वृद्ध महिला का शव पड़ा है। जिसके बाद जाकर देखा गया और ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो पता चला कि उक्त महिला पिछले कई दिनों से गांव में ही इधर-उधर भटक रही थी और आंशिक विक्षिप्त थी। अंदेशा लगाया जा रहा है कि अत्यधिक ठंड के कारण वृद्ध महिला की मौत हुई है।

### राजेश ठाकुर को रमेश चीनी ने बधाई

गुमला। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। इसके साथ ही ठाकुर को मंत्री स्तर का दर्जा प्राप्त हो गया है। इसपर जिले के कांग्रेसियों में खुशी है। वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने बधाई देते हुए कहा कि इससे पार्टी का सम्मान बढा है। आशा है कि ठाकुर के नेतृत्व में संगठन और भी धारदार एवं संगठित हो। बधाई देने वालों में अकीर रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, हेमावती लकड़ा, हिमेश कुमार, बैजनाथ उरांव, रामनिवास प्रसाद, कलावती देवी, अमर कुजूर आदि के नाम है।

### गुमला : सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के के .ओ कॉलेज के समीप बाईक के धक्के से 21 वर्षीय छात्रा राजनगर निवासी ज्योत्सना कुमारी घायल हो गई। वहीं बाईक चालक को भी चोटी लगी है। जानकारी के अनुसार लिटिया टोली निवासी संजय उरांव बाईक से के ओ कॉलेज की ओर आ रहे थे। इसी दौरान ज्योत्सना कुमारी सड़क पार कर रही थी। इसी बीच बाईक चालक ने उसे धक्का मार दिया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### टांगीनाथ धाम में अखंड हरीकीर्तन कल



डुमरी। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा टांगीनाथ धाम के केला जोबला में 21 नवंबर को अखंड हरी कीर्तन होगा। बाबा टांगीनाथ धाम निगरानी कमिटी के अध्यक्ष दिनेश केसरी ने बताया कि बाबा टांगीनाथ धाम के मुख्य जल स्रोत के पास ऊपर केला जोबला स्थान पर प्राचीन शिवलिंग एवं गणेश भगवान की प्रतिमा मिली है। जिसे संरक्षित करते हुए वहां पर मंदिर नुमा कुटिया भी निगरानी कमेटी के द्वारा बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था निगरानी कमेटी की ओर से की गई है।

### अग्निवीर के लिए कार्यशाला आयोजित



गुमला। अग्निवीर योजना के तहत शनिवार को कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतीय वायु सेना के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि कैसे अग्निवीर योजना के तहत विद्यार्थी अपने कैरियर से संबंधित संभावनाओं और कार्यकाल के पश्चात कैरियर को कार्मिक रूप से संवार सकते हैं। अग्निवीर योजना अंतर्गत एनसीसी की भूमिका की भी जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। भारतीय वायु सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि अग्निवीर वायु योजना के तहत 7 से 23 नवंबर तक ऑनलाइन रजिट्रेशन होगा। जबकि संभावित परीक्षा 18 या 24 जनवरी 2023 के बीच हो सकती है। कार्यशाला में वायु सेना के मनोज बंजारा, एमएल प्रजापति, महाविद्यालय के प्राचार्य एजे खलखो, डाक्टर सीमा, डॉक्टर दिलीप प्रसाद, डाक्टर संजय भोक्ता, डॉक्टर कंचन कुमारी, प्रो. रजक, ईशाबेल होरो, नंद किशोर रजक, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### त्याग की प्रतिमूर्ति थी इंदिरा गांधी : नेसार



लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश की पूर्व प्रधानमंत्री सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय नेता नेसार अहमद ने किया। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेस जनों के द्वारा इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने इंदिरा गांधी के द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि इंदिरा प्रियदर्शनी गांधी को आजाद भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ राजनीति उन्हें विरासत में मिली और बदलते वक्त के साथ एक परिपक्व राजनीतिज्ञ के रूप में अपने आपको साबित की अदम्य साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति इंदिरा गांधी को लोग आयरन लेडी के नाम से भी जानते हैं। वह 1959 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनी और 1967 से 1977 के बीच तीन बार देश की प्रधानमंत्री बनी चौथी बार 1980 से 1984 ईस्वी में उनकी हत्या होने तक वह देश की प्रधानमंत्री थी। उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके बांग्लादेश को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आजाद कराने में अपनी राजनीतिक सूझबूझ और दक्षता का परिचय दिया था।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व विधायक के आवास पर होगी बैठक

**हुसैनाबाद पलामू।** जिला के राजद कार्यकर्ताओं की एक अनुमंडल स्तरीय बैठक रखी है, जिसकी जानकारी यदुवंशी राणा प्रताप ने दी। बताया कि हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहमदगंज प्रखंड के सभी राजद कार्यकर्ताओं के लिए 23 नवंबर को 10 बजे दिन प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय सिंह यादव के आवास परिसर में बैठक रखी गयी है। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव होंगे।

### प्राकृतिक चिकित्सा दिवस आयोजित



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** जन विकास ट्रस्ट संचालित जेवीटी योगा नेचुरोपैथी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत +2 उवि लेस्लीगंज में आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर शिक्षकों, छात्र छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा का महत्व बताया गया। मुख्य वक्ता प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ सह योगा इंस्ट्रक्टर अजीत कुमार ने कहा कि जीवनशैली में अपने आहार और विचार से परिवर्तन कर सकते हैं। योगाचार्य धनंजय ने विभिन्न योग क्रियाओं के संदर्भ में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य अमरेश सिंह, विजय कुमार, अजय सिंह, विजय रविदास, संतोष सिंह, प्रतिभा कुमारी, अमरीश कुमार, संस्था के सचिव अजीत कुमार, दीपक सोनी, चंदन कुमार, मनीष सोनी, छोटू खां थे।

### विधायक व लोग बधाई के पात्र : प्रेमतोष



**हुसैनाबाद पलामू।** शहरी क्षेत्र में लगे पूर्व विधायक हरिहर सिंह को प्रतिमा को पुनर्स्थापन के लिए क्षेत्रीय विधायक ने हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में शिलान्यास किया। इधर, प्रखंड परिसर में निर्विवाद रूप से पूर्व से मूर्ति स्थापना की मांग करने वाले भाजपा नेता व अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह ने विधायक समेत, निर्माणकर्ता कंपनी एवं हुसैनाबाद एसडीओ एवं सभी प्रशासनिक अधिकारियों समेत प्रबुद्ध लोगों के प्रति आभार जताया है। मौके पर उन्होंने कहा कि हरिहर बाबू एक सम्मानित नेता थे।

### युवा ही राज्य का चौकीदार : राकेश पासवान



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय कार्यालय तुपुदाना में झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) की बैठक हुई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान की उपस्थिति में पंकज सिंह को संगठन का झारखंड प्रदेश का युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावे टीएमसी के पूर्व उम्मीदवार गढ़वा जिला एलएन वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव देवाशीष मनोरंजन घोष ने मनदीप मल्लाह को प्रदेश उपाध्यक्ष, मो अली विदीन खान को अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिला प्रभारी, चंदन सिंह को रांची जिला प्रवक्ता बनाया गया। राकेश ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करने को कहा। कहा कि युवा ही झारखंड का चौकीदार बन सकता है। कार्यक्रम में महिला प्रदेश अध्यक्ष विभा सिंह, प्रदेश महासचिव कृष्णा चौधरी, रांची जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, अनिल ठाकुर जिला उपाध्यक्ष, कांके विधानसभा भावी उम्मीदवार रेनू प्रिया भी थे।

### आशीर्वाद दें, करेंगे विकास : पूनम सिंह



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की चुनावी घोषणा से पूर्व चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेन कर रहे हैं। शनिवार को निगम के महापौर की भावी प्रत्याशी पूनम सिंह ने चैनपुर के कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कश्यप मोहल्ला और सोनार मोहल्ला के लोगों में वर्तमान जनप्रतिधि से काफी नाराजगी दिखी। पूनम को मोहल्ले के लोगों ने सड़क नाली और गंदगी के लगे अंबार दिखाये। लोगों ने पूनम को सड़क दिखाते हुए उसकी दुर्दशा पर कई बातें बतायी। जिसपर पूनम ने कहा कि नगर निगम को नरक निगम बना दिया है। आश्वासन देते हुए कहा कि आपका आशीर्वाद मिला, तो जल्द ही समस्याओं से निजात दिलायेंगे। उनके साथ नप के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी जीवन प्रसाद सिंह, संजय पांडे, गुड्डू विश्वकर्मा, अमृत चौधरी, रौनक सिंह, ज्योति कुमारी, जितेंद्र सिंह, राकेश पासवान, विक्की चंद्रवंशी, सुनील सोनी, रामानंद साव आदि लोग उपस्थित थे

### दो वर्षों से जनसंपर्क में जुटे हैं धनंजय त्रिपाठी



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रत्याशी में से सबसे पहले निगम क्षेत्र में उतरने वाले सबकी समस्याओं को संकलित करके उसका समाधान करने वाले धनंजय त्रिपाठी पिछले 2 वर्ष से जनसंपर्क कर निगम क्षेत्र की समस्याओं को उठा कर समाधान करवाते रहे हैं। ज्ञात हो कि श्री त्रिपाठी 14 वर्षों तक नई दिल्ली नगर परिषद में प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। वहां उन्होंने बहुत कुछ सीखा है जो नरक निगम को नगर निगम बनाने के लिए सक्षम होगा। पूरे 35 वार्ड में घूम घूम कर समस्याओं की लंबी सूची लेकर दो बार नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था।

### खत्म करेंगे बुनियादी समस्याएं : मनोज



**मेदिनीनगर।** क्षेत्र को स्पेशल पैकेज देकर आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित किया जायेगा। यह कहना है भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का। श्री सिंह शनिवार को चैनपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 में घर घर यात्रा के तहत जनसंपर्क में जनता से सीधे रुबरु थे। श्री सिंह ने इस दौरान बताया कि नगरनिगम के जो भी क्षेत्र नए जूडे. उन क्षेत्रों को उपेक्षित छोड़ दिया गया है और यह परिदृश्य पूरे नए क्षेत्रों में देखी जा रही है उन्होंने कहा कि जबकि इन क्षेत्रों में स्पेशल योजना चलाकर बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इसीलिए वो बार बार बूनियादी समस्याओं को दूर करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे नगरनिगम क्षेत्र में पानी निकसी व पेयजल संकट वृहद स्तर पर देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जनमत दिया तो सबसे पहले बुनियादी समस्याओं के निराकरण करने की पहल की जायेगी। घर-घर यात्रा में अलाहुंदीन, राजू, डबलू, सदाम, नजीर हुसैन, हाजी सन्हौला, माफुज आलम, जावेद अख्तर, समशेर व वारिश अकरम समेत काफी संख्या में वार्ड वासी शामिल थे।

## सभी राइस मिलरों को एक सप्ताह के भीतर सीएमआर जमा करने के निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को सभी राइस मिलरों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने खरीफ विपणन मौसम 2021-22 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति योजना के तहत राइस मिलरों से भारतीय खाद्य निगम के डिपो में सीएमआर सुपुर्द किए जाने की समीक्षा की गयी। इस दौरान बताया गया कि धान अधिप्राप्ति योजना के तहत पक्सों से धान उठाव किए जाने एवं सीएमआर जमा किये जाने हेतु कुल 14 राइस मिलरों को टैगिंग किया गया है। पलामू जिला अंतर्गत सभी पैक्सों से राइस मिलर के द्वारा 6 लाख 55 हजार 609 क्विंटल 35 किलोग्राम धान का उठाव किया गया है जिसके विरुद्ध राइस मिलरों से 1537 लॉट सीएमआर जमा करने का लक्ष्य निर्धारित है। ऑनलाइन इ-उपार्जन पोर्टल के अनुसार अबतक 1295 लॉट सीएमआर राइस मिलरों द्वारा भारतीय खाद्य निगम के डिपो में जमा कर दिया गया है।

**हैदरनगर, राजहरा और पतरा के पैक्स अध्यक्ष पर एफआईआर :** धान अधिप्राप्ति योजना के तहत हैदरनगर, राजहरा एवं पतरा पैक्स के संचालक द्वारा किसानों से क्रय किये गये धान को शत-प्रतिशत राइस मिल में जमा नहीं किए जाने के कारण उनके विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावे 5 पैक्स के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज किया गया है। बैठक में उपायुक्त के अलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्वनी ओझा समेत सभी राइस मिलर उपस्थित थे।

# दो बीपीओ को डीसी का शोकॉज, वहीं दो आंगनबाड़ी सेविका को किया बर्खास्त

■ उपायुक्त ने की जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को सभी बीडीओ व जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान सभी बीपीओ को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने की बात कही। इसी क्रम में फील्ड विजिट नहीं करने व योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने को लेकर सतबरवा के बीपीओ व विश्रामपुर के बीपीओ से स्पष्टीकरण पूछा गया। साथ ही आवास में अपेक्षा पूर्ण प्रगति नहीं करने को लेकर सतबरवा के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को भी शोकॉज किया गया। इसी तरह उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं बीडीओ को अपने क्षेत्र के शिक्षकों के साथ मीटिंग करने की बात कही। उन्होंने फर्जी राशन कार्डधारियों पर कार्रवाई के लिये जिला आपूर्ति पदाधिकारी को व फर्जी पेंशनधारियों पर कार्रवाई हेतु सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को कहा। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सभी प्रकार के छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर डीडीसी मेघा भारद्वाज, प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी बीडीओ समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**पांकी में लंबे समय से गायब थी आंगनबाड़ी सेविका, उपायुक्त ने बर्खास्तगी के दिये निर्देश :** आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त को बताया गया कि पांकी में एक आंगनबाड़ी सेविका लंबे समय से अनधिकृत रूप से बगैर सूचना दिये अनुपस्थित है। इसी तरह पाटन के हिसरा बरवाडीह की सेविका के संबंध में बताया कि वह आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन ठीक से नहीं कर रही है। दोनों मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त दोनों सेविकाओं को बर्खास्त करने के निर्देश दिये।

# क्षेत्र में बदलाव कैसे संभव है, उस पर किया आत्ममंथन : केएन त्रिपाठी

➲ चैनपुर प्रखंड कार्यालय में खुला बीस सूत्री कार्यालय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के कार्यालय का उदघाटन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि जब जब चुनाव आता है उस समय अफवाह उड़ाया जाता है और अन्याय तथा अनिति पूर्वक चुनाव में चुनकर तथा पलामू की जनता को गलत, कमजोर तथा भ्रष्ट नेतृत्व देकर पलामू की जनता को ठगा जाता है। यहां चुनाव में जातिवाद और धर्म के आधार पर मतभेद फैलाया जाता है। उन्होंने आलोक चौरसिया का बिना नाम लिए कहा कि हमारे और उसके पूज्य पिता दोनों का कुछ दिन आगे पीछे देहांत हुआ था लेकिन जात पात का भेदभाव लाकर क्षेत्र में वोचुनाव जीतने के लिए अपने आप को टूबर साबित किया जबकि उसी समय मेरे पिता का भी देहांत हुआ था तो गलत कैसे कहलाया और हम टूबर कैसे नहीं कहलाए। क्षेत्र में ऐसा भ्रम जाल फैलाकर अनीति और अन्याय का सहारा लेकर भोले भाले जनता को बहला कर चुनाव जीतने का काम ऐसे भ्रष्ट नेता कर रहे हैं।

**नगर निगम चुनाव में तन, मन-धन से जुट जायें कार्यकर्ता**



उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता मजबूती के साथ क्षेत्र में बने रहने का काम नहीं करते हैं यही कारण है कि चुनाव में हम हार का सामना कर रहे हैं लेकिन अब बदलाव का समय आ चुका है। क्षेत्र में कैसे बदलाव हो उस पर आत्ममंथन कर लिया है। वर्तमान में नगर निगम का चुनाव होने वाला है इसमें तन मन धन से कार्यकर्ता मजबूती के साथ लगें और ऐसे भ्रष्ट नेता व अधिकारियों पर अंकुश लगाने के लिए धनंजय त्रिपाठी को मौका दें ताकि क्षेत्र में सुधार हो सके। देश की महिला प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी नें बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति का गठन कराया था। बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति का कार्य प्रखंड में चल रही सभी योजनाओं की मोनिटरिंग करना है तथा यह सुनिश्चित करना है कि इमानदारी पूर्वक योजनाओं का क्रियान्वयन हो। बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दूबे ने कहा कि प्रखंड में व्याप्त कुरीतियों को दूर करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन ही पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष विमला देवी, जिप सदस्य फैजाएल अहमद, प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, धनंजय त्रिपाठी, उदय नारायण सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, रूद्र शुक्ला, प्रेमचन्द तिवारी, शंभु चौरसिया, सलामू खान, सागर दास, कमरुद्दीन अंसारी, मुखिया नितिश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्व हरिहर सिंह के आदर्शों को अपनाने से बनेगा बेहतर समाज : कमलेश सिंह

➲ पूर्व विधायक हरिहर सिंह की प्रतिमा पुनर्स्थापना का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर हुसैनाबाद के पूर्व विधायक स्व हरिहर सिंह की प्रतिमा के स्थानांतरण को लेकर बनी पुनर्स्थापना समिति ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से वार्ता के उपरांत प्रखंड परिसर हुसैनाबाद परिसर में प्रतिमा के पुनर स्थापना को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य द्वार के नजदीक प्रतिमा स्थापना को लेकर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शिलान्यास किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर नेता रघुराइ यादव ने की। संचालन 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की। मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने ओवर ब्रिज का नामकरण स्व हरिहर सिंह के नाम कर कराने व जपला दंगवार पथ का नाम हरिहर सिंह के नाम पर करने की मांग की।



शिलान्यास के मौके पर विधायक व अन्य।

**खास बातें :** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि स्व हरिहर सिंह का व्यक्तित्व आदर्शवादी था। वह समाज के सभी लोगों में प्रिय रहे। यही वजह है कि उनकी प्रतिमा स्थापना के इस कार्यक्रम में सभी दल सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। कहा कि हरिहर बाबू के आदर्शों पर चलकर ही बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने हरिहर बाबू का नमन किया व उन्हे श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर देवेंद्र प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, भुनेश प्रसाद सिंह, पंचायत समिति सदस्य बद्री सिंह, अश्विनी सिंह, चंदन सिंह, टुन्ना सिंह, विनय पासवान,सुशील कुमार सिंह, भोला सिंह, मंदीप राम, बुधन राम, धनंजय सिंह, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन मृत्युंजय सिंह ने कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

# निजी फाइनेंस कंपनियों के जाल में फंस रहे जिले के विभिन्न गांव के लोग

**गजेंद्र कुमार**

■ सेंटर लीडर व एजेंट के सहारे गांव के ग्रामीणों को लोन देकर फंसाने का कर रहे काम
■ चैनपुर प्रखंड के आदिवासी बहुल गांव खुरा खुर्द की महिलाएं आयी गिरफ्त में
■ ग्रामीणों को पता नहीं और उनके नाम से लोन स्वीकृत कर रही फाइनेंस कंपनियां
■ इसकी सूचना ग्रामीणों ने उपायुक्त को देकर कार्रवाई करने की मांग की



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विभिन्न गांव, प्रखंडों में निजी फाइनेंस कंपनी घूम घूम कर लोन देने का काम ग्रामीणों के बीच कर रही है। कंपनियां ग्रामीणों से आधार कार्ड एवं अंगूठे का निशान लेकर बिना किसी मोरगेज का लोन दे रही है। यह सभी काम फाइनेंस कंपनियां सेंटर लीडर एवं एजेंट के सहारे कर रही हैं। जिसमें ग्रामीण जनता बिना सोचे समझे ही जाल में फस जा रहे हैं। या सेंटर लीडर एवं एजेंट के बहकावे में आकर फंस जा रहे हैं।

लोन देने का काम हिंदुजा माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड, भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड ,बंधन बैंक लिमिटेड, फिडलैंड फाइनेंस, अन्नपूर्णा फाइनेंस एवं आकर्षक फाइनेंस लिमिटेड कंपनी गांव में घूम घूम कर लोगों को लोन देने का काम कर रही है। लेकिन चैनपुर प्रखंड के आदिवासी बाहुल्य गांव खुराक खुर्द में फाइनेंस कंपनियां टीम लीडर के साथ अजीबोगरीब खेल खेली है।

# सतबरवा : सीओ ने दिया छात्रों को मतदाता सूची में जोड़ने पर बल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में बीएलओ की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता सीओ ने किया। वहीं दूसरी ओर सीओ प्रशांत कुमार साह ने राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा का दौरा कर छात्रों से आग्रह किया कि अगर आपका उम्र 18 साल से ज्यादा हो रहा है तो आप मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराले। वहीं उन्होंने बैठक के दौरान बीएलओ को निर्देश दिया कि मतदाता सूची जन जागरूकता अभियान चलायें। लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक बूथ पर पोस्टर लगायेंगे। सीओ श्री साह ने कहा कि 18 साल के नया मतदाता को जोड़ने का काम करें जिसमें छात्रों पर विशेष बल दें। सीओ प्रशांत शाह के अनुसार 19 नवंबर को सभी बीएलओ के साथ बैठक हुई है और 20 नवंबर को बूथ पर बैठकर मतदाता पहचान पत्र में जो भी त्रुटि होगी उसे बीएलओ सुधार करेंगे व सूची में नये अभ्यर्थियों का नाम जोड़ेंगे। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अपना प्रदर्शन सुधारे अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। बैठक में सुपरवाइजर और तमाम बूथों के बीएलओ मौजूद थे।

### कारीहार में चाइल्ड लाईन से दोस्ती कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र एवं चाइल्ड लाइन ने कारीहार में पाटन पलामू में चाइल्ड लाइन से दोस्ती कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, सचिन कुमार एवं बिंदु देवी ने विस्तार से बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल शोषण, अपहरण, स्पॉन्शरशिप, पोस्टों कैयर दिव्या प्रमाण पत्र बनवाने हेतु चर्चा की। शिक्षा स्वास्थ्य को लेकर विशेष रूप से चर्चा की।

### उंटारी रोड : गरीब-असहायों के बीच कंबल वितरण



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के जोगा पंचायत में शनिवार को पंचायत के 12 वार्डों के गरीब व असहायों के बीच कुल 144 कंबल का नि:शुल्क वितरण मुखिया कमला देवी व पंचायत सचिव पंकज कुमार ने किया। मुखिया ने बताया कि बढ़ती ठंड को देख पंचायत क्षेत्र के कुल 144 गरीब व असहायों के बीच नि:शुल्क कंबल बांटा गया। मौके पर समाजसेवी रामकृष्ण पाल, उपमुखिया रूपेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता उदेश चौधरी, पंसस प्रतिनिधि काशीनाथ चौधरी, वार्ड सदस्य गोबिंद चौधरी, अजय विश्वकर्मा, नीरज चंद्रवंशी, मनोज चौधरी थे।

### नावाडीह में आयुष स्टोन माइंस बंद कराने की मांग

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड प्रमुख सह निगरानी सतर्कता एवं समिति के अध्यक्ष शोभा देवी ने उपायुक्त से आयुष स्टोन माइंस को तत्काल बंद करने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को प्रदूषण व घटना आदि से निजात मिल सके। प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाया गया कि पाटन प्रखंड के पंचायत उताकी के नावाडीह स्थित आयुष माइंस संचालित है। माइंस कस्तूरबा विद्यालय, मध्य विद्यालय एवं बस्ती से सटा हुआ है। इससे बस्ती के लागों व विद्यालय के बच्चों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी घटना घट सकती है।

# गलत बिल काटने वाले ऊर्जा मित्र पर भी होगी कड़ी कार्रवाई: निर्देशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड बिजली वितरक निगम लिमिटेड के मुख्यालय में बीते दिन वाणिज्य एवं ऊर्जा लेखा द्वारा राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डायरेक्टर आईएस मनीष कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से विधुत आपूर्ति क्षेत्र के महा प्रबंधक, उप महाप्रबंधक सहित कई क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित थे।

आईएस मनीष कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली बिल में गड़बड़ी करने पर ऊर्जा मित्रों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि गलत विधुत विपत्र बनाने से आम उपभोक्ता परेशान रहते हैं।

कहा कि बिजली चोरी के रोक थाम हेतु जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं के शिकायतों को सह समय निष्पादित करने एवं उपभोक्ताओं ने टॉल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज किया जा सकता है। जिस पर अविलंब विभाग कार्रवाई करेगी।

**26-27 नवंबर को सेसा करेगा भुसड़िया में पथिक का उद्घाटन**

**मेदिनीनगर।** महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित एवं संचालिक विशिष्ट हस्तशिल्प मार्ट नाबार्ड संपोषित ग्राम दुकान पथिक सेसा बेतला रोड भुसड़िया में 26 नवंबर को खोला जायेगा। सेसा पथिक दुकान का उद्घाटन 26-27 नवंबर को करेगा।

**पूरी तरह राजनीति के अखाड़ा में तब्दील है पाटन ब्लॉक : संजय**

**पाटन पलामू।** भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पाटन ब्लॉक राजनीति



अखाड़ा में तब्दील हो गया। पाटन ब्लॉक कार्यालय को सरकार में शामिल महागठबंधन ने अपनी पार्टी की निजी कार्यालय बना रखा है। जिस तरह जिलाध्यक्ष कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किये, उससे स्पष्ट है कि ब्लॉक मुख्यालय को पार्टी कार्यालय बनाना चाहते हैं। अगर बीस सूत्री अध्यक्ष को कार्यालय मिला है तो उद्घाटन वहीं क्यों करते?

# निवर्तमान थाना प्रभारी को दी विदाई, नये प्रभारी का स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** थाना परिसर में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एएसआई राजकुमार शर्मा ने की व संचालन पूर्व जिला पार्षद सह विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने किया। उंटारी रोड थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी शिवकुमार का तबादला कर दिया गया है। इसके उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन कर फूल माला व अंग वस्त्र देकर लोगो ने सम्मानित किया। मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी शिवकुमार ने बताया कि सरकारी नौकरी में ट्रांसफर पोस्टिंग लगा रहता है, जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। नये थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो को उपस्थित लोगों ने फूल माला व पुष्पगुछ देकर स्वागत किया।

### पाटन : तालाब में डूबने से युवक की मौत



**पाटन पलामू (मनीष दुबे)।** प्रखंड के मनिका निवासी रघु भुइयां की मौत मनिका के पास तालाब में डूब जाने से हो जाने की संभावना जताई जा रही है। शनिवार की सुबह रघु भुईयां वर्ष मनीका तालाब के किनारे घुम रहा था। अचानक उसने तालाब में छलांग लगा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रघु अचानक तालाब में कूदकर डूब गया। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव, पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, किशुनपुर टीओपी प्रभारी नीरज कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर गोताखोर शव की काफी खोजबीन करायी।

# व्यर्थ नहीं जायेगी अहीर सैनिकों की शहादत : संजय सिंह यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



■ मौके पर रेजांगला मौर्य सम्मान समारोह में मनातू प्रखंड के प्रमुख गीता देवी, पाटन जिला परिषद, लेस्लीगंज धवादीह के मुखिया रिंकी यादव भी शामिल थे।

**मेदिनीनगर/ मनातू।** पलामू जिले के युवा क्लब स्थित आवास प्रांगण में 18 नवंबर को शहीद रेजांगला दिवस पर प्रांतीय यादव महासभा पलामू के द्वारा जिले के यादव समाज बुद्धिजीवी समाज के द्वारा 1962 में यादव समाज से संबंधित वीर अहीर शहीद 120 सैनिकों के वीरता पूर्ण कुबार्नी की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने वीर सैनिकों को बलिवेदी की स्मृति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य बली यादव, अनुराग मंडल, अजय यादव, नंद यादव, धावाडीह के मुखिया रिंकी यादव ने पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव और संचालन अनुराग कुमार मंडल ने किया। रेजंगला शौर्य समारोह के उपलक्ष्य में हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय सिंह यादव ने समाज के पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# क्रशर-माइंस संचालकों के प्रति उपायुक्त की पहल स्वागतयोग्य कदम है : सतीश तिवारी

➲ क्रशर व माइंस संचालकों ने उपायुक्त के पहल का किया स्वागत

➲ पदाधिकारी के सहयोग से खनन का कार्य संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त पलामू के द्वारा क्रेशर व माईस संचालको के दर्द को समझते हुए की गई पहल को पलामू माइंस व क्रेशर एशोसिएशन के अध्यक्ष सतीश तिवारी ने स्वागत योग्य कदम बताया है। श्री तिवारी ने कहा कि खनन विभाग के पदाधिकारियों व जिला पदाधिकारी के सहयोग से ही खनन व माइनिंग का कार्य संभव है। उन्होंने कहा कि खनन व माइनिंग एक दूसरे के पूरक हैं और इनमें से एक के भी प्रभावित होने पर विकास योजनाओं पर सिधे प्रभाव पड़ता है। श्री तिवारी पांडु के छोटे क्रशर व्यवसायी अनिल गुप्ता के अपहरण की निंदा करते हुए सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने कहा की छतरपुर के लठेया का रहने वाला अनील गुप्ता कजरू खुर्द में रहकर अपने मामा रामवृक्ष गुप्ता का क्रशर करीब दस साल से चलाता था। और छोटे स्तर का व्यवसायी है शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे उक्त व्यवसायी का अपहरण कर लिया गया उन्होंने जिला प्रशासन से उक्त व्यवसायी की सुरक्षित रिहाई की मांग की है।



सतीश तिवारी।

# कांग्रेसियों ने मनायी इंदिरा गांधी की 105 वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती भारती काम्प्लेक्स में मनायी गयी। सर्वप्रथम उनके चित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित की उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि भारत को शक्तिशाली देश बनाने में पहली महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की अहम भूमिका रही है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय पूरी निडरता से लिए, जिन्होंने न केवल देश में क्रांति लाई बल्कि विश्व में भारत के प्रति राय को भी बदल दिया।


जयंती मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

उनके मजबूत नेतृत्व की बदौलत ही उन्हें आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है, इंदिरा गांधी एक प्रेरणादायक नेता थीं और राष्ट्र के उत्थान में उनका योगदान अहम रहा है।

हमें भी उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। जयंती के मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, बाबर खान, निर्मल भारती, मुकेश कुमार सिंह, श्रीराम शर्मा, सरवर अंसारी, अरुण भारती, दामोदर उपाध्याय, कैलाश बैठा, बालजी उरांव, सुनील ठाकुर, राजू भारती, अभिषेक भारती, अशोक भारती, मोहम्मद रसीद, छठन राम, सागर प्रजापति समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## देश को इंदिरा गांधी जैसे निर्णय लेने वाले नेतृत्व की जरुरत: सुरेश मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** आयरन लेडी के नाम से विश्व विख्यात भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 105 वीं जयंती शनिवार को बरवाडीह प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेसियों ने इंदिरा जी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा और उनके द्वारा देशहित में किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी एक आयरन लेडी थी उन्होंने देश को एक नए आयाम तक


श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

पहुचाया था। भारत देश इनकी शहादत को कभी भुला नहीं पाएगा। वहीं वरिष्ट नेता सुरेश मिश्रा ने इंदिरा जी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि देश के मौजूदा माहौल में इंदिरा गांधी जैसे साहसिक निर्णय लेने वाले नेतृत्व की जरुरत है। उन्होंने कहा कि इंदिरा जी साहस की प्रतिमूर्ति, शक्ति व सूझबूझ रखने वाली प्रधानमंत्री थी। उन्होंने सभी कांग्रेसियों को इंदिरा जी के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं युवा नेता सह समाजसेवी संजू श्रीवास्तव उर्फ बड़ा बाबू ने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे महान नेत्री को हम शत शत नमन करते है।

इस मौके पर पंकज पासवान, आलोक कुमार सिंह, संजीव सिंह, संजू श्रीवास्तव उर्फ बड़ा बाबू, इस्माइल अंसारी, सुजीत गुप्ता, बिपिन बिहारी सिंह, संतोष सिंह चेरो, दीपक राज उर्फ दीपू, आलोक कुमार रवि, मुकेश सिंह, अमन गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, शुभम दुबे और अंकित समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहें।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया स्व. इंदिरा गांधी की जयंती



**बारियातू।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 105 वीं जयंती राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के अध्यक्षता में मनाया गया। जयंती के अवसर पर उपस्थित कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर जयंती मनाया। राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि कुमार ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की स्व. इंदिरा गांधी वर्ष 1966 से 1977 तक लगातार तीन कार्यकाल के लिए भारत गणराज्य के लिए प्रधानमंत्री रही। चौथे कार्यकाल मे 1980 से 1984 उनके राजनैतिक हत्या तक भारत के प्रधानमंत्री रही।देश हित के लिए एक से बढ़कर एक कार्य किए। उनके बताये गए मार्गो पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है। मौके पर परशुराम उरांव, गोविन्द लोहरा, राजेश उरांव, जगदीश उरांव, मो. सतार, मो अहमद, मो. इस्लाम, मो सहाबुद्दीन, मुस्लिम, भोगल उरांव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### छात्र छात्राये गए शैक्षणिक भ्रमण में


भ्रमण के लिए जाते छात्र।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय टोटी हेसला में कक्षा दशम में अध्यनरत छात्र छात्राये शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण में गए। शैक्षणिक भ्रमण के संबंध में शिक्षक नरेश कुमार उरांव, संजय कुमार, भरत कुमार व अनेश राम ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण खूंटी जिले के पंचघाघ जल प्रपात सहित झारखंड के अन्य ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन करेंगे। शैक्षणिक भ्रमण में गए कक्षा दशम के पूजा कुमारी, दीपा कुमारी, वीणा कुमारी, नेहा कुमारी, निशा कुमारी, जयकरन, छोटू, श्रवण ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से पढ़ाई में आसानी होगी। साथ ही ऐतिहासिक धरोहरों को देखने व समझने का अवसर भी मिलता है। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


मैच उद्घाटन करते मुखिया ।

**बारियातू।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2022 के अंतर्गत शिबला में फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ मुखिया सुरेश उरांव, अरुण कुमार, बब्लु सिंह, महेश उरांव, कुंदन सिंह, विनोद यादव, महेंद्र उरांव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय कर व बॉल को किक मारकर किया। फुटबॉल टूनामेंट उद्घाटन के मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को मुखिया सुरेश उरांव ने कहा की आप सभी खिलाड़ी खेल को खेल भावना से खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप कराने का सरकार का मुख्य उदेश्य है की पंचायत से प्रखंड, प्रखंड से जिला तक बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित कर राज्य से देश तक खेलने का अवसर प्रदान करेगी। आप सभी को अपने प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हुआ है। उद्घाटन मैच सरना क्लब अम्बाटोली सिबला बनाम डीबीआर क्लब मकरा के बीच खेला गया। गौरतलब रहे कि मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता 20 नवंबर तक पंचायत स्तरीय मैच होगा। 29 नवंबर से 6 दिसंबर तक प्रखंड स्तरीय मैच, 9 से 13 दिसंबर तक जिला स्तरीय, 17 से 21 दिसंबर तक जोनल स्तरीय व 26 से 29 दिसंबर तक बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पर खेलने का अवसर मिलेगा।

## 3 बाइक के बीच टक्कर, 2 युवक घायल

**चंदवा।** एनएच 99 रांची चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत नवनिर्माण पथ अंतर्गत चंदवा थाना के समीप शुक्रवार की रात्रि लगभग 7 बजे 3 बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में एक बाइक पर सवार दीपक कुमार सिंह व दूसरी बाइक पर सवार विकाश गंझू गम्भीर रूप से घायल हो गए वहीं तीसरे बाइक पर सवार लोग दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकले। मिली जानकारी ने अनुसार दीपक सिंह अपने भाई को लाने इंदिरा चौक से सुभाष चौक को ओर जा रहा था, वहीं विकास बाजार से अपने घर डुमारो जा रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक आयी व उनके चपेट में लिया। इधर घटना के बाद बाइको को कब्जे में लेकर चंदवा पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## आईटीडीए निदेशक ने बूथों का किया निरीक्षण

**लातेहार।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष कैंप के दौरान शनिवार को 074 लातेहार विधान सभा के भाग संख्या 171,172,173,176,177,180,181,182,183,184,188,190 बूथों का निरीक्षण पीडी आईटीडीए सह वरीय पदाधिकारी बिंदेश्वरी ततमा द्वारा निरीक्षण किया गया और विभिन्न प्रपत्रों को भरने के दौरान बीएलओ से रिपोर्ट लिया गया। इस दौरान दो बीएलओ बूथ में अनुपस्थित पाए गए। ज्ञात हो की राज्य निर्वाचन द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए उक्त शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे आज भी सभी बूथों में बीएलओ सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक रह कर विभिन्न प्रपत्र को भरने का कार्य करते रहेंगे। और आज भी जिले के पदाधिकारी द्वारा बूथों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान सदर पर्यवेक्षक अतुल कुमार इकबाल अहमद आदि उपस्थित थे।


बूथों का निरीक्षण करते पदाधिकारी।

## समाजसेवी ने किया कंबल का वितरण

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित दूंदू पंचायत में दिन शनिवार को पंचायत के मुखिया चांदनी देवी के निदेर्शानुसार युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी, उपमुखिया सकुंती देवी,वार्ड सदस्य उगानी देवी के द्वारा बढ़ती हुई ठंड के मौसम से बचाव हेतु गांव के गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच लगभग 40 से ज्यादा कंबल का वितरण किया गया। बताते चलें कि समाजसेवी अख्तर अंसारी प्रखंड क्षेत्र के चहेते नागरिक के रूप में जाने जाते हैं वे हमेशा ही गरीबों की मदद के लिए अपना योगदान देते हैं। कई बार उन्होंने अपने निजी खर्च से लोगों की मदद की है। मौके पर उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना बहुत ही सौभाग्य की बात होती है। मुझसे जो भी बनेगा मैं लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रखंड क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवी व्यक्तियों से अपील है कि गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद करें। मौके पर गांव के कई ग्रामीण उपस्थित थे।


लोगों के बीच कंबल का वितरण करते समाजसेवी व अन्य।

## अभाविप ने मनायी स्त्री शक्ति दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ महिला सशक्तीकरण की मिसाल थीं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई : शिक्षिका अर्चना

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका नगर इकाई के द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती स्त्री शक्ति दिवस आरके+2 हाई स्कूल में आयोजित की गई। उक्त मौके पर विद्यार्थी परिषद ने विद्यालय परिसर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया एवम विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उनका हौसला आफजाई किया। मौके पर उपस्थित शिक्षिका अर्चना ने कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई महिला सशक्तीकरण की मिसाल थी। अपने अदमय साहस से उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत की ईंट से ईंट बजा दी थी। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से हमें एक सीख अवश्य लेना चाहिए कि हम किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माने बल्कि उस परिस्थिति का सामना करें। अभाविप मनिका के पूर्व नगर मंत्री उत्तम कुमार ने मौके पर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को याद किया और कहा कि उन्होंने हम भारतीयों के समक्ष अपने जीवन काल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। कहा जाता है कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता, ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। उनके मन में अपने राज्य और राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाली भक्ति हमेशा विद्यमान रही। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ कई विद्यार्थी उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी ।

## बालूमाथ में कांग्रेसियों ने मनाया इंदिरा गांधी की जयंती



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड में कांग्रेसियों ने प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात की अध्यक्षता में शनिवार को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 105 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर स्व इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात ने कहा कि भारतीय राजनीति में महिला नेतृत्व की सूची में इंदिरा गांधी का नाम शीर्ष पर आता है। भारत के चांद पर पहुंचने की बात हो या परमाणु शक्ति बनने की बात, पंजाब में फैले उग्रवाद को उखाड़ फेंकने के लिए ऑपरेशल ब्लू स्टार चलाने की बात हो या फिर पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर देने की बात, इंदिरा गांधी की दृढ़ राष्ट्रभक्ति से संभव हो पाया। इंदिरा गांधी के रहते देश में सांप्रदायिक शक्तियां कभी सर नहीं उठा पाई। भले ही उन्हें अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी पर स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने कभी देश के मान सम्मान से समझौता नहीं किया।

## अरुण अध्यक्ष राजदेव बने सचिव



**चंदवा।** शनिवार को नगर हाई स्कूल के प्रांगण में अखिल भारतीय नाई समाज चंदवा इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विनोद ठाकुर ने की। सर्वप्रथम अखिल भारतीय नाई समाज के पुनर्गठन पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से अरुण ठाकुर को अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया, जबकि राजदेव ठाकुर समेत नीलकंठ ठाकुर और प्रकाश ठाकुर को सचिव बनाया गया। उपाध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर कोषाध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष राजू ठाकुर, सूचना संचार दुर्गा ठाकुर, मीडिया प्रभारी प्रदीप ठाकुर, सलाहकार विनोद ठाकुर बैजनाथ ठाकुर को बनाया गया। कार्यकारिणी में गोपाल ठाकुर, संजय ठाकुर, राजा ठाकुर, अनूप ठाकुर, सुदामा ठाकुर, देवनारायण ठाकुर, सुनील ठाकुर समेत कई को रखा गया है। अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने कहा कि सामाजिक एकता को बनाए रखना एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास होगा।

## एक नजर में

### बालूमाथ में डिज्नीलैंड मेला का हुआ उद्घाटन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ में शनिवार को डिज्नीलैंड मेला सह मीना बाजार का उद्घाटन बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, सर्किल इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजनकर्ता मन्नान कुरैशी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों और बड़ो को ध्यान में रखते हुए मेला का आयोजन किया गया है। मेला में ब्रेक डांस, रशियन टावर झूला, नौका झूला, टोरा-टोरा झूला, ड्रैगन ट्रेन, छोटे बच्चों के लिए खास स्कार्पियो झूला, हेलिकॉप्टर झूला, मिकी माउस, जम्पिंग झूला आकर्षण का केंद्र है। मेला में लेदर बैग, लकड़ी का समान, खिलौने की दुकान, चूड़ियों की दुकान, आर्टिफिशियल ज्वैलरी की दुकान एवं कई तरह की घरेलू उपयोग की दुकान का भी स्टॉल लगाया गया है। वही खाने-पीने के लिए फास्ट फूड,चाट की दुकान,पावभाजी,आइसक्रीम सहित कई दुकान लगाए गए है। मौके पर बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम,मुखिया नरेश लोहरा,जावेद अख्तर, मो.शमिम, सुरेंद्र गुप्ता, सोनू कुमार, अमर कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान कन्हाई सिंह की अध्यक्षता में बैठक



**गारु।** प्रखंड के बारेसांढ़ गांव में इको विकास समिति के पुनर्गठन के लिए ग्राम प्रधान कन्हाई सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए रामदास यादव, उपाध्यक्ष पद के लिए रंजीत कुमार व सह सचिव पद के लिए मोजाहिर अंसारी का चयन किया गया। इस बैठक में बारेसांढ़ वनपाल परमजीत तिवारी के द्वारा वनों के संरक्षण तथा संवर्धन एवं वनों को अग्नि से सुरक्षा को लेकर एक विस्तृत चर्चा की गयी और सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में वन एवं वन्यजीव को बचाने हेतु संकल्प लिया तथा बारेसांढ़ गांव के समेकित विकास हेतु भी विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गए। मौके पर सचिव परमजीत कुमार तिवारी, ग्रामीण मनोज यादव, कन्हाई सिंह, सचिन्द्र सिंह, कपिलदेव रजवार, कमला देवी, प्रदीप प्रसाद, राहुल सिंह, रंजन यादव, मोजाहिर अंसारी, अरुण यादव, कलेश्वर राम, कमेश्वर मांझी, कमलेश प्रसाद समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### चंदवा अस्पताल को मिला मोक्ष वाहन, लोगों को राहत

**चंदवा।** सिविल सर्जन कार्यालय ने शनिवार को चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मोक्ष वाहन उपलब्ध करा दिया है। चंदवा सीएचसी को मोक्ष वाहन मिलने से आमजनों को काफी राहत मिलेगी। बता दें कि मोक्ष वाहन नही रहने के कारण चंदवा वासियों को मृतकों के शव को गंतव्य तक भेजने में काफी दिक्कत होती थी। 28 सितंबर 2022 को पंसस अयुब खान ने सिविल सर्जन दिनेश कुमार से मुलाकात कर चंदवा अस्पताल में मोक्ष वाहन उपलब्ध कराने की अनुरोध किया था। मोक्ष वाहन उपलब्ध कराने के लिए पंसस अयुब खान ने सीएस दिनेश कुमार और विधायक बैद्यनाथ राम को साधुवाद दिया है। इधर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने भी मोक्ष वाहन उपलब्ध कराने के लिए सीएस दिनेश कुमार और विधायक बैद्यनाथ राम को साधुवाद दिया है।

## जिप सदस्य के प्रयास से लगा विधुत ट्रांसफार्मर


जनप्रतिनिधि को धन्यवाद देते ग्रामीण।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के भगिया पंचायत अंतर्गत सीरम टोला झरनागढ़ में जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी व भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के प्रयास से 50 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा। ग्रामीणों ने बताया कि पुराना ट्रांसफार्मर छह महीना पहले खराब हो गया था। ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव में विद्युत आपूर्ति ठप थी। इसको लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी थी लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं लगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य को मामले से अवगत कराया। इसके बाद जिला परिषद प्रियंका कुमारी ने विभागीय अधिकारियों से बात कर गांव में ट्रांसफमर उपलब्ध करवाया गया। ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर थे। वहीं नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी देखी गई। उन्होंने जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी का धन्यवाद दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मुंडा,अमित कुमार,बिजली मिस्त्री अशोक यादव, उमेश यादव, सुरेंद्र यादव,रामचंद्र मुंडा,महावीर मुंडा ललिता देवी, नरेश यादव, विजय यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जल जीवन मिशन अंतर्गत समुदाय स्तरीय हित ग्राहियों का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पेयजल स्वच्छता प्रमंडल व भारत सरकार द्वारा चयनित एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (रांची) के सहयोग से करकट स्थित होटल लक्ष्मी के सभागार में आयोजित हुई। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता जितेन्द्र कुजूर एवं सहायक अभियंता राजेश कुजूर, कनीय अभियंता विरेंद्र कुमार सिंह अन्य प्रशिक्षकों ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। मौके पर कार्यपालक


उद्घाटन करते अधिकारी।

अभियंता ने सभी प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्य की जानकारी दी। साथ ही जल जीवन मिशन में जल सहिया, मुखिया एवं समुदाय के लोगों की भूमिका के बारे में बताया। साथ ही योजनाओं को अपनाने में एवं रख रखाव तथा संचालन में उनकी महत्वपूर्ण योगदान पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। बैठक में जल जीवन मिशन क्या है, क्यों आवश्यक है। जल जीवन का मुख्य उद्देश्य क्या है, एवं जल जीवन मिशन में महिलाओं की भूमिका क्या है इन सब बातों पर चर्चा की गयी। मौके पर जिला समन्वयक विश्वनाथ सोनी, नरोत्तम कुमार, जल गुणवत्ता प्रबंधक प्रियंका कुमारी, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक, सोशल मोबिलाइजर, जल सहिया, मुखिया प्रखंड मोबलाइजर, आईएसए के प्रतिनिधि तथा एक्शन फॉर कम्युनिटी इंपावरमेंट के कार्यकर्ता विजयेंद्र प्रताप व राहुल कुमार मौजूद थे।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Letter No. - 2009 Date:19.11.2022

**NOTICE FOR WALK IN INTERVIEW FOR**
**APPOINTMENT OF NON TEACHEING STAFF ON CONTRACTUAL BASIS**

**In the light of advertisement No. 1243, dated 02.08.2022 regarding appointment of non-teaching staff on contractual basis which was earlier cancelled due to unavoidable reason now again requires/invites the application for appointment of non-teaching staff on contractual basis keeping the all terms & condition remain constant against our earlier advertisement published in this regard.**

**A Walk-in Interview will be Conducted in the School Premises for the recruitment of Non-Teaching Staff as Contractual Basis for the period of 11 Months. Interested Candidates may appear for the interview as per the given details:**

1. **SCHEDULE OF REGISTRATION FOR WALK IN INTERVIEW**:

| Post | Date of Interview | Registration | Interview |
|---|---|---|---|
| Accounts Clerk – 01 Post | 26.11.2022 | 09:45 AM to 10:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |
| Store Keeper – 01 Post | 27.11.2022 | 09:45 AM to 10:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |
| Computer Operator cum Typist – 01 Post | 27.11.2022 | 09:45 AM to 10:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |

**Venue: Netarhat Residential School, Netarhat.**

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Cum – Member Secretary
Netarhat Vidyalaya Samiti
Netarhat

स्पीड न्यूज

## ट्रेन से कटने से एक की मौत

**बेरमो/गोमिया।** रोजी रोटी की तलाश में केरल गए बोकारो जिले के तेनुघाट ओपी क्षेत्र के एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह महलीबांध गांव का रहने वाला था। इसकी सूचना मिलने के बाद परिवार का बुरा हाल हो गया है। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी देवा रजवार (53 वर्षीय) अपने ही गांव के कुछ युवकों के साथ बीते मंगलवार को रोजगार के लिए केरल गया था। शुक्रवार की सुबह सभी केरल पहुंचे थे।बताया जाता है कि केरल पहुंचने पर देवा रजवार दोपहर में नहाने के बाद टहलने निकल गया। इस दौरान वह रेल के पटरी पर चलने लगा। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई।सूचना मिलते ही केरल जीआरपी पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए अस्पताल भेज दी। उसके साथ गये लोगों ने बताया कि इस बात की जानकारी पुलिस ने ही उन्हें दी है।देवा रजवार की मौत की खबर से पूरा गांव शोकाकुल है। परिजनों का भी रो.रोकर बुरा हाल है। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है।

## महामहिम राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**बोकारो।** राज्य के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस कुछ समय के लिए पेटरवार स्थित फारेस्ट गेस्ट हाउस में पड़ाव किए जहां उपायुक्त कुलदीप चौधरीए पुलिस अधीक्षक चंदन झा समेत अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पूर्व उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चंदन झा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।उल्लेखनीय हो किए महामहिम राज्यपाल झारखंड रमेश बैस अपने देवघर यात्रा के दौरान यहां कुछ समय के लिए रूके थे। इस मौके पर जिला व अनुमंडल स्तर के कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ढोरी क्षेत्र में हुआ 19 लाख टन कोयले का उत्पादन



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र मे 18 नवंबर तक 19 लाख टन कोयला का उत्पादन हुआ। इस अवधि में 62 लाख घन मीटर से ओवरबर्डन का रिमूवल हुआ। जबकि 23 लाख टर्न कोयले का डिस्पैच हुआ। इस अवधि में सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि कोयले का डिस्पैच हुआ। शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त था। जिसके कारण ढोरी क्षेत्र को करोड़ों की मुनाफा हुई । ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक एमके अग्रवाल ने बताया कि मौसम अनुकूल है और भूमि समस्या के निराकरण का तेजी से प्रयास चल रहा है जिससे कोयले का उत्पादन में तेजी आएगी। कहा कि मेन और मशीन क्षमता का भरपूर उपयोग हो रहा है। क्षेत्र में टीमवर्क से काम हो रहा है जिससे उत्पादन रफ्तार पकड़ रही है।

## बच्चों के विवाद में एक के परिजन ने बस रुकवा किया अभद्र व्यवहार

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के रीजनल अस्पताल कॉलोनी के समीप स्कूली बच्चों की मनमुटाव और झगड़े में एक परिवार ने शिवांगी नाम की छात्रा को मारापीटाए गाली.गलोच और भला.बुरा कहा गया। मारपीट का आरोप मंजीत सिंह के परिवार पर लगा है। आरोप है की स्कूल बस को रुकवा कर मारपीट की गई। इस मारपीट के बाद सारी स्कूली छात्राए डरी.सहमी हुई थी।डीएवी ढोरी स्कूल बस से जुड़ा हुआ बताया जाता है मगर इस बात का पता नहीं चल पाया कि यह घटना के पिछे का कारण क्या था। बहरहाल बच्ची मे अगर आपस में कोई विवाद या मन मुटाव हो जाये तो विधालय प्रबंधन और बच्चियों के अभिभावक दोनो बच्चियों को समझा बुझाकर मामले को रफा.दफा कर दे नाकि अपनी बच्ची की शिकायत पर परिजन दुसरी बच्ची के साथ अभद्र व्यवहार करे यह कही से भी न्याय संगत प्रतित नही होता।

# भू-धंसान की चपेट में आया शिव मंदिर

## जोरदार आवाज के साथ सौ फीट में पड़ गया दरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/बलियापुर।** अलकडीहा में पहाड़ी गोड़ा नेपाली धावड़ा के पीछे शनिवार 19 नवंबर को तड़के शिव मंदिर समेत करीब 100 मीटर के दायरे में अचानक जमीन धंस गई। भू धंसान के बाद आसपास लोगों के बीच दहशत फैली हुई है। शिव मंदिर लगभग1 फीट नीचे धंस कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। आसपास की जमीन में दरारें पड़ गई है। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लोग कुछ बोलने को भी तैयार नहीं हैं। माहौल अनुकूल नहीं होने के कीरण पत्रकार भी घटनास्थल पर जाने से परहेज कर रहे थे। घंटों बाद कोई पदाधिकारी भी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा।



### सीओ की चुप्पी पर बड़ा सवाल

जानकारी के लिए बलियापुर सीओ रामप्रवेश कुमार को कई बार फोन किया गया, मगर उन्होंने फोन नहीं उठाया। कार्यालय जाने पर भी उनसे मुलाकात नहीं हुई। बता दें कि पिछले दिनों मंदिर के समीप जंगल में बलियापुर सीओ ने छापामारी की थी और 300 टन अवैध कोयला जब्त किया था। बावजूद उसी जगह पर फिर अवैध उत्खनन और सीओ सहित अधिकारियों की चुप्पी से सवाल खड़ा हो रहे है।

### तस्करों के संरक्षण में होता है अवैध खनन

सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल के आसपास कोयला खनन के लिए आधा दर्जन से अधिक मुहाने बनाए गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ कोयला तस्करों के संरक्षण में बिहार, बंगाल आदि जगहों से लाए गए मजदूरों से अवैध खनन कराया जाता है। घटना के वक्त भी लोग कोयला खनन में जुटे थे। जमीन धंसने के बाद हड़बड़ी में कोयला से भरी सैकड़ों बोरियों को हटा दिया गया। कुछ बोरियों को मुहाने में ही डालकर बंद कर दिया गया।

## थाना से कुछ ही दूरी पर चल रहे हैं अवैध माइंस

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जहां एक और बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने दिनांक 12 नवंबर को आकाश की नारी के कार्यक्रम में दावा किया कि बीसीसीएल में कोयले का उत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है । वहीं दूसरी और भारत की मिनी रत्न कंपनी में कोयले का लुट देखना है तो चले आइए जिले के बाघमारा अनुमंडल स्थित रामकनाली ओपी क्षेत्र में जहां दिनदहाड़े अंबे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड से कोयले की लूट हो रही है। कई अवैध मांईस चलाए जा रहे हैं। रामकनाली ओपी क्षेत्र में चलने वाले अंबे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड जो बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या चार में पढ़ता है जहां सैकड़ों महिला पुरुष एवं बच्चे सिंडिकेट के कहने पर माइंस से कोयले की ढुलाई करते रहते हैं । कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है ,और दर्जनों लोग हताहत हो सकते हैं। लेकिन क्या है ना कि एक कहावत है कि कानून की आंखों पर पट्टी बंधी रहती है तो उसी तरह से रामकनाली ओपी क्षेत्र के प्रभारी के आंखों पर भी पट्टी बंधी हुई है। जबकि बीसीसीएल के द्वारा प्रति माह करोड़ों रुपए कोयले की सुरक्षा एवं कोलवरियो की रक्षा के लिए प्रतिमाह को भुगतान किया जाता है। इसके बावजूद भी रामकनाली ओपी क्षेत्र से दिनदहाड़े कोयले की लूट हो रही है और बहुतसीसीएल को भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस के द्वारा समय-समय पर कोरम पूरा करने के लिए छापामारी की जाती है। पिछले दिनों कलाली फाटक की स्थिति कुमारपट्टी के पीछे बंद खदान में पुलिस के द्वारा छापेमारी कर खदान बंद करा दिया।

## सिंदरी में मनायी गई इंदिरा गांधी की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न लौह महिला स्व इंदिरा गांधी की 105 वीं जयंती सिन्दरी नगर कॉंग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में इंटक कार्यालय में शनिवार को मनाई गई। इस मौके पर उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ कॉंग्रेसी नरेंद्र शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के जनहित व देशहित में किए गए कार्य उल्लेखनीय है। बैंकों का राष्ट्रीयकरण, कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण सहित राजा महाराजाओं की पदवी को समाप्त करने का काम उन्होंने किया था। परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र का निर्माण, नौजवानों को रोजगार के लिए पब्लिक सेक्टर यूनिट का निर्माण कार्य उनके कार्यकाल में संपन्न हुआ। बांग्लादेश का अलगाव भी उनके कार्यकाल का हिस्सा रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वनाथ प्रसाद सिंह, विदेशी सिंह, अंगरा हित दुबे, रघुनाथ सिंह, चंद्रशेखर झा, ओमप्रकाश सिंह, मनोहर श्रीवास्तव, मुन्ना पाण्डेय, गुडले कुंवर, सत्यदेव सिंह, लल्लन ठाकुर शामिल रहे।



### डिस्ट्रिक्ट लेवल एंपावर्ड कमेटी की बैठक

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता सादात अनवर ने डिस्ट्रिक्ट लेवल एंपावर्ड कमेटी की बैठक की। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती प्रबल खेसएजिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलमए प्रभारी पदाधिकारी विधिक शाखा मनीषा वत्सएसरकारी अधिवक्ता सहायक सरकारी अधिवक्ता आदि उपस्थित थे।बैठक में अपर समाहर्ता ने उच्च न्यायालय में विचाराधीन वादोंए नीलाम पत्र वादोंए पुलिस विभाग से अभियोजन की कार्रवाई पर समीक्षा विस्तार से की।

## समन्वय समिति के सदस्य ने सीएम का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** झारखंड राज्य समन्वय समिति सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने रांची पहुंचकर झारखंड सरकार द्वारा गठित झारखंड राज्य समन्वय समिति में सदस्य नियुक्त करने एवं राज्य मंत्री का दर्जा दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट कर आभार जताया। श्री महतो ने मुख्यमंत्री से कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ खरा उतरूंगा। इधर रामगढ़ विधायक ममता देवी एवं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बुके भेंट करते हुए राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त श्री महतो को शुभकामनाएं दी। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने भी राज्यमंत्री बने योगेंद्र महतो एवं राजेश ठाकुर को बुके भेंट करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी है। विधायक ममता एवं अंबा ने कहा कि झारखंड राज्य समन्वय समिति के गठन होने से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य चौतरफा विकास और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।

## तालडांगा हाउसिंग कालोनी में इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के तालडांगा हाउसिंग कालोनी स्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेश चंद्र झा के आवासीय कार्यालय में चिरकुंडा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गैरूल हसन की अध्यक्षता में भारत रत्न से सम्मानित भारत की एक मात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं इन्दिरा गांधी की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर सुरेश झा ने कहा कि त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ती इंदिरा गांधी ने अपनी प्रतिभा से देश को प्रगति पथ पर लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होने शिमला समझौता करते हुए शांति की दिशा में एक और कदम उठाकर गुट निरपेक्ष आंदोलन की अध्यक्ष निर्वाचित होकर विश्व में भारत के गौरव को बढ़ाया।हम सभी कांग्रेसजनो को उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके सपनो को साकार करने का काम करना चाहिए।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर गैरूल हसन,मो अमिरूल्लाह, नागेन्द्र कुमार सिंह, शशि भूषण नाथ तिवारी, हरदेव मंडल, अरून सिंह, परमानंद सिंह, मोती पासवान, धरम महतो, शंकर गुप्ता, नकुल मोदी, छाया दास, निशिकांत मिश्रा, मंतोष यादव, अशोक शर्मा, श्यामा कांत मिश्रा, विनय सिंह, महादेव मिश्रा,मंगरू खान, विकास पाण्डेय, भोला दास, प्रो सूर्यनारायण पाठक, राजन साव आदि थे।

## बीएसएल को मिला गोल्ड अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** इंडोनेशिया क्वालिटी मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा जकार्ता में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्यूसी सर्किल्स में बोकारो स्टील प्लांट की दो क्यूसी टीमें ओजी एवं सीबीआरएस विभाग की क्यूसी संख्या.404 ;प्रोग्रेसिवद्ध एवं सिंटर प्लांट की क्यूसी संख्या.200 ;परखद्ध ने ऑनलाइन मोड में तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एंड ऑटोमेशन विभाग की क्यूसी संख्या.252 ;प्रगतिद्ध ने ऑफलाइन मोड में सम्मेलन में भाग लिया था। इस कन्वेंशन में क्यूसी संख्या.404 ;प्रोग्रेसिवद्ध ने अपनी परियोजना श्टाटा मेक 2518 मॉडल डम्पर प्लेसर के हाइड्रोलिक लिफ्टिंग बूम हैंगिंग शाफ़्ट का मोडिफिकेशनश्ए क्यूसी संख्या.200 ;परखद्ध ने अपनी परियोजना श्आयरन ओर फाइन्स में मिश्रित बोल्डर के कारण सिंटर मशीन के स्टोपेज को कम करनाश तथा क्यूसी संख्या.252 ;प्रगतिद्ध ने अपनी परियोजना श्शॉट स्ट्रिप मिल साइट के जीएमबीएस के सीवी एनालाईजर में ऑटो ड्रेन सिस्टम का क्रियान्वयनश को प्रस्तुत किया था।संचार प्रमुख मणिकांत धान के अनुसार श्गुणवत्ता प्रयासों से बेहतर निर्माणश की थीम पर आयोजित इस कन्वेंशन में चीनए भारतए बांग्लादेशए जापानए कोरियाए मलेशियाए इंडोनेशियाए हांगकांगए सिंगापुर जैसे 14 देशों की क्वालिटी सर्किलए सिक्स सिग्मा टीमए इनोवेशन टीम आदि ने भाग लिया था जिसमें बोकारो स्टील को स्वर्ण पुरस्कार मिलना गौरव की बात है।

## बच्चों ने क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक को बांधा फ्रेंडशिप बैंड

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालयए भारत सरकार द्वारा संचालित परियोजना चाइल्डलाइन 1098 द्वारा पूरे भारतवर्ष में चाइल्डलाइन से दोस्ती का सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न अधिकारियों को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर अधिकारियों से दोस्ती कर रहे हैं। आज रेलवे चाइल्डलाइन बोकारो द्वारा चाइल्डलाइन से दोस्ती अभियान का आयोजन स्टेशन प्रबंधक सभाकक्षए रेलवे स्टेशन बोकारो में किया गया जहां बच्चों ने क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधकए स्टेशन प्रबंधकए सीआईए सीटीआईए सीबीएसए एसएसए एसआईबीए आरपीएफ एवं अन्य अधिकारियों को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर दोस्ती की गई। रेलवे चाइल्डलाइन समन्वयक प्रभाकर झा ने चाइल्डलाइन से दोस्ती अभियान के उद्देश्य के बारे में चर्चा की। रेलवे चाइल्डलाइन बोकारो द्वारा स्टेशन परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न अधिकारी एवं यात्रीगण अपना हस्ताक्षर कर बच्चों के प्रति हो रहे हिंसा को रोकने में चाइल्डलाइन की मदद करने के लिए संकल्पित हुए।

## डीपीएस के छात्र ने एनडीए में प्राप्त की सफलता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के छात्र जयदीप घोष का चयन एनडीए ;नेशनल डिफेंस एकेडमीद्ध के 149वें बैच में हुआ है।कुल 519 अभ्यर्थियों में जयदीप ने अखिल भारतीय स्तर पर 211वां रैंक प्राप्त किया। इस बैच में चयनित होने वाला जयदीप पूरे झारखंड से एकमात्र अभ्यर्थी बताया जा रहा है। उसने एनडीए में एयरफोर्स चुना था और संभवतः जनवरी 2023 के प्रथम सप्ताह में उसे जॉइनिंग लेटर मिलेगा।

# विश्व शौचालय दिवसः स्कूल में हुआ स्वच्छता दौड़

## नेहरू हाई स्कूल स्वांग के बच्चों ने लगाई दौड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** शनिवार विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के सीएसआर विभाग के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभागए तेनुघाट के सहयोग से नेहरू हाई स्कूल, स्वांग के छात्रों . छात्राओं के बीच स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित स्वच्छता दौड़ प्रतियोगिता मे प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण किया गया। सभी विद्यार्थियों के बीच सबसे स्वच्छ ड्रेस एवं वेशभूषा के आधार पर सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ विद्यार्थी को भी पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम के अंत में नेहरू हाई स्कूल स्वांग के छात्र छात्राओं को सीसीएल कथारा क्षेत्र के सीएसआर के अंतर्गत खेलकूद का सामग्री भी उपलब्ध कराया गया जिसमें छात्रों को क्रिकेटएबैट ए फुटबॉल ए फुटबॉल नेट एवॉलीबॉलए कैरम शतरंजए रस्सी कूद इत्यादि दिया गया।

### सीएसआर के तहत हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम का आयोजन सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री हर्षद दातार के निर्देश पर सीएसआर अधिकारी श्री चंदन कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वांग दक्षिणी के पूर्व मुखिया श्री धनंजय सिंह ए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्री मनोज कुमारए कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ श्री अनिरुद्ध कुमारए नेहरू हाई स्कूल की प्राचार्या श्रीमती तारामणि कच्छप एवं शिक्षिका श्रीमती रश्मि जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पूर्व मंत्री डॉ सब्बा अहमद के निधन पर दीप नारायण सिंह ने शोक व्यक्त किया

**कतरास।** शनिवार को पूर्व मंत्री बिहार , पूर्व डिप्टी स्पीकर झारखंड एवं पूर्व विधायक टुण्डी डॉ सब्बा अहमद का निधन आज सुबह दिल्ली स्थित एक अस्पताल में हो गया। डॉ अहमद ने सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर अंतिम सांस ली। सुचना पारकर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने उनके परिजनों से बात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। डॉ सब्बा अहमद के निधन पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि डॉ सब्बा अहमद एक अच्छे इंसान थे।वे लंबे समय तक टुंडी के गांव- गरीब, मजदूर -किसान भाईयों का सेवा करते रहे। उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है।शोक व्यक्त करने वालों में अशोक कुमार दास, शिव लाल हेंब्रम, त्रिवेणी सिंह, सब्बीर अंसारी, सुभाष सिंह, इम्तियाज खान, प्रिंस कुमार, पंकज कुमार सिंह, आदि मौजूद थे।

### एसम्ब्ली ऑपरेटर व एनएपीएस. हेतु भर्ती कैंप का आयोजन

**धनबाद।** नियोजनालय कुमारधुबी में शनिवार को प्रेरणा इंजीनियरिंग एज्युकेशन ग्रुप द्वारा एसम्ब्ली ऑपरेटर एवं नेशनल अप्रेंटिस प्रोमोशन स्कीम (एन.ए.पी.एस.) के पदों के लिए भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। इस संबंध में नियोजन पदाधिकारी आनन्द कुमार ने बताया कि इसमें लगभग 250 आवेदकों ने भाग लिया। नियोजक द्वारा कुल 50 आवेदकों का चयन करके ऑफर लेटर निर्गत किया गया। भर्ती कैंप में अमित कुमार, राजशेखर, किशोर कुमार सिन्हा, सोनी विलियम, मून विलियम, रणविजय कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

### 23 नवंबर को धरना प्रदर्शन को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक

**धनबाद ।** शनिवार को आगामी 23 नवंबर को झारखंड सरकार के खिलाफ धनबाद डीसी कार्यालय को धनबाद महानगर भाजपा के द्वारा आहूत विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर भाजपा कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में गौर चन्द बाउरी ने कहा कि,23 नवंबर को काफी संख्या में अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को शामिल होने के लिए आह्वान किया जिसमें मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी मौजूद थे। जहां प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह मानस प्रसुन मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ध्रुव हाडी जिला प्रभारी महेश पासवान शामिल हुए मौके पर रामजी भुईयां श्रीमंत बाउरी राजेश हाडी बलराम हाडी फुल जोशी इंद्रदेव पासवान आनंद बाउरी आशु रजवार रघु राम संजय राम पवन दास बैजनाथ बाउरी नेबु कालिंदी भोला हाडी सोना रजक सुरज हाडी विक्की कुमार अवधेश पासवान बलराम चौधरी उमेश राम विनेश भुईयां प्रमोद भुईयां राज आर्य उपस्थित थे।

### मजदूरों की समस्याओं का होगा समाधानः पीओ

- एएडीओसीएम प्रबंधन और राकोमयू प्रतिनिधिमंडल के साथ परिचयात्मक बैठक संपन्न

बेरमो। सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के एएडीओसीएम प्रबंधन के साथ शनिवार को परियोजना कार्यालय में राकोमयू प्रतिनिधियों के साथ परिचयात्मक बैठक हुई। पीओ कुमार सौरभ सिंह ने कहा कि प्रबंधन और मजदूर के बीच यूनियन पुल का काम करती है। मजदूर कंपनी के अंग हैए उनकी सुविधाजनक का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व है। मजदूरो के सभी समस्या निदान किया जाऐगा। उन्होंने कहा कि श्रमिक संगठन के लोगो कामगारो के साथ मिलकर काम करने से ही कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। क्षेत्रिय अध्यक्ष गिरजा शंकर पांडे ने कहा कि कॉलोनियों मे जिन क्वार्टर की हालत काफी जर्जर हो गई है। उसकी अविलंब मरम्मत कराई जाए। जिन आवासों में तारफेल्टिंग और सीढी के काम नहीं हुए है वहा काफी परेशानी है। कायाकल्प के तहत जिन क्वार्टरो का आधा अधूरा काम किया गया है उसे जल्द पूरा किया जाए। कॉलोनी और माइंस मे नियमित शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था की जाए। खदानों में पर्याप्त मात्रा में लाइटिंग की व्यवस्था की जाए। कंपनी के नियमानुसार कामगारों को पदोन्नति आदि मांगों को विस्तार पूर्वक रखा। मौके सीनियर मैनेजर संतोष कुमारए कार्मिक प्रबंधक ए के मिश्राए पीई ए के दासए फाइनेंस ऑफिसर संदीप झाए पीई बिट्टू कुमारए सहित यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष हरेंद्र सिंहए एरिया सचिव शिवनंदन चौहानए शाखा अध्यक्ष जयराम सिंहए सचिव गणेश मल्लाह सहित साधु बाउरीएश्रीकांत मिश्राए के के दूबेए महफूज आलमए परवेज अख्तरए उत्तम सिंहए जितेंद्र चपियाएअमरेंद्र कुमारए ईश्वर रविदासएआनन्द विश्वकर्माए मनोज पानी ग्राही एनाजीरएअजीत सिंहए आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### कई घाटों से ...

नतीजा, अभी भी संवेदक प्म्रि बंगाल से ही बालू की आपूर्ति कर रहे हैं। स्टॉकिस्ट भी बालू आपूर्ति कर रहे है।

15 अक्टूबर को हटी रोक : एनजीटी की ओर से हर साल मई से लेकर अक्टूबर तक एनजीटी की रोक बालू उठाव पर लगती है। इस साल रोक 15 अक्टूबर को हटायी गयी। इसके बाद राज्य में 21 बालू घाटों में बालू खनन की अनुमति दी गयी।

कीमतों में दस से पंद्रह हजार का इजाफा : बालू पर लगी रोक से लेकर घाटों के नीलाम नहीं होने के कारण, अब राज्य में बालू की कीमतों में इजाफा बढ़ता जा रहा है। संवेदकों की मानें तो वर्तमान में 30 से 35 हजार प्रति हाइवा बालू की आपूर्ति की जा रही है, जबकि स्थिति सामान्य होने पर प्रति हाइवा कीमत 20 से 25 हजार होती।

### चक्रधरपुर के दो...

घटना की खबर पाकर चक्रधरपुर के डीआरएम अरूण जातोह राठौर रेलवे अस्पताल पहुंच घटना की जानकारी ली एवं दुख जताया। डीआरएम के साथ अन्य वरीय रेल अधिकारी भी अंतिम दर्शन को रेलवे अस्पताल पहुंचे थे। रेल कर्मियों के अनुसार लोको पायलट दिलीप सहाना जब मालगाड़ी चेक कर रहे थे तो तेज रफ्तार में गुजर रही हावड़ा मुंबई मेल सुपरफास्ट एक्सप्रेस की चपेट में सबसे पहले आए, इस बीच सहायक लोको पायलट मोहम्मद अफसर आलम उन्हें बचाने गए तो वे भी ट्रेन की चपेट में आ गए, इससे दोनों की मौत हो गई। दोनों के शव को सबसे पहले चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल लाया गया। दिन के करीब 11 बजे दोनों के शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में किया गया। जिसके बाद परिजन शव लेकर पैतृक गांव की ओर रवाना हो गये। टीके साहाना पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा मो अख्तर आलम बनपुर के रहने वाले थे।

### सीएम सारथी योजना...

यह लाभार्थियों के लिए पुर्णतः निःशुल्क होगा। प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। लाभार्थियों की बॉयोमैट्रिक हाजिरी ली जायेगी। इसी तरह दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र से उम्मीदवारों को गहन तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के साथ ऑन जॉब ट्रेनिंग दिया जायेगा। इसमें न्यूनतम 576 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं 12वीं पास छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है, ताकि वे उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके। इसमें ऑफिस ऑपरेशन व फील्ड सर्वे का कोर्स रहेगा। प्रखंड स्तर पर भी ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया जायेगा। वहीं स्पेशल प्रोजेक्ट से भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रखंड स्तर पर प्रखंड भवनों का उपयोग ट्रेनिंग दिया जायेगा। रोजगार परक कॉरपेंटर, हार्डवेयर, प्लंबर सहित कई विषयों पर स्किल डेवलपमेंट किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## नकली दान और नकली नॉन प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन आतंक के लिए पैसों के सोर्स



**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा है कि नकली दान और नकली नॉन प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन आतंक के लिए पैसों के सोर्स बन गए हैं। 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ लगातार और मिलीजुली कोशिशों के बिना सफल नहीं हो सकती। आतंकवाद के खतरे से लड़ने के लिए इंटरनेशनल कम्यूनिटी का साथ आना महत्वपूर्ण है।

## रिटायर्ड आइएएस अरुण गोयल बने चुनाव आयुक्त

**नयी दिल्ली।** रिटायर्ड कफसर अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस फैसले पर अपनी मंजूरी दे दी है। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया कि अरुण गोयल को तत्काल प्रभाव से पद संभालना होगा। वे 1985 बैच के अधिकारी हैं।

## शीतकाल के लिए बंद हुए बदरीनाथ के कपाट

**जोशीमठ (चमोली)।** बद्रीनाथ धाम के कपाट शनिवार को अपराहन 3 बजकर 35 मिनट पर विधि विधान से शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। धाम के कपाट बंद होने के मौके पर करीब 10000 तीर्थ यात्रियों ने बद्रीनाथ धाम की अंतिम पूजाओं में प्रतिभाग किया।

## मोस्ट वांटेड आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा की पाकिस्तान में मौत

**कराची।** मोस्ट वांटेड आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा की शनिवार शाम पाकिस्तान में मौत हो गई। रिंदा का पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला का मर्डर कराने वाले लॉरेंस गैंग से ताल्लुक था। लॉरेंस के एंटी बंबीहा ग्रुप ने रिंदा की मौत की जिम्मेदारी ली है।

## नवलखा को नवी मुंबई पुलिस के हवाले किया

**मुंबई।** भीमा कोरेगांव हिंसा के आरोपी गौतम नवलखा को तलोजा जेल से बाहर लाकर नवी मुंबई पुलिस के हवाले किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें हाउस अरेस्ट किया जाना है।

## जेलेंस्की से कीव में मिले ऋषि सुनक

**कीव।** रूस से जारी युद्ध के बीच अब ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने भी कीव का दौरा किया है। उनका यह दौरा पीएम पद ग्रहण करने के 24 दिन बाद ही आया है।

### पीएफआइ का नाम लिए बिना गृह मंत्री ने साधा निशाना

# कट्टरता फैलाने वालों को नहीं छोड़ेंगे : अमित शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आतंकवाद-रोधी वित्तपोषण पर तीसरे एनएमएफटी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एक प्रभावी दीर्घकालिक और ठोस लड़ाई के बिना, भयमुक्त समाज और भयमुक्त दुनिया का अस्तित्व सोच ही नहीं सकते हैं।

आतंकवाद ने आज एक ऐसा विकराल रूप धारण किया है, जिसका प्रभाव हर स्तर पर हमें दिखाई पड़ता है। आतंकवाद, लोकतंत्र, मानव अधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के खिलाफ सबसे बड़ा नासूर है। इसे हमें जीतने नहीं देना है। अमित शाह ने कहा, हमें आतंकवाद और आतंकी गुटों के खिलाफ



भौगोलिक क्षेत्र और वर्चुअल में लड़ना होगा। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां कुछ संगठन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। ये संगठन आतंकवाद का वित्त पोषण भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कोई भी देश या संगठन कितना भी शक्तिशाली क्यों ना हो, आतंकवाद को अकेले नहीं लड़ा सकता। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इसके खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा।

**पीएफआइ पर निशाना**

अमित शाह ने पीएफआइ का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि सामाजिक गतिविधियों की आड़ में कट्टरता फैलाने वाली संस्था के खिलाफ भारत ने कड़ी कार्रवाई की है। दूसरे देशों को भी ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए। कुछ देशों ने आतंकवाद को अपनी नीति बनाई है ऐसा नहीं होना चाहिए। अमित शाह ने कहा, नारकोटिक्स और क्रिप्टो करेंसी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, दुनिया भर के क्रिमिनल 2 से 3 ट्रिलियन डालर की लांड्रिंग करते हैं जिसमें आतंकवाद प्रमुख है। नॉन प्रॉफिट आगेनाईजेशन का टेरर फंडिंग में इस्तेमाल किया जा रहा है, इसे रोकना होगा। टेरर फाइनेंसिंग के सभी पहलुओं से मुकाबला करना होगा। मंत्री ने कहा, एनएमएफटी के स्थाई सचिवालय को स्थापित करने का समय आ गया है जल्द इसपर निर्णय ले लिया जाएगा। शाह ने आतंक पर लगाम लगाने के लिए कहा कि ट्रेस, टारगेट और एलिमिनेट करने के लिए व्यापक फ्रेमवर्क तैयार करना होगा। इसके अलावा टेरर फाइनेंस के तरीकों को रोकना होगा। नेक्स्ट जेनेरेशन टेक्नीक आतंक के लिए इस्तेमाल होती है इसे रोकना है। पीएम मोदी की सरकार सभी आतंकी पहलुओं से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सात दिसंबर से शुरू होगा शीतकालीन सत्र

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा। सूत्रों ने बताया कि संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होकर 29 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 17 बैठकें होंगी। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र पुराने संसद भवन में ही आयोजित किया जाएगा। आमतौर पर नवंबर महीने के मध्य या अंत में शीतकालीन सत्र की शुरूआत होती है, लेकिन गुजरात विधानसभा चुनाव और दिल्ली में नगर निगम के चुनाव के कारण इस बार संसद का संसद सत्र करीब 1 हफ्ते की देरी से शुरू होगा।

## श्रद्धा हत्याकांड : आफताब के घर से श्रद्धा के कपड़े और हथियारनुमा चीज मिली

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है। नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब सामने आया है कि श्रद्धा हत्याकांड में आरोपी ने हेवी शार्प कटिंग वेपन्स का इस्तेमाल किया था। श्रद्धा हत्याकांड मामले में आफताब ने घर से कई अहम सुराग बरामद करवाए हैं। आफताब की निशानदेही पर पुलिस को घर से हथियार नुमा चीज मिली है। आफताब के घर से कपड़े भी बरामद हुए है।

### पीएम ने अरुणाचल में किया एयरपोर्ट का उद्घाटन

## मोदी बोले, हमारा काम अटकाना लटकाना, भटकाना नहीं...



एजेंसी

**ईटानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। ये अरुणाचल का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है, जिसका नाम डोनी पोलो एयरपोर्ट है। इटानगर में बना ये एयरपोर्ट 640 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने ईटानगर में 600 मेगावाट का कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। मोदी ने कहा जनता जानती है कि हम एक कार्य संस्कृति लेकर आए हैं, जहां जिन परियोजनाओं का हमने शिलान्यास किया है, उनका उद्घाटन भी करते हैं। हमारा काम अटकाना, लटकाना, भटकाना नहीं है, इसका युग चला गया है।

**राजनीतिक टिप्पणीकारों के मुंह पर तमाचा :** उन्होंने कहा, '2019 में जब मैंने इसका शिलान्यास किया, तब चुनाव होने वाले थे। कई राजनीतिक टिप्पणीकारों ने शोर मचाया कि कोई एयरपोर्ट नहीं बनने वाला है। मोदी वोट के कारण पत्थर खड़ा कर रहे हैं। आज का उद्घाटन उनके मुंह पर तमाचा है।'

**अटल जी की सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास का प्रयास किया**

आजादी के बाद पूर्वोत्तर एक अलग युग का गवाह बना। दशकों तक क्षेत्र उपेक्षा का शिकार रहा है, जब अटल जी की सरकार आई तो पहली बार इसे बदलने का प्रयास किया गया।

यह पहली सरकार थी जिसने पूर्वोत्तर के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया।

## भारत फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर : धनखड़

**झुंझुनू।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि विवेकानंद का भारत में विविध एकता का एक सपना था जो वर्तमान समय में साकार हो रहा है। धनखड झुंझुनू जिले के खेतड़ी से विवेकानंद संदेश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह संदेश यात्रा 50 दिन में पूरे प्रदेश में भ्रमण करेगी। धनखड़ ने कहा कि देश के सांस्कृतिक मंत्रालय की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेतड़ी से शुरू की जा रही विवेकानंद संदेश यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## आप बन गयी है स्पा और मसाज पार्टी: भाजपा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) के सजायाफ्ता नेता सतेंद्र जैन का जेल के भीतर मसाज कराने का वीडियो लीक होने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर करारा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि 'आप' स्पा और मसाज पार्टी हो गयी है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सीएम पर हमले किये और कहा कि कहां हैं केजरीवाल वीडियो पर अब केजरीवाल जी को सांप क्यों सूंघ गया है? जेल में ऐसा वीवीआईपी कल्चर बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि आप अब एक मसाज और स्पा पार्टी बन चुकी है जहां सबसे भ्रष्ट लोगों को



पनाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी में भ्रष्टाचार अनियंत्रित हो चुका है। 'आप' ने भ्रष्टाचार और वीवीआईपी कल्चर खत्म करने के नाम पर ही इस पार्टी को खड़ा किया था और आज उसका ही एक भ्रष्ट नेता जेल में तमाम तरह की सुविधाएं भोग रहा है। वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तुरंत सत्येंद्र जैन के पक्ष में सामने आए। उन्होंने कहा कि जैन बीमार हैं और डॉक्टरों की सलाह पर फिजियोथैरेपी ले रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि तिहाड़ के वीडियो लीक कैसे हुए और भाजपा के पास कैसे पहुंचे। साथ ही उन्होंने भाजपा की तरफ से जैन की बीमारी का इस तरह मजाक बनाने को शर्मनाक बताया।

## इंदिरा के कार्य बन रहे हैं देश की प्रगति में मील के पत्थर : सोनिया

**नयी दिल्ली।** इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जो उल्लेखनीय काम किये वह देश की प्रगति में मील के पत्थर साबित हो रहे हैं। सोनिया गांधी ने इंदिरा गांधी पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शांति निरस्त्रीकरण और विकास के लिए दिये जाने वाले इस पुरस्कार की शुरूआत 1985 में की गई थी और तब से इस सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले प्रतिष्ठित लोगों और संस्थानों को दिया जाता रहा है।

## दिग्गज अदाकारा तबस्सुम का कार्डिएक अरेस्ट से हुआ निधन

हिंदी सिनेमा से एक दुखभरी खबर सामने आई है। सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकारा तबस्सुम गोविल ने इस दुनिया को हमेशा-हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। अभिनेत्री 78 वर्ष की थीं। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम दिल का दौरा पड़ने की वजह से उनका निधन हुआ है। वह अपने शो 'फूल खिले हैं गुलशन गुलशन' के लिए लोकप्रिय थीं।



**कैसे हुई सिनेमा में शुरूआत**

तबस्सुम गोविल सिनेमा जगत में कभी किसी पहचान की मोहताज नहीं रहीं। उनका जन्म 9 जुलाई 1944 को अयोध्या से हुआ था। उनके पिता अयोध्यानाथ सचदेव और असगरी बेगम स्वतंत्रता सेनानी थे। हालांकि, अभिनेत्री की पढ़ाई-लिखाई मुंबई में हुई। दावा किया जाता है कि तबस्सुम ने बहुत छोटी उम्र में ही फिल्मी दुनिया में कदम रख दिया था। वह जब पहली बार स्क्रीन पर आई थीं तब वह महज तीन साल की थीं। साल 1947 में रिलीज हुई फिल्म 'मेरा सुहाग' में उन्होंने बाल कलाकार की भूमिका निभाई थी। तबस्सुम ने फिल्म 'दीदार' में नरगिस के बचपन का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों को जीत लिया था। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आईं।

**एक टीवी शो ने दिलाई पहचान :** सिनेमा के अलावा तबस्सुम का नाम टीवी की दुनिया में भी काफी ऊपर रहा है। उन्होंने पहले भारतीय टेलीविजन टॉक शो 'फूल खिले हैं गुलशन गुलशन' की शुरूआत की। इस शो में वह सिनेमा जगत से जुड़े लोगों से खास बातचीत करती थीं। अभिनेत्री के इस शो को ढेर सारा प्यार मिला था। इसी वजह से यह शो दूरदर्शन पर एक या दो नहीं बल्कि पूरे 21 साल तक प्रसारित हुआ था। इस शो की शुरूआत साल 1972 में हुई थी और यह 1993 तक चला था।

## पटना विवि छात्र संघ चुनाव में फायरिंग, जमकर हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए मतदान के दौरान जमकर हंगामा हुआ। वोटिंग से थोड़ी देर पहले पटना कालेज के गेट पर पांच से छह राउंड फायरिंग होने से दहशत फैल गई। गोली चलाने का आरोप पटेल छात्रावास में रहने वाले लड़कों पर लग रहा है। वारदात में कुछ छात्र घायल भी हुए हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू हुआ, जो दोपहर दो बजे तक चला।

**पुलिस ने खदेड़ा**

पटेल छात्रावास और जैक्सन छात्रावास के बीच मारपीट और संघर्ष के दौरान यह सब हुआ है। घटनाक्रम को कवर करने गए पत्रकारों पर भी हमला कर दिया गया। एक अखबार के फोटोग्राफर का कैमरा तोड़ दिया गया। हंगामा शांत करने पुलिस पर पथराव किया गया। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा गया।

**देर रात तक आ जाएंगे नतीजे**

छात्र संघ चुनाव में कुल 24,395 छात्र-छात्राओं को मतदान का अधिकार मिला था। इनमें कितने लोगों ने मत का इस्तेमाल किया, यह थोड़ी देर में सामने आ जाएगा। पांच केंद्रीय पैनल और 26 काउंसलर पद के लिए चुनाव के नतीजे भी आज ही देर रात तक आ जाएंगे।

## बीपीएससी 67वीं मुख्य परीक्षा : 21 से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 67वीं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों के लिए बीपीएससी 67वीं मुख्य परीक्षा की अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग की ओर से बीपीएससी 67वीं मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 नवंबर, 2022 से शुरू की जा रही है। इससे पहले, बिहार लोक सेवा आयोग ने 17 नवंबर की शाम को 67वीं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी किया था। बीपीएससी द्वारा प्रारंभिक परीक्षा 30 सितंबर 2022 को आयोजित की गई थी। इसमें आयोग ने मुख्य परीक्षा के लिए 11607 उम्मीदवारों को क्वालिफाई घोषित किया था।

## फैसला : लौह अयस्क व स्टील के निर्यात पर अब ड्यूटी नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को लौह अयस्क और कई स्टील उत्पादों पर निर्यात शुल्क हटाने का फैसला किया। लौह अयस्क और स्टील वे सेक्टर हैं जहां निर्यात में कमी दर्ज की गई है।

अक्तूबर महीने में कुल निर्यात में 16% से अधिक की कमी आई है। यह लगभग 20 महीनों में आई पहली गिरावट है। सरकार ने शुक्रवार को आयरन ओर लंप्स और फाइन एंड पेलेट्स पर एक्सपोर्ट ड्यूटी खत्म करने का फैसला किया। कुछ शीर्षकों के तहत वगीर्कृत पिग आयरन और स्टील उत्पादों के निर्यात पर भी शून्य निर्यात शुल्क लगाने का फैसला लिया गया है। वहीं, एन्थ्रेसाइट/पीसीआई, कोकिंग कोल और फेरोनिकेल पर अब 2.5% का आयात शुल्क लगेगा, जबकि कोक और सेमी कोक पर 5% आयात शुल्क लगेगा।

बढ़ती महंगाई के बीच सरकार ने गर्मियों में गेहूं और स्टील के निर्यात पर अंकुश लगाया था। फिर कुछ प्रकार के चावलों के निर्यात पर रोक लगाई थी। इस महीने की शुरूआत में मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि स्टील और चावल पर लागू निर्यात प्रतिबंधों की सरकार समीक्षा कर सकती है।

नामांकन जारी है
Admission Open
BERLIN PUBLIC SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. Board New Delhi
Co-Educational
ENGLISH MEDIUM
C.B.S.E Pattern
Registration open For
PRE-NURSERY to U.K.G
Few seats are vacant from
CLASS1to VIII

## कतर और इक्वाडोर के मैच के साथ आज से शुरू होगा फुटबॉल का महाकुंभ

**फीफा विश्व कप 2022**



**दोहा।** मेजबान कतर और इक्वाडोर के मुकाबले के साथ रविवार को विश्व कप फुटबॉल का आगाज होगा। कतर के लिए विश्व कप की मेजबानी वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बढ़ाने और आधुनिकीकरण की ओर बढ़ने के प्रयास में उठाया गया कदम है। यह कतर के लिए राष्ट्रीय गौरव का क्षण है। लेकिन इस प्रतियोगिता में भाग ले रही कतर की टीम को अपनी सबसे बड़ी चुनौती से पार पाना होगा। कतर ग्रुप ए में है जहां इक्वाडोर के अलावा सेनेगल और नीदरलैंड भी शामिल हैं। फुटबॉल विश्व कप के इतिहास में 2010 में दक्षिण अफ्रीका एकमात्र मेजबान देश है जो ग्रुप चरण से आगे निकलने में विफल रहा है। ऐसे में कतर के सामने इस तरह की असफलता से बचने की चुनौती होगी। सेनेगल और नीदरलैंड की टीम काफी मजबूत मानी जाती है ऐसे में कतर के सामने रविवार को इक्वाडोर के खिलाफ जीत दर्ज करने का सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। कतर की टीम फीफा रैंकिंग में 50वें स्थान पर है जबकि इक्वाडोर की रैंकिंग 44 है। इस टूर्नामेंट के लिए कतर की टीम पिछले कई साल से तैयारी कर रही है। टीम ने इसके तहत जिसमें 2019 कोपा अमेरिका और 2021 कोनकाकैफ गोल्ड कप में शामिल होना शामिल है। इस दौरान टीम ने 2019 में एशियाई कप को जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवाया। उस महाद्वीपीय खिताब का श्रेय कोच फेलिक्स सांचेज के दिमाग को दिया गया था, जो 2017 से इस टीम के साथ जुड़े है। वह इससे पहले कतर की अंडर-19 टीम के प्रभारी थे। एशियाई कप की सफलता से हालांकि विश्व के स्मर की तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि यहां खेल अपने शीर्ष स्तर पर होगा।

## वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड फिर ढेर, ऑस्ट्रेलिया के सामने सरेंडर, सीरीज गंवाई

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को 72 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड पर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। पहला वनडे ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से अपने नाम किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 280 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 94 रन की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की टीम 38.5 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। सैम बिलिंग्स ने सबसे ज्यादा 71 रन बनाए। मिचेल स्टार्क को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इंग्लैंड की टीम नियमित कप्तान जोस बटलर के बिना मैदान में उतरी थी। उनकी जगह मोईन अली टीम की कमान संभाल रहे थे।

**ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को दूसरे वनडे में 72 रन से हराया, 2-0 की अजेय बढ़त**




## मनिका बत्रा ने एशियाई कप में जीता ऐतिहासिक कांस्य पदक



**बैंकॉक।** स्टार पैडलर मनिका बत्रा ने शनिवार को आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई कप टूर्नामेंट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास रच दिया। मैक इंडोर स्टेडियम में कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में मनिका ने विश्व नंबर छह और तीन बार की एशियाई चैंपियन जापान की हिना हयाता को 4-2 (11-6, 6-11, 11-7, 12-10, 4-11, 11-2) से हराया।

## दूसरे टी20 के लिए माउंट माउनगनुई पहुंची टीम इंडिया, पारंपरिक नृत्य से हुआ स्वागत



**माउंट माउनगनुई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश से धुल गया। अब दोनों टीमें रविवार को माउंट माउनगनुई में भिड़ेंगी। इस मैच के लिए टीम इंडिया माउंट माउनगनुई पहुंच गई है। भारत का वहां पारंपरिक नृत्य 'हाका' से स्वागत हुआ।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102
REQUIRED PRINCIPAL
Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.
Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
• Class VIII Today (Combined) ₹ 250
• Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
• Mathematics Practical ₹ 60
• Science Practical ₹ 60
• S. Science Practical ₹ 60
• Hindi Vyakaran-I ₹ 60
• English Grammar-I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
Classes VI & VII
• Class VII Today (Combined) ₹ 240
• Class VI Today (Combined) ₹ 240
• Hindi Vyakaran-I ₹ 60
• English Grammar-I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !